# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

• 3 जून 2025 मंगलवार • बोकारो संस्करण • वर्ष : 09 • अंक : 17 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित


**देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं**

1915 : ब्रिटिश सरकार ने रविंद्रनाथ टैगोर को नाइटहुड की उपाधि से नवाजा।

1918 : गांधी जी की अध्यक्षता में इन्दौर में 'हिन्दी साहित्य सम्मेलन' आयोजित हुआ और उसी में पारित एक प्रस्ताव के द्वारा हिन्दी राजभाषा मानी गयी।

1943 : संयुक्त राष्ट्र संघ ने राहत और पुनर्वास प्रशासन की स्थापना की।

1947 : ब्रिटिश राज में भारत के आखिरी वायसरॉय लॉर्ड माउंटबेटन ने भारत के बंटवारे का ऐलान किया।

1959 : सिंगापुर को सेल्फ गर्वनिंग स्टेट घोषित किया गया।

# हजारीबाग में टीएसपीसी उग्रवादियों ने मचाया तांडव

## केडी कोल परियोजना में की गोलीबारी, वाहन भी जलाए, दो नक्सली गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हजारीबाग।** हजारीबाग जिले के पगार ओपी थाना क्षेत्र अंतर्गत केरेडारी में रविवार-सोमवार की देर रात टीएसपीसी (तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमेटी) उग्रवादियों ने बड़ी वारदात को अंजाम दिया। उग्रवादियों ने केडी कोल परियोजना में काम कर रही बीजीआर कंपनी के दो स्कैनिया वाहनों पर पहले गोलीबारी की और फिर आग के हवाले कर दिया। इस घटना में एक युवक घायल हो गया है। वहीं दोनों वाहन पूरी तरह जलकर खाक हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पगार ओपी प्रभारी विक्की ठाकुर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। घटनास्थल से टीएसपीसी के सब-जोनल कमांडर कौशल जी का एक पत्र बरामद हुआ है। पत्र में एनटीपीसी, सीसीएल, एलएंडटी और डीओ होल्डर कंपनियों को चेतावनी दी गई है कि वे




संगठन से संपर्क किए बिना किसी भी प्रकार का कार्य शुरू न करें। पत्र में संगठन ने भविष्य में बड़ी वारदात की धमकी भी दी है। उग्रवादियों द्वारा छोड़े गए पत्र में टीएसपीसी ने दावा किया है कि संगठन आम जनता और आदिवासियों के हित में काम कर रहा है। उन्होंने सरकार पर आरोप लगाया है कि वह उग्रवाद के नाम पर निर्दोष ग्रामीणों और आदिवासियों पर अत्याचार कर रही है। पत्र में संगठन ने खुद को जनता का हितैषी बताया है और कहा है कि उनकी गतिविधियां शोषण के खिलाफ हैं। घटना के बाद केरेडारी और आसपास के क्षेत्रों में दहशत का माहौल है। स्थानीय लोग डरे हुए हैं और कोल परियोजनाओं में काम करने वाले कर्मचारी भी असमंजस की स्थिति में हैं। पुलिस हर पहलू पर जांच कर रही है। इस बीच हजारीबाग जिले के कई इलाके में एक के बाद एक लगातार कई कांड को अंजाम देने वाले तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमेटी (टीएसपीसी) के 2 उग्रवादियों को रांची पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इनके नाम सुमित लहरी और मनु सिंह उर्फ अभिमन्यू कुमार सिंह हैं। दोनों को एक पिस्टल, 2 कारतूस, एक चिड़िया मारने वाले हथियार और टीएसपीसी के दो पर्चा के साथ गिरफ्तार किया गया है। इन्हें बिंजा गांव से पकड़ा गया है। इनमें से एक हजारीबाग का रहने वाला है, तो दूसरा रांची जिले का। पुलिस उप महानिरीक्षक सह वरीय पुलिस अधीक्षक रांची को मिली गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गयी। पुलिस उप महानिरीक्षक सह वरीय पुलिस अधीक्षक रांची और पुलिस अधीक्षक ग्रामीण रांची के निर्देश पर खलारी डीएसपी रामनारायण चौधरी के नेतृत्व में टीम का गठन कर यह कार्रवाई की गयी।

# राहुल गांधी ने खटखटाया हाईकोर्ट का दरवाजा

## गैर जमानती वारंट निरस्त करने का किया आग्रह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**रांची।** कांग्रेस नेता सह लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने चाईबासा कोर्ट की ओर से उनके खिलाफ जारी गैर जमानती वारंट को निरस्त करने के लिए हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। जानकारी के अनुसार गुरुवार यानी 29 मई को याचिका दायर की गई है। दरअसल, बीते दिनों चाईबासा कोर्ट ने राहुल गांधी के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी करते हुए 26 जून को सशरीर पेश होने को कहा था। जबकि इसी मामले में चाईबासा कोर्ट में सशरीर उपस्थिति से छूट के लिए हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई थी जो लंबित है। फिर भी इस पर विचार करने के बजाए चाईबासा कोर्ट ने गैर जमानती वारंट जारी कर दिया। याचिका में इन बातों का जिक्र करते हुए राहुल गांधी के अधिवक्ता ने गैर जमानती वारंट निरस्त करने का आग्रह किया है। राहुल गांधी के अधिवक्ता दीपांकर ने बताया कि हाईकोर्ट में अभी ग्रीष्मकालीन अवकाश चल रहा है। उनकी कोशिश है कि जल्द से जल्द याचिका की लिस्टिंग हो जाए। बता दें कि राहुल गांधी के खिलाफ रांची में एक, जबकि चाईबासा कोर्ट में दो मामले चल रहे हैं। यह मामला राहुल गांधी द्वारा 28 मार्च 2018 को कांग्रेस के अधिवेशन में भाजपा के खिलाफ भाषण से जुड़ा है। इस पर भाजपा नेता प्रताप कुमार ने राहुल गांधी के खिलाफ चाईबासा कोर्ट में मानहानि का मुकदमा दर्ज किया था। दरअसल, 20 फरवरी 2020 को झारखंड हाईकोर्ट के आदेश पर उस वाद को रांची में एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट में भेज दिया गया था। बाद में हाईकोर्ट ने इस मामले को चाईबासा की स्पेशल कोर्ट में भेज दिया। समन मिलने के बावजूद राहुल गांधी न्यायालय में उपस्थित नहीं हुए। फिर दोबारा कोर्ट के स्तर से जमानतीय वारंट भेजा गया। इसके बावजूद राहुल गांधी उपस्थित नहीं हुए थे। इसी आधार पर कोर्ट ने उनके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया था। इसको हाईकोर्ट में चुनौती दी गयी थी जो डिस्पोज हो गया। फिर राहुल गांधी की ओर से सीआरपीसी 205 की याचिका दायर कर व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट का आग्रह किया गया था। इसको निचली अदालत ने खारिज कर दिया था। इससे पहले मोदी सरनेम विवाद पर रांची कोर्ट में याचिका दायर हुई थी। इस मामले में राहुल गांधी को हाईकोर्ट से व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट मिली हुई है। जबकि भाजपा और अमित शाह के खिलाफ बयान से जुड़े चाईबासा कोर्ट के दूसरे मामले में सुप्रीम कोर्ट से स्टे मिला हुआ है।

# लावण्या प्रकाश को आईआईटी एडवांस में मिली शानदार सफलता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गढ़वा/ औरंगाबाद।** झारखंड के गढ़वा जिले में कार्यरत प्रकाश कुमार सिन्हा एवं आरती सिन्हा की सुपुत्री लावण्या प्रकाश ने आईआईटी कानपुर द्वारा आयोजित जेईई एडवांस 2025 में शानदार सफलता प्राप्त कर परिवार तथा जिले का नाम रोशन किया है। विदित हो कि लावण्या प्रकाश ने जेईई मेंस में भी 99.73504 परसेंटाइल प्राप्त किया था तथा झारखंड में लड़कियों में पहला स्थान प्राप्त किया था और राज्य के टॉप 10 बच्चों में भी उसने अपनी जगह बनाई थी। लावण्या प्रकाश की माता आरती सिन्हा ने कहा कि लावण्या प्रकाश शुरू से ही गढ़वा के बीपी



डीएवी पब्लिक स्कूल की अत्यंत मेधावी छात्रा रही है एवं प्रेप से लेकर दसवीं तक की पढ़ाई वहीं से की है तथा हर वर्ष अपने वर्ग में वह सदैव सर्वोत्तम स्थान प्राप्त करती रही है जिसके कारण उसे विद्यालय से भी कई बार पुरस्कार से सम्मानित किया गया। लावण्या प्रकाश ने वर्ष 2023 में जिले में सर्वोत्तम स्थान सीबीएसई की दसवीं की परीक्षा में प्राप्त किया था। लावण्या की इस सफलता को हासिल करने में और लावण्या को एकाग्र बनाने में एवं मेधावी बनाने में उसकी माता आरती सिन्हा शुरू से ही लगी हुई थी। लावण्या की इस सफलता से गढ़वा के और रांची के सभी शुभचिंतकों ने काफी प्रसन्नता प्रकट की है और बधाईयों का तांता लगा हुआ है। लावण्या पूर्व प्राचार्य एवं प्रख्यात शिक्षाविद स्मृतिशेष लाला शंभू नाथ तथा स्मृतिशेष अरूण लता सिन्हा की नतिनी है।

# व्यवसायी व ठेकेदार रंगदारी व लेवी देने से बचें : रिष्मा रमेशन

## हाईवा डंपर की आगजनी मामले में पांच अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** छतरपुर में 27 मई को दो हाईवा डंपर को जलाने की घटना में पुलिस ने पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पांचों अपराधी छतरपुर थाना क्षेत्र के हैं। पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन ने सोमवार को प्रेस कांफ्रेंस में पांचों अभियुक्तों को प्रस्तुत किया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पूर्व के अन्य कांडों में जेल गए दो अपराधी जेल से बाहर निकालने के बाद छतरपुर व नौडीहा बाजार क्षेत्र के लोगों व पुलिस के बीच अपने को बेहतर सिद्ध करने व मुख्यधारा में लौटने का नाटक



किया। वे काम करने के लिए कर्नाटक चले गए। वहां से लौटने पर रंगदारी व लेवी वसूलने के ख्याल से अपराधियों का एक ग्रुप बनाया। दो हाइवा डंपर को जलाने का काम किया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि छतरपुर थाना क्षेत्र के कुटिया मोड़ के पास 27 मई को 8- 9 अपराधियों ने एक साथ मिलकर दो हाईवा डंपर को आग के हवाले कर दिया था। हाईवा के मालिक के दिए गए आवेदन के आधार पर कांड दर्ज करते हुए अनुसंधान शुरू किया गया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि उन्होंने एक एसआईटी का गठन किया। टीम को त्वरित करवाई करने का आदेश दिया। मानवीय व तकनीकी आधार पर घटना में शामिल पांच अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया गया। साथ ही घटना में प्रयुक्त लोडेड पिस्टल, कट्टा व जिंदा गोली, 10 मोबाइल फोन समेत 03 मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस अधीक्षक ने माइंस संचालकों, कपड़ा व्यवसायियों व ठेकेदारों को आगाह किया है कि किसी भी हाल में लेवी या रंगदारी नहीं दें। कहा कि लेवी व रंगदारी भी देना जुर्म है। ऐसे अपराधियों को व्यवसायियों द्वारा बढ़ावा दिया गया तो उनकी खैर नहीं।

# बिहार में तीन चरणों में विधानसभा चुनाव संभव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधानसभा का चुनाव इस साल के आखिर में होना है। सूत्रों की माने तो बिहार में चुनाव तीन चरणों में हो सकते हैं। माना जा रहा है कि मतदान की तारीख का ऐलान करने के पूर्व दिवाली और छठ पर्व का ध्यान रखा जाएगा। 2020 का विधानसभा चुनाव तीन चरणों में हुआ था। चुनाव आयोग की टीम इसी महीने बिहार जाएगी। हालांकि, अभी तारीख तय नहीं है। बता दें कि नीतीश कुमार का कार्यकाल 22 नवंबर 2025 तक है। ऐसे में संभावना है कि सितंबर से अक्टूबर के बीच आचार संहिता लग जाएगी। माना यह भी जा रहा है कि सितंबर के आखिरी हफ्ते से चुनाव की शुरुआत हो सकती है, जो पूरे अक्टूबर तक चलेगी। अक्टूबर में तीन बड़े त्योहार हैं। ऐसे में कयास लगाए जा रहे हैं कि चुनाव तीन चरणों में कराए जा सकते हैं। नवंबर के पहले हफ्ते में नतीजे आ सकते हैं। 2020 में बिहार विधानसभा चुनाव के नतीजे 10 नवंबर को घोषित किए गए थे। इसमें एनडीए ने 125 सीटें हासिल की थीं। तेजस्वी यादव के नेतृत्व वाले गठबंधन ने 110 सीटें जीती थीं। राजद 75 सीटों के साथ सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी थी। इसके बाद भाजपा ने 74 सीटें जीतीं। मुख्यमंत्री उम्मीदवार नीतीश कुमार की पार्टी जदयू ने तीसरी सबसे ज्यादा 49 सीटें जीती थीं। एआइएमआइएम ने 5 सीटों पर जीत हासिल की थी। कांग्रेस ने 70 सीटों पर चुनाव लड़ा था, इसमें से वो 19 सीटों पर जीत हासिल कर पाई थी। तीनों वामपंथी दलों ने मिलकर 29 सीटों पर चुनाव लड़ा जिसमें 16 सीटें जीतीं।

# पटना से रांची आ रहे इंडिगो विमान से टकराया पक्षी, बड़ा हादसा टला

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** पटना से रांची आ रही इंडिगो की फ्लाइट के साथ बर्ड हिट हुआ है। विमान के अगले हिस्से यानी नोज कोन से चील या बाज की तरह दिखने वाला पक्षी टकराया है। यह वाक्या तब हुआ जब फ्लाइट की लैंडिंग की तैयारी चल रही थी। पक्षी के विमान से टकराते ही पायलट ने लैंडिंग करने का निर्णय बदल दिया और संभावित नुकसान का आकलन करने के विमान को कुछ देर तक उड़ाते रहे। हर एंगल से तसल्ली होने के बाद सुरक्षित लैंडिंग करायी। इंडिगो प्रबंधन ने बताया कि पक्षी के टकराने की वजह से विमान को ग्राउंडेड कर दिया गया है। उसकी जांच की जा रही है। इस विमान ने पटना से 11:05 बजे उड़ान भरा था। इसको 11:55 बजे रांची एयरपोर्ट पर लैंड करना था। लेकिन



बर्ड हिट की वजह से लैंडिंग में विलंब हुआ। जानकारी के मुताबिक चिल या बाज की तरह दिखने वाले पक्षी के विमान के नोज कोन के एक हिस्से को नुकसान पहुंचा है। इंपैक्ट ऐसा था कि नोज कोन के पास पक्षी के खून छिंटे फैल गये। राहत की बात है कि सभी यात्री सुरक्षित हैं। लेकिन यह नहीं बताया गया कि विमान में कुल कितने यात्री सवार थे। इस विमान को रांची में लैंडिंग के बाद कोलकाता के लिए उड़ान भरना था। लेकिन ग्राउंडेड होने की वजह से कुछ यात्रियों को दूसरे विमान से कोलकाता भेजा गया है। शेष यात्रियों के लिए 3 जून और 4 जून को सफर करने की व्यवस्था की गई है। खास बात है कि घटना ने पिछले 21 मई को दिल्ली से श्रीनगर जा रही थी लेकिन खराब मौसम के कारण अमृतसर के पास जबरदस्त टर्बुलेंस की चपेट में आ गई थी। तब पायलट ने लाहौर एटीसी से पाकिस्तान के एयरस्पेस में घुसने की अनुमति मांगी थी, जो नहीं दी गई। इसकी वजह से विमान को तय रुट पर ले जाना पड़ा। इसकी वजह से विमान के नोज को नुकसान हुआ था। टर्बुलेंस के दौरान विमान में यात्रियों की चीख पुकार मची हुई थी। किसी तरह पायलट ने विमान की श्रीनगर एयरपोर्ट से सेफ लैंडिंग कराई थी।

# बिहार के 24 हजार किमी ग्रामीण पथ होंगे सुदृढ़

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राज्य में ग्रामीण सड़कों के सुदृढ़ीकरण की दिशा में ऐतिहासिक पहल करते हुए मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क सुदृढ़ीकरण एवं प्रबंधन कार्यक्रम अंतर्गत प्रदेश के सभी 38 जिलों में 13,943 ग्रामीण सड़कों का सुदृढ़ीकरण किया जाएगा, जिनकी कुल लंबाई लगभग 24,414 किलोमीटर होगी। इन सड़कों के साथ-साथ कुल 51 पुलों का भी सुदृढ़ीकरण किया जाना प्रस्तावित है। 31 मार्च 2024 तक ये ऐसे पथ हैं जो पंचवर्षीय रूटिन अनुरक्षण अवधि से बाहर हो चुके हैं। इन्हें जून तक पटलेस करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस समग्र परियोजना पर अनुमानित 21,652 करोड़ रूपये की राशि खर्च की जाएगी। यह कार्यक्रम मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क उन्नयन योजना का ही एक विस्तारित रूप है, जिसे मंत्रीपरिषद द्वारा 14 नवंबर 2024 को स्वीकृति प्रदान की गयी थी। पटना प्रमंडल के अंतर्गत पटना जिले में 553 पथ (792.931 किमी), नालंदा में 434 पथ (667.319 किमी), भोजपुर में 341 पथ (691.751 किमी), बक्सर में 294 पथ (595.586 किमी), रोहतास में 366 पथ (933.827 किमी) और कैमूर में 194 पथों का चयन किया गया है। वहीं तिरहुत प्रमंडल में मुजफ्फरपुर (742 पथ, 1243 किमी), पूर्वी चंपारण (656 पथ, 957 किमी), पश्चिमी चंपारण (335 पथ, 557 किमी), वैशाली (507 पथ, 744 किमी), सीतामढ़ी (244 पथ, 319 किमी) और शिवहर (88 पथ, 131 किमी) जबकि सारण प्रमंडल में सारण (515 पथ, 789 किमी), सिवान (514 पथ, 754 किमी), गोपालगंज (284 पथ, 630 किमी) शामिल हैं।

# झारखंड में 10 जून के बाद आएगा मानसून!

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के मौसम में बदलाव का दौर जारी है। राजधानी रांची सहित कई जिलों में सुबह से बादल छाए हुए हैं, लेकिन मौसम विभाग का कहना है कि बारिश के आसार बहुत कम है। लोकल वजहों से इक्का-दुक्का जगहों पर बारिश हो सकती है। इधर प्रदेश में मानसून के प्रवेश को लेकर समय में बदलाव हुआ है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि ऐसी उम्मीद थी कि निर्धारित समय से हफ्ते भर पहले मानसून प्रवेश कर जाता, पर अभी स्थिति साफ नहीं है। उन्होंने बताया कि अब अगले एक सप्ताह मानसून के प्रवेश करने की कोई संभावना नहीं है। 7 जून के बाद ही पता चलेगा कि मानसून का प्रवेश कब हो सकता है। ऐसे उम्मीद है कि 10 से 12 जून के बीच प्रदेश में मानूसन प्रवेश कर जाए।

### मानसून में हुई देर तो चढ़ेगा राज्य का पारा

उन्होंने यह भी बताया कि झारखंड में 12 जून तक मानसून आने का समय निर्धारित है। अगर इसमें देरी हुई तो गर्मी बढ़ेगी। क्योंकि 6 जून से एक बार फिर तापमान बढ़ेगा। रांची का अधिकतम तापमान भी 38 डिग्री तक जा सकता है। दूसरे जिलों का तापमान भी बढ़ेगा। इस कारण गर्मी से राहत नहीं मिलेगी। राजधानी रांची सहित प्रदेश के मौसम की बात करें तो अगले 5 दिन आसमान में बादल छाए रहेंगे। आज आंशिक बादल के साथ गर्जन वाले बादल भी बन सकते हैं। 3 जून को आंशिक बादल छाया रहेगा। 4 जून और 5 जून को आंशिक बादल छाने के साथ गर्जन वाले बादल भी बन सकते हैं। इस दौरान अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की संभावना है। 6 जून से आसमान साफ रहेगा, गर्मी बढ़ेगी।

### 15 जून से अच्छी बारिश होने के आसार

मौसम विज्ञान केंद्र रांची ने बताया कि अगर 10 से 12 जून तक मानसून प्रवेश कर जाता है तो 15 जून या इसके बाद अच्छी बारिश हो सकती है। रांची में जून में सामान्य बारिश 197.6 एमएम होनी चाहिए, लेकिन मानसून पहुंचने में जितनी देर होगी, उतनी कम बारिश होगी। पिछले वर्ष ऐसी ही स्थिति हो गई थी। हालांकि जून के अंतिम सप्ताह में अच्छी बारिश की संभावना है।

### 5 वर्षों में तीन बार सामान्य से कम बारिश

मौसम विभाग के अनुसार जून में सामान्य बारिश 197.6 एमएम होती है। लेकिन वर्ष 2020 व 2021 में लॉकडाउन की वजह से वाहनों की आवाजाही कम थी। इस कारण जून में सामान्य से अधिक बारिश हुई। इसके बाद तीन साल सामान्य से कम बारिश हुई। सबसे खराब स्थिति पिछले साल हुई, जब जून में मात्र 80.9 एमएम बारिश हुई, जो सामान्य से 59 प्रतिशत कम थी। दरअसल, पिछले साल मानसून का प्रवेश भी अनुमान से 10 दिन देरी से हुआ था।

### तीन साल 40 के पार रहा था तापमान

कोरोना की वजह से 2020 में लॉकडाउन था और 2021 में सेमी लॉकडाउन लगा था। जिससे वाहन व फैक्ट्रियां बंद रहने या कम चलने से तापमान कम था। कोरोना के बाद लगातार तीन साल तक तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक रहा। हालांकि, इस बार मौसम में बदलाव होने से गर्मी में भी मात्र चार बार तापमान 40 के पार गया है। ऐसे में मानसून में अधिकतम तापमान कम रहने की संभावना है।


FOR REGISTRATION : ISO, TRADE MARK, PATENT
DESIGN AND COPYRIGHT, ATTORNEY
GLOBAL VISION
(A Complete Solution in Professional Services)
: Regd. Office/ Head Office :
Manaitand, Near Water Tank
Dhanbad, Jharkhand- 826001
Command Office : Jagat Trade Centre, Patna
Contact No.- 9835333441, 8210823092
E-Mail : globalvision96@yahoo.in

## संक्षिप्त समाचार

### बिहार का सबसे बड़ा सोलर बिजली घर इस साल चालू हो जाएगा

■ 185 मेगावाट का होगा उत्पादन



**पटना, एजेंसी।** बिहार का सबसे बड़ा सोलर बिजली घर इस साल चालू हो जाएगा। लखीसराय के कजरा में बन रहा सोलर बिजली घर का काम जोरों पर है। यहां से बिहार को 185 मेगावाट बिजली मिलेगी। बैट्री स्टोरेज बिजली घर होने के कारण कजरा की बिजली का उपयोग पीक आवर यानी शाम के सात बजे से रात के 11 बजे तक हो सकेगा। इससे पीक आवर में बिजली कंपनी को बाजार से बिजली लेने की जरूरत नहीं होगी। कंपनी अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार कजरा सौर परियोजना को इसी साल के दिसम्बर तक पूरा करने का लक्ष्य है। कंपनी के अधिकारी समय-समय पर इसकी समीक्षा कर निर्माण एजेंसी को इसे ससमय पूरा करने का लक्ष्य भी दे चुके हैं। कंपनी की कोशिश है कि यह तय समय के पहले ही पूरा हो। कंपनी ने कजरा सोलर परियोजना को बिहार की सबसे महत्वाकांक्षी परियोजना में शुमार किया है।

### भागलपुर का विद्युत शवदाह गृह तीन दिनों में होगा चालू : डीएम

■ नगर निगम से लेकर बिजली विभाग के अधिकारियों को दिया निर्देश जल्द ही खराब ट्रांसफॉर्मर

**भागलपुर, एजेंसी।** शहर के एकमात्र बंद पड़े विद्युत शवदाह गृह का आखिरकार जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी ने संज्ञान लिया है। उन्होंने तत्काल प्रभाव से संबंधित विभागों को विद्युत शवदाह गृह के खराब ट्रांसफॉर्मर को बदलने का निर्देश दिया है और तीन दिनों के भीतर इसे पुनः चालू करने का आश्वासन दिया है। पिछले कुछ महीनों से विद्युत शवदाह गृह अपनी समस्याओं के कारण सुर्खियों में रहा है, जिससे आम जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार, 29 मार्च को पहले भट्ठी का क्वाइल जल गया था। एक सप्ताह के अथक प्रयासों के बाद निजी मिस्त्री की मदद से इसे ठीक करवाया गया। लेकिन, समस्या यहीं खत्म नहीं हुई। 4 मई को क्वाइल ठीक होने के बाद 6 मई तक भट्ठी के संचालन के दौरान फिर से तकनीकी समस्या उत्पन्न हुई। जांच करने पर पता चला कि इस बार विद्युत शवदाह गृह का ट्रांसफॉर्मर का क्वाइल खराब हो गया है। तब से ही विद्युत शवदाह गृह के ऑपरेटर कभी नगर निगम तो कभी बिजली विभाग के दफ्तरों के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन अब तक विद्युत शवदाह गृह को दोबारा चालू नहीं कराया जा सका था। इस वजह से शवों के अंतिम संस्कार में काफी दिक्कतें आ रही थीं और लोगों को पारंपरिक तरीकों का सहारा लेना पड़ रहा था। कुछ दिन पहले ही निगम योजना शाखा के प्रभारी आदित्य जायसवाल ने बिजली विभाग को एक आधिकारिक चिट्ठी लिखकर ट्रांसफॉर्मर को ठीक कराने का एस्टीमेट मांगा था। हालांकि, बिजली विभाग की उदासीनता के चलते अब तक यह एस्टीमेट उपलब्ध नहीं कराया गया था, जिससे मरम्मत कार्य में और देरी हो रही थी। जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी ने कहा कि समाचार के माध्यम से विद्युत शवदाह गृह के बंद रहने की जानकारी प्राप्त हुई है। जिसे जल्द से जल्द ठीक कराने का निर्देश दिया गया है। तीन दिनों में विद्युत शवदाह गृह को फिर से चालू करा उसे आमलोगों की सुविधा के लिए सुपुर्द किया जायेगा। जिलाधिकारी के इस निर्देश के बाद उम्मीद है कि अब विद्युत शवदाह गृह की समस्या का जल्द समाधान होगा और शहरवासियों को अंतिम संस्कार के लिए इस महत्वपूर्ण सुविधा का लाभ पुनः मिल पाएगा।

# 14 साल की लड़की से गैंगरेप हिरासत में 3 आरोपी

## पिता बोले- चार युवक बेटी को जबरन उठा कर ले गए, मुझे इंसाफ चाहिए




**दरभंगा, एजेंसी।** दरभंगा में नाबालिग लड़की (14) से रेप का मामला सामने आया है। पड़ोस में रहने वाले 4 युवकों पर गैंपरेप का आरोप है। पुलिस ने 3 आरोपियों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। मामला बिरौल थाना क्षेत्र के एक गांव का है। 30 मई को लड़की के पिता ने थाने में आवेदन दिया था। उन्होंने बताया कि 29 मई की रात 10 बजे बेटी उन्हें बुलाने जा रही थी। इस दौरान गांव के 3 युवकों ने उसे जबरन पकड़ लिया। गाछी की ओर ले जाकर गैंगरेप किया। सभी आरोपी पड़ोसी है। मैंने रात में लड़की को चाय बनाने के लिए कहा था। गर्मी का टाइम था। हमारे घर में पंखा नहीं है। ये बात गांव समाज में सभी को पता है। मैं घर से बाहर था। वो मुझे बुलाने आ रही थी। इस बीच उसे उठा लिया। मुझे इंसाफ चाहिए। घटना के बाद लड़की आरोपियों के घर पहुंची। वहां शोर मचाया। स्थानीय लोगों की मदद से उसे सुरक्षित घर लाया गया। गांव के ही तीन युवकों ने मिलकर गैंगरेप किया। समाज और प्रशासन से न्याय की उम्मीद है।

### लड़के की भाभी ने फंसाने का लगाया आरोप

एक आरोपी की भाभी ने बताया कि लड़की खुद उनके घर आई थी। उसका देवर छत पर सो रहा था। हम भी वहीं पर थे। लड़की ने शादी का दबाव बनाया। देवर ने मना किया। कहा कि धर्म और समुदाय अलग है, शादी नहीं कर सकते। लड़की नहीं मानी। लड़की मुझसे बोली कि आप भी लव मैरिज किए हैं, मैं भी करूंगी। वो छत पर ही रही। इस बीच मैंने आसपास के लोगों को बुला लिया। लड़की ने सबके सामने कहा कि उसका रेप हुआ है। समाज के लोगों ने कहा कि मेडिकल जांच होगी। उसे घर भेजा गया। फिर वह वापस आई। महिला ने आरोप लगाया कि लड़की ने साजिश के तहत फंसाया। यह प्रेम प्रसंग का मामला है। हो सकता है कि लड़की कई लड़कों से बात करती होगी।

### मेडिकल रिपोर्ट का पुलिस को इंतजार

थानाध्यक्ष विशाल कुमार सिंह ने बताया कि लड़की का मेडिकल चेकअप कराया गया है। रविवार होने के कारण 164 का बयान नहीं हो सका। मेडिकल रिपोर्ट अभी नहीं आई है। अब तक कोई ठोस साक्ष्य नहीं मिला है। प्रथम दृष्टि में प्रेम प्रसंग की बात सामने आई है। एफएसएल की टीम को आज बुलाया गया था। वह साक्ष्य कलेक्ट करके ले गई है। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।




## बगहा-वाल्मीकिनगर मार्ग पर पेड़ से टकराई कार : एक परिवार के 6 लोग घायल

**बगहा, एजेंसी।** बगहा-वाल्मीकिनगर मुख्य मार्ग पर हरदिया चाती के पास कार हादसे में एक परिवार के छह लोग घायल हो गए। वाल्मीकिनगर से बगहा लौट रही अल्टो कार बेकाबू होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। सूचना पर पहुंची 112 की टीम ने क्षतिग्रस्त वाहन को तोड़कर घायलों को बाहर निकाला। बगहा के कैलाश नगर का यह परिवार रविवार को वाल्मीकिनगर घूमने गया था। सोमवार सुबह वापस घर लौटने के दौरान हादसे का शिकार हो गए।

### पिता-बेटे की हालत गंभीर

घायलों में नौशाद अंसारी, मेहरू नेशा, शाहजहां खातून, शबरून नेशा, नसीबा खातून और दो वर्षीय रेहान अंसारी शामिल हैं। नौशाद और उनके बेटे रेहान को गंभीर चोटें आई हैं। दोनों को गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर किया गया है। नौशाद की पत्नी सबनुम नेशा का इलाज बगहा अनुमंडलीय अस्पताल में चल रहा है। डॉ. एस.पी. अग्रवाल ने बताया कि दो लोगों की स्थिति चिंताजनक है, जबकि अन्य स्थिर हैं।

### 2 दिन पहले एक की मौत

दरअसल, दो दिन पहले भी इसी मार्ग पर ट्रैक्टर दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हुई थी। स्थानीय लोगों का कहना है कि बगहा-वाल्मीकिनगर के बीच जंगल क्षेत्र में सड़क घुमावदार होने से अक्सर हादसे होते हैं। लोग प्रशासन से चेतावनी संकेत और सुरक्षा उपाय लगाने की मांग कर रहे हैं।

## नेपाल से आ रहा 124 किलो गांजा बरामद : मोतिहारी पुलिस ने स्कॉर्पियो को पकड़ा, 2 तस्कर गिरफ्तार



**मोतिहारी, एजेंसी।** मोतिहारी पुलिस ने नेपाल से आ रहे मादक पदार्थों की तस्करी का भंडाफोड़ किया है।

उत्पाद थाना और चिरैया थाना की संयुक्त टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई की। पुलिस ने एक स्कॉर्पियो से 124 किलो गांजा बरामद किया। जिसकी कीमत 40 लाख के करीब बताई जा रही है। एसपी स्वर्ण प्रभात को सूचना मिली थी कि नेपाल से मादक पदार्थों की खेप मोतिहारी के रास्ते अन्य राज्यों में भेजी जा रही है। एसपी ने उत्पाद विभाग और चिरैया थानाध्यक्ष महेंद्र कुमार को संयुक्त छापेमारी का निर्देश दिया।

### घेराबंदी कर स्कॉर्पियो की ली तलाशी

पुलिस टीम ने वाहन चेकिंग अभियान चलाया। एक स्कॉर्पियो वाहन को रोकने की कोशिश की गई। चालक पुलिस को देखकर भागने लगा। पुलिस ने घेराबंदी कर वाहन को पकड़ लिया। स्कॉर्पियो की तलाशी में 124 किलोग्राम गांजा मिला। पुलिस ने छोड़ादानों थाना क्षेत्र के पन्नालाल कुमार और संग्रामपुर थाना क्षेत्र के राजेश कुमार को गिरफ्तार किया है। एसपी स्वर्ण प्रभात ने बताया कि गिरोह के मास्टरमाइंड संजय यादव और मुकेश यादव की पहचान हो गई है। उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है। पुलिस जल्द ही पूरे नेटवर्क को पकड़ने का दावा कर रही है।

### कम वोटिंग वाले बूथों चिन्हित कर योजना होगी तैयार

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** जिले के कम वोटिंग वाले बूथों की पहचान कर वहां कम मतदान के कारणों का पता लगाकर वर्क प्लान तैयार किया जाएगा। फिर प्लान के अनुसार मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। यह निर्देश रविवार को निर्वाचन विभाग के अपर सचिव सह अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी माधव कुमार सिंह ने दिया। अपर सचिव ने आगामी चुनाव को लेकर विधि व्यवस्था, स्वीप, ईवीएम एवं मीडिया कोषांग के नोडल पदाधिकारी के साथ जिला अतिथि गृह में बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को आयोग के दिशा निर्देश के अनुरूप काम करने को कहा। स्वीप के नोडल पदाधिकारी ममता वर्मा को जिले में वोट प्रतिशत बढ़ाने को लेकर मिशन मोड में कार्य करने और स्वीप कैलेंडर के अनुरूप संपूर्ण गतिविधियां तय समय पर करने को कहा।


### अंतरजिला लूट गिरोह के 2 सदस्य गिरफ्तार, 2 फरार



**शेखपुरा, एजेंसी।** शेखपुरा पुलिस ने अंतरजिला लूट गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने 19 मई की रात शेखपुरा-महुली मुख्य सड़क मार्ग पर एक कारपेंटर से लूटपाट की थी। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान जमुई के मोहनपुर गांव निवासी मो. हसनैन और महुली थाना क्षेत्र के अफरडीह गांव निवासी रंजन यादव के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके पास से लूटा गया मोबाइल बरामद कर लिया है। अरियरी थाना अध्यक्ष कौशलेंद्र कुमार ने बताया कि पीड़ित छोटू कुमार नगर थाना क्षेत्र के करिहो गांव का रहने वाला है। वह जमुई के कौवाकोल से अपने भाई के ससुराल से बाइक पर घर लौट रहा था। इसी दौरान दो बाइक पर सवार चार हथियारबंद अपराधियों ने उसे रोका।

**फरार 2 आरोपियों की तलाश जारी :** अपराधियों ने छोटू कुमार की पिटाई की। उसकी बाइक, नकदी और मोबाइल लूट लिया। पीड़ित की शिकायत पर थाने में चार अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। पुलिस ने लूटे गए मोबाइल की टावर लोकेशन के आधार पर छापेमारी कर आरोपियों को पकड़ा। घटना में शामिल दो अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। उनके पास लूटी गई बाइक भी है।

### आरा में इंजीनियरिंग के छात्र की मौत : ट्रेन से नीचे गिरने से हुआ हादसा



**भोजपुर, एजेंसी।** दानापुर-पीडीडीयू रेलखंड पर ट्रेन से नीचे गिरने से इंजीनियरिंग के छात्र की मौत हो गई। भोपाल से छुट्टी पर घर लौट रहा था। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया गया है। मृतक शिवम कुमार(28) मोतिहारी के हसनपुर गांव का रहने वाला था। मध्य प्रदेश के भोपाल से इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रहा था। घटना आरा और करीसाथ स्टेशन के बीच की है।

#### परिजनों के बीच मचा कोहराम

मृतक के मामा धीरज कुमार ने बताया, कॉलेज में छुट्टी होने की वजह से मेरा भांजा घर लौट रहा था। भोपाल से शुक्रवार को चला था। शनिवार को घर पहुंचना था, लेकिन वो नहीं आया। अपने स्तर से खोजबीन शुरू किया। कहीं कुछ पता नहीं चला। इसके बाद रेलवे के टोल फ्री नंबर 139 पर कॉल किया। जिसके बाद हादसे की जानकारी मिली। सूचना मिलने के बाद परिजन आरा स्टेशन पहुंचे। शिवम घर का इकलौता बेटा था। परिवार में मां बिंदु देवी और बहन काजल कुमारी है। मौत की खबर सुनते ही घर में कोहराम मच गया। सभी को रो-रोकर बुरा हाल है।

## बाढ़-सुखाड़ की तैयारी अभी से करें, श्रावणी मेला में पहले से बेहतर सुविधाएं हो : डिप्टी सीएम

### डीएम ने आपदा, श्रावणी मेल, विधि व्यवस्था सहित विभिन्न योजनाओं की पीपीटी पर दी जानकारी

**भागलपुर, एजेंसी।** उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में रविवार को समाहरणालय के समीक्षा भवन में आपदा, विधि व्यवस्था और श्रावणी मेला 2025 के पूर्व तैयारी की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। इसमें जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी ने तमाम तैयारियों के बारे में बिंदुवार अवगत कराया। बैठक में डिप्टी सीएम ने कहा कि बाढ़-सुखाड़ के लिए अभी से तमाम तैयारी करें और श्रावणी मेला-2025 की तैयारी में कोई कसर नहीं होनी चाहिए। डिप्टी सीएम ने कहा कि पिछली बार जो व्यवस्था की गई थी उससे भी बेहतर काम करना है। श्रावणी मेला में श्रद्धालुओं और पर्यटकों की सुविधा के लिए योजनाओं को धरातल पर उतारें। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने बाढ़-सुखाड़ (आपदा) से संबंधित तैयारी, श्रावणी मेला 2025 की तैयारी के अलावा विधि व्यवस्था, ईएसआईसी अस्पताल की जमीन, पर्यटन सुविधा विस्तार के लिए रेलवे की जमीन का हस्तांतरण, विक्रमशिला में केन्द्रीय विश्वविद्यालय, पीरपैंती पावर प्लांट की जमीन और गंगा पर रेल ब्रिज से संबंधित भू-अर्जन की स्थिति के बारे में भी जानकारी दी गई। तमाम विषयों पर पीपीटी के माध्यम से प्रगति बतायी गई। उपमुख्यमंत्री ने क्षतिग्रस्त बांधों को बाढ़ से पहले दुरुस्त करने का निर्देश दिया। उप मुख्यमंत्री ने बीते वर्ष की तुलना में इस वर्ष अधिक कार्य कराने और मेला को सुसज्जित करने, कांवरियों की सुविधा को बढ़ाने का निर्देश दिया। मुंगेर-मिर्जाचौकी पथ की समीक्षा के क्रम में उपमुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि जनता की सुविधा को देखते हुए हर हाल में सितंबर माह से पूर्व पथ को तैयार कर लिया जाए। बैठक में विधायक पवन कुमार यादव, वरीय पुलिस अधीक्षक हृदय कांत और उप विकास आयुक्त प्रदीप कुमार सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी नवगछिया ऋतुराज प्रतापसिंह, अपर समाहर्ता आपदा प्रबंधन कुंदन कुमार सहित सभी संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। सुल्तानगंज जहाज घाट पर रेलवे की जमीन के उपयोग के लिए किया है पत्राचार जिलाधिकारी ने बताया कि श्रावणी मेला में बीते साल आने वाले शिव भक्तों की संख्या 2 करोड़ 11 लाख थी। श्रद्धालुओं के लिए व्यापक इंतजाम किए गए थे। इस बार श्रावणी मेला 11 जुलाई से 9 अगस्त 2025 तक किया जाना है, जिसकी पूर्व तैयारी के लिए जिला स्तरीय बैठक की जा चुकी है। सुल्तानगंज जहाज घाट के निकट रेलवे की 7 एकड़ भूमि पर पर्यटन की दृष्टिकोण से सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा। राजस्व और भूमि सुधार विभाग के माध्यम से यहां रेलवे की अनुपयोगी भूमि श्रावणी मेला अवधि में जनहित में उपयोग के लिए पत्राचार किया गया है। रेल पुल के लिए भू अर्जन के अभिलेखों की प्रारंभिक जांच हो रही बैठक में डीएम ने बताया कि विक्रमशिला विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए कहलगांव अंचल के अंतीचक में 117 एकड़ और मलकपुर में 98 एकड़ कुल 215 एकड़ भूमि अर्जन की प्रक्रिया प्रारंभ करने का निर्देश मिला है। राज्य कर्मचारी बीमा निगम अस्पताल की स्थापना के लिए सबौर आंचल में बिहार सरकार की भूमि का सशुल्क हस्तांतरण के प्रस्ताव की स्वीकृति के लिए आयुक्त को प्रस्ताव दिया गया है। पीरपैंती में बनने वाले पावर प्लांट की जमीन के जमीन अधिग्रहण प्रक्रियाधीन है। गंगा में रेलवे ब्रिज के लिए भू अर्जन से संबंधित अभिलेखों की प्रारंभिक जांच की जा रही है। इसी साल पीरपैंती थर्मल प्लांट और विक्रमशिला में केन्द्रीय विवि के शिलान्यास का लक्ष्य बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने बताया कि भागलपुर में श्रावणी मेला को लेकर विशेष तैयारी हर साल की जाती है। बैठक के दौरान इसपर विस्तारपूर्वक चर्चा की गयी। श्रावणी मेला के दौरान और किस तरह की विश्वस्तरीय इंतजाम और तैयारी की जाय इसको लेकर अधिकारियों को विशेष दिशा निर्देश दिए गए हैं। बाढ़ की स्थिति में व्यापक नुकसान को कैसे रोका जाय या कम किया जाय इस पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गयी।

### ट्रेन में चढ़ने के दौरान गिरी महिला कांस्टेबल : आरा में आरपीएफ ने बचाई जान

**आरा, भोजपुर, एजेंसी।** आरा रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर-2 पर आरपीएफ की सूझबूझ से महिला कांस्टेबल की जान बच गई। ब्रह्मपुत्र मेल(15658) में चढ़ने के दौरान बैलेंस बिगड़ने से महिला का पैर फिसल गया। ट्रेन और प्लेटफॉर्म के बीच बने गैप में गिरने लगी। इस दौरान मौके पर मौजूद आरपीएफ कर्मी ने उन्हें पीछे खींच लिया। ये पूरा घटनाक्रम सीसीटीवी में कैद हो गया।

आरपीएफ इंस्पेक्टर दीपक कुमार ने बताया कि रविवार को ब्रह्मपुत्र मेल के आने के बाद काफी भीड़ भी हो गई थी। ट्रेन खुलने के बाद महिला यात्री स्लीपर बोगी में चढ़ने का प्रयास कर रही थी। इसी बीच उसका पैर फिसल गया। प्लेटफॉर्म और ट्रेन के बीच गैप में जाने लगी। ड्यूटी पर मौजूद जवान ने महिला के हाथ को पकड़ कर अपनी ओर खींचा। मौत के मुंह से उसे बाहर निकाला। पूरी तरह से सुरक्षित है, किसी प्रकार की चोट नहीं आई है। बाद में दूसरे ट्रेन में बिठाकर भेजा गया। दीपक कुमार ने आगे बताया कि यात्रियों की सुरक्षा हमारी जिम्मेदारी है। आरा प्लेटफार्म नंबर दो पर यात्रियों की काफी भीड़ थी। इसको लेकर हमारे जवान प्लेटफॉर्म पर तैनात थे। जो यात्री चलती ट्रेन पर चढ़ने का प्रयास करते है, उन्हें रोका जाता है। ट्रेन में चढ़ने के दौरान यात्रियों से सावधानी बरतने की अपील की है।



## दो दिन में पटना जू के दो जानवरों की मौत

### शनिवार को गौर की थिलेरियोसिस से गई जान, रविवार को हार्ट अटैक से हथिनी ने तोड़ा दम

**पटना, एजेंसी।** पटना जू में 55 साल की हथिनी माला की रविवार को मौत हो गई है। वह पिछले कई महीनों से गंभीर रूप से बीमार चल रही थी। पिछले कुछ समय से उसने खाना भी छोड़ दिया था। उसके पैरों में घाव, नाखून उखड़ना और चलने-फिरने में असमर्थता जैसी समस्याएं सामने आ रही थीं। जू निदेशक हेमंत पाटिल के अनुसार, प्रारंभिक पोस्टमार्टम रिपोर्ट में माला की मौत का कारण कार्डियक रेस्पिरेटरी फेलियर बताया गया है। इससे पहले शनिवार को संक्रमण से मादा गौर की मृत्यु हो गई थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार थिलेरियोसिस संक्रमण के कारण गौर की मौत हुई है। संक्रमण का इलाज 20 दिनों से चल रहा था।

**जांच के लिए बरेली भेजा गया सैंपल :** हालांकि, मौत के सटीक कारणों की विस्तृत जांच के लिए माला के विसरा सैंपल को भारतीय चिकित्सा अनुसंधान संस्थान, बरेली भेजा गया है। माला के इलाज के लिए देश के टॉप हाथी विशेषज्ञों की मदद ली जा रही थी। चिड़ियाघर आने वाले लोग 2003 तक हाथी सवारी किया करते थे। माला शांत स्वभाव की थी। इसपर सवारी करना लोग पसंद करते थे। बिना भय के लोगों को लेकर चिड़ियाघर भ्रमण किया करती थी। हाथी सवारी बंद होने के बाद उसे सोमवार को साप्ताहिक बंदी के दिन चिड़ियाघर में भ्रमण कराया जाता था।

**7 साल की उम्र में आई थी पटना जू :** माला को साल 1975 में मात्र 7 साल की उम्र में रेस्क्यू कर पटना लाया गया था। उसके बाद से वह पटना जू का एक हिस्सा बन गई। ठंड में उसे तेल मालिश दी जाती थी और गर्मियों में उसके लिए खास फव्वारे लगाए जाते थे। हाथी दिवस और अन्य विशेष अवसरों पर माला का खास स्वागत किया जाता था। अभी एक ही हथिनी पटना जू में मौजूद है, जिसका नाम लक्ष्मी है। वह 12 साल की उम्र में पटना जू आई थी।

# हजारीबाग जिले को सतत विकास लक्ष्यों की दिशा में सराहनीय कार्यों के लिए राज्य स्तरीय कार्यशाला में सराहा

## उपायुक्त ने पावर प्वाइंट प्रस्तुति के माध्यम से साझा किए विकास कार्यों के अनुभव, राज्य के वित्त मंत्री रहे मुख्य अतिथि, मुख्य सचिव बनीं विशिष्ट अतिथि

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हजारीबाग।** झारखंड सरकार के योजना एवं विकास विभाग की ओर से सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को लेकर राज्य स्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन 2 जून 2025 को रांची स्थित रेडिशन ब्लू होटल में किया गया। कार्यशाला में झारखंड सरकार के वित्त, वाणिज्य कर एवं संसदीय कार्य मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने बतौर मुख्य अतिथि, जबकि राज्य की मुख्य सचिव अलका तिवारी ने बतौर विशिष्ट अतिथि भाग लिया। इस कार्यशाला में हजारीबाग के उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने जिले में सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु किए जा रहे कार्यों की पावर प्वाइंट प्रस्तुति दी। उन्होंने बताया कि हजारीबाग जिला 2030 तक सतत और समावेशी विकास के वैश्विक एजेंडे को लेकर गंभीरता से कार्य कर रहा है।




**उपायुक्त ने गिनाईं प्रमुख उपलब्धियां**

उपायुक्त ने बताया कि जिले में गरीबी उन्मूलन, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं, स्वच्छ जल, लैंगिक समानता, और पर्यावरण संरक्षण जैसे क्षेत्रों में ठोस कदम उठाए गए हैं। उन्होंने कहा कि हजारीबाग जिला, सतत विकास के 17 लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए प्रतिबद्ध है। जिला प्रशासन की योजनाएं जनसहभागिता, समावेशिता और स्थायित्व के सिद्धांतों पर आधारित हैं।

कार्यशाला में हजारीबाग के साथ-साथ कोडरमा, धनबाद, पाकुड़ और गोड्डा जिलों के उपायुक्तों को भी अपने जिले की उपलब्धियों को साझा करने का अवसर मिला।

**कार्यशाला का उद्देश्य**

कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य राज्य में सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए विभिन्न विभागों, शिक्षण संस्थानों, स्वयंसेवी संगठनों और अन्य हितधारकों के भूमिका, प्रयासों और नवाचारों पर सार्थक चर्चा करना था। इस अवसर पर विभिन्न जिलों के वरिष्ठ अधिकारी, योजना विभाग के प्रतिनिधि, अकादमिक विशेषज्ञ और समाजसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यशाला में हजारीबाग जिले की सहभागिता ने जिले की प्रशासनिक प्रतिबद्धता को उजागर किया, जो सतत विकास के एजेंडे में एक प्रेरक उदाहरण के रूप में सामने आई।

## केडी माइंस में आगजनी और फायरिंग के बाद खनन व ट्रांसपोर्टिंग कार्य जारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**केरेडारी (हजारीबाग)।** केरेडारी प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत पगार ओपी के पांडु स्थित एनटीपीसी के केरेडारी कोल माइंस में बीते 1 जून की रात उग्रवादियों द्वारा हुई फायरिंग और आगजनी के बाद खनन व ट्रांसपोर्टिंग कार्य सुचारू रूप से जारी है। सामान्य दिनों की तरह सभी वर्कर वाहन और मशीनें कार्य में लगी हैं। वहीं उग्रवादियों द्वारा आगजनी फायरिंग व मारपीट के दौरान घायल बालेदेवरी गांव निवासी स्कानीय वाहन के चालक गौतम दुबे पिता रामवतार दुबे का हजारीबाग के निजी नर्सिंग होम में ईलाज किया जा रहा है। ज्ञात हो कि 1 जून की रात लगभग 8 बजे केरेडारी कोल माइंस के ओबी एरिया में कार्य में लगे दो हाइवा वाहन में आग लगा दिया गया था और वाहन पर तीन राउंड फायरिंग की गई थी। इस दौरान वाहन चालक के साथ भी मारपीट करते हुए फायरिंग की घटना को अंजाम दिया था। जिसमें वाहन चालक को गोली के छीटें लगी थी व मारपीट किया गया था। घटना के उपरांत कुछ घंटे माइंस में कोयला खनन और परिवहन कार्य बाधित हो गया था।

# सोशल मीडिया में अफवाह फैलाने वालों पर होगी कार्रवाई

## बकरीद पर्व को लेकर बड़कागांव थाना में शांति समिति की बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बड़कागांव।** त्याग और बलिदान का पर्व बकरीद मनाने को लेकर बड़कागांव थाना परिसर में शांति समिति के बैठक हुई इसकी अध्यक्षता अंचला अधिकारी मनोज कुमार व संचालन पत्रकार नरेश कुमार ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी नेमधारी रजक ने कहा कि पर्व त्यौहार में व्हाट्सएप ग्रुप के एडमिन निगरानी रखेंगे।कोई भी व्यक्ति नकारात्मक चीज वायरल ना करें।सोशल मीडिया में गलत अफवाह फैलाने वालों पर कार्रवाई होगी। उन्होंने नशा से मुक्ति पाने के लिए अभिभावको व जनप्रतिनिधियो को सहयोग करने की अपील की। इसके अलावे सीओ मनोज कुमार, बीडीओ जितेंद्र मंडल ने भी बकरीद पर्व शांति व भाईचारगी पूर्वक मनाने की अपील। बैठक में दोनों संप्रदाय के साथ-साथ विभिन्न पंचायतो के मुखिया एवं जनप्रतिनिधियो ने भाग लिया। बैठक में सर्व समिति से निर्णय लिया गया की शांति और भाईचारगी पूर्वक 7 जून को बकरीद का पर्व मनाया जाएगा एवं सोशल मीडिया में नकारात्मक चीजों का वायरल कोई नहीं करेंगे।उसके लिए प्रखंड के सभी पंचायत की मुखिया पंचायत समिति सदस्य ,वार्ड सदस्य एवं व्हाट्सएप ग्रुप के एडमिन निगरानी करेंगे। मौके पर अधिकारी जितेंद्र मंडल, प्रमुख फुलवा देवी,थाना प्रभारी नेमधारी रजक, सावित्री कच्छप, मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष सह सासंद पश्चिमी मंडल प्रतिनिधि रंजीत कुमार, सासंद प्रतिनिधि कृष्णा राम, बड़कागांव मध्य पंचायत के मुखिया मो तकरीमुल्लाह खान, गोंदलपुरा मुखिया, जिप सदस्य प्रतिनिधि मो इब्राहिम,आजसू पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष गौतम वर्मा, पूर्व मुखिया भीखन महतो, मुखिया प्रतिनिधि चंदन पुरी, मुखिया प्रतिनिधि अजीत महतो,राजकुमार साव,पूर्व मुखिया श्रीकांत निराला, सुरेश महतो, आनंद कुमार महतो, बादम के सदर मो मोकित उल्लाह,मो मजहर,मो जानिसार, तोहिद रजा, मो सलीम, सिद्दक अली, अहमद रजा, अमृत रजक, मो ताजिम आदि मौजूद थे।

# मेन रोड के व्यावसायिक संघ ने सांसद मनीष जायसवाल से की मुलाकात, व्यापारिक समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

## व्यापारी वर्ग हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़, उनकी समस्याओं का समाधान मेरी प्राथमिकता, मैं हर परिस्थिति में व्यापारियों के साथ खड़ा हूं : मनीष जायसवाल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हजारीबाग।** शहर के मुख्य क्षेत्र मेन रोड के व्यावसायिक संघ के प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल से उनके सांसद सेवा कार्यालय स्थित सभागार में शिष्टाचार मुलाकात की औ क्षेत्र में उत्पन्न हो रही समस्याओं से उन्हें अवगत कराते हुए एक ज्ञापन सौंपा। संघ के सदस्यों ने बताया कि शहर के महत्वपूर्ण मार्गों जैसे सदर अस्पताल से पंचमंदिर चौक, कांग्रेस ऑफिस रोड, गुरु गोविंद सिंह रोड, पगोडा चौक से आनंदा चौक तथा सांसद सेवा कार्यालय से लेकर बंशीलाल चौक तक को पूर्णतः नो-एंट्री जोन घोषित कर



दिया गया है। इस निर्णय के चलते टोटो जैसे छोटे यात्री वाहनों का आवागमन पूरी तरह से बंद हो गया है, जिससे व्यापारिक गतिविधियां बुरी तरह प्रभावित हो रही हैं। व्यापारियों ने कहा कि टोटो न केवल माल ढुलाई के लिए एक सुलभ साधन है, बल्कि आमजन खासकर बुजुर्ग, महिलाएं एवं मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए भी मुख्य परिवहन का साधन है। नो-एंट्री लागू हो जाने से ग्राहक मेन रोड तक पहुंच ही नहीं पा रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि जो ग्राहक स्कूटी अथवा मोटरसाइकिल से आते हैं, उन्हें ट्रैफिक पुलिस द्वारा अनियमित चालान की कार्रवाई का सामना करना पड़ रहा है। व्यापारियों ने इस बात पर भी चिंता जताई कि यदि इस समस्या का शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो व्यापार पूरी तरह चौपट हो जाएगा और व्यापारियों के सामने रोज़गार का संकट उत्पन्न हो जाएगा। सांसद मनीष जायसवाल ने प्रतिनिधिमंडल की बातें गंभीरतापूर्वक सुनी और आश्वस्त किया कि वे इस विषय में शीघ्र ही पुलिस- प्रशासन, नगर निगम तथा ट्रैफिक विभाग के वरीय अधिकारियों से बैठक कर इस समस्या का संतुलित समाधान निकालेंगे। उन्होंने कहा कि व्यापारी वर्ग देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। यदि व्यापार ही ठप हो जाएगा तो आम- जनता भी प्रभावित होगी। मैं इस विषय को पूरी प्राथमिकता के साथ उठाऊंगा और जब तक समाधान नहीं निकलता, तब तक व्यापारियों के साथ पूरी मजबूती से खड़ा रहूँगा। मुलाकात के दौरान संघ के कई प्रमुख व्यापारी, दुकानदार उपस्थित थे। उन्होंने सांसद महोदय को धन्यवाद देते हुए अपेक्षा जताई कि शीघ्र ही समुचित कार्रवाई होगी जिससे शहर में पुनः व्यापारिक गतिविधियां सुचारु रूप से संचालित हो सकेंगी। इस मौके पर बजरंग अग्रवाल, नीरज मुनका, अजय बंसल, सुरेश जैन, सुनील अग्रवाल एवं मनीष पोद्दार सहित कई लोग मौजूद रहें ।

# हजारीबाग: राधाकृष्ण पंच मंदिर न्यास ट्रस्ट की बैठक में पंचमंदिर को लेकर कई फैसले

## मंदिर का निर्माण करानेवाली महिला मैदा कुंवरी की याद में लगनेवाले स्तंभ के लिए जगह चयनित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हजारीबाग।** झारखंड सरकार की अधिसूचना से गठित राधाकृष्ण पंचमंदिर न्यास कमेटी की दूसरी बड़ी बैठक सोमवार को मंदिर परिसर में हुई, जिसमें अगली बैठक के पहले कई छोटे- मोटे काम को करा लेने को लेकर अहम फैसला हुआ। आज की इस बैठक की अध्यक्षता अजय गुप्ता और संचालन विजय केसरी ने किया। जबकि विशेष अतिथि के रूप में समाजसेवी मनोज के अलावे ट्रस्ट के सदस्यों उपाध्यक्ष नीलेंदु जयपुरियार, कोषाध्यक्ष विनीत अग्रवाल, जयप्रकाश पासवान, शारदा रंजन दुबे, आनंद कुमार मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक में ट्रस्ट के नाम से खाता खुलवाने, मंदिर बनावाने वाली मैदा कुंवरी की याद में शिलापट्ट और मंदिर का इतिहास उसमें लिखवाने के साथ-साथ इसे ट्रस्ट के साथियों के खर्च पर बनवाने का फैसला लिया गया। शहर के धर्मप्रेमी बंधुओं द्वारा परिसर में शुद्ध पेयजल के लिये निःशुल्क मशीन लगवाने के भेजे गए प्रस्ताव को स्वीकार कर परिसर में इसके लिये जगह तय कर दिया गया। दान पेटी लगवाने और ट्रस्ट का अपना कार्यालय होने को लेकर प्रस्ताव पर भी सहमति दी गई। वहीं शहर के धर्मप्रेमी बंधुओं को मंदिर से जोडऩे का निर्णय लेते हुए आमंत्रित सदस्यों की 21 सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया, जिसमें सांसद मनीष जायसवाल, विधायक प्रदीप प्रसाद, विधायक मनोज यादव, पूर्व मंत्री योगेन्द्र साव, समाजसेवी शेफाली गुप्ता, बिल्डर विजय कुमार, बिल्डर सह समाजसेवी राकेश रंजन, समाजसेवी मनोज गुप्ता, कृष्णा राम ठाकुर, सुमेर सेठी, युवा उद्यमी संगीत सोनल सिन्हा, विकास जोशी, संजय कुमार गुप्ता, मोहन लाल गुप्ता, रोहित खंडेलवाल, राजकुमार टोंज्या, श्रवण अग्रवाल, वीरेन्द्र कुमार सिंह के नाम शामिल किये गए। इसके अलावे इसमें तीन अधिवक्ताओं भैया नवनेश, विपुल ठाकुर और राणा राहुल प्रताप सिंह को कानूनी सलाहकार बनाया गया। बैठक के अंत में पूर्व में लिये गए फैसले के आलोक में मंदिर परिसर की जमीन से जंगल- झाड़ी और गंदगी जेसीबी की मदद से सदस्यों ने अपनी उपस्थिति में साफ कराया। साथ ही मंदिर का निर्माण करानेवाली महिला मैदा कुंवरी की याद में लगनेवाले स्तंभ के लिये जगह चयनित कर लिया गया।



# जेईई एडवांस्ड 2025 : चैतन्या एकेडमी के छात्र ने किया पटना में टॉप

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** इन्फिनिटी लर्न की पहल श्री चैतन्या एकेडमी ने अपने पटना टेस्ट प्रेप सेंटर से जेईई एडवांस्ड 2025 के शानदार नतीजे घोषित किए हैं। इस सेंटर ने पटना टॉपर को तैयार किया है, ज्ञान प्रकाश, जिन्होंने 243 अंकों के साथ ऑल इंडिया रैंक एआईआर 62 प्राप्त कर शानदार प्रदर्शन किया है। ज्ञान प्रकाश श्री चैतन्या एकेडमी, पटना के रेगुलर क्लास रूम के छात्र हैं। इस उपलब्धि के साथ-साथ, पटना टेस्ट प्रेप सेंटर के दो छात्रों ने एआईआर 500 से नीचे रैंक प्राप्त कर संस्थान की उत्कृष्ट शैक्षणिक गुणवत्ता को सिद्ध किया है। इसके अलावा, 27 से ज़्यादा छात्र अब देश के टॉप संस्थानों, आईआईटी में दाखिले का सपना पूरा करने के बेहद करीब हैं और उत्साह के साथ अगला कदम बढ़ा रहे हैं। श्री चैतन्या ग्रुप की सीईओ और डायरेक्टर व इन्फिनिटी लर्न की को-फाउंडर सुषमा बोपन्ना ने कहा, ज्ञान प्रकाश की जेईई एडवांस्ड 2025 में शानदार सफलता के लिए उन्हें दिल से बधाई। यह हमारे फैकल्टी के समर्पण, ज्ञान की मेहनत का नतीजा है। हम ज्ञान और पटना के सभी सफल छात्रों को शुभकामनाएं देते हैं। उम्मीद है कि वे आईआईटी में दाखिले की ओर और भी कदम बढ़ाएंगे। ज्ञान प्रकाश ने अपनी सफलता पर कहा, जेईई एडवांस्ड 2025 में एआईआर 62 लाना मेरे लिए एक सपना सच होने जैसा है। इस सफर में मेरी फैमिली और श्री चैतन्या एकेडमी के सभी मेंटर्स का बहुत बड़ा योगदान है। उनकी स्ट्रक्चर्ड गाइडेंस, रेगुलर मॉक टेस्ट और क्लियर कॉन्सेप्ट्स ने मुझे पूरे समय फोकस्ड और कॉन्फिडेंट बनाए रखा। यहां का लर्निंग माहौल बहुत प्रेरणादायक था। मुझे गर्व है कि मैं पटना को नेशनल लेवल पर रिप्रेजेंट कर रहा हूं और उम्मीद है कि मेरी यह सफलता छोटे शहरों के दूसरे छात्रों को भी ऊंचा सोचने के लिए प्रेरित करेगी। श्री चैतन्या द्वारा स्थापित इन्फिनिटी लर्न के फाउंडिंग सीईओ उज्ज्वल सिंह ने कहा, पटना से ज्ञान प्रकाश का जेईई एडवांस्ड 2025 टॉप करना हमारे लिए गर्व की बात है। यह दिखाता है कि अब टियर 2 और 3 शहरों के छात्र भी देश भर में मुकाबला कर रहे हैं।

# दो किशोरों पर चाकू से हमला, एक की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** अस्थावां थाना क्षेत्र के लखनु बिगहा गांव में प्रेम प्रसंग दो किशोरों पर लाठी-डंडे और चाकू से हमला कर दिया, जिसमें गंभीर रूप से घायल एक किशोर की इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि दूसरा घायल युवक नाजुक हालत में पटना के निजी क्लीनिक में भर्ती है। घटना अस्थावां थाना क्षेत्र की है, जिसने इलाके में सनसनी मच गई है। मृतक गिरियक थाना क्षेत्र के तारोखर गांव का है। वहीं घायल किशोर की चुलिहारी गांव है। दोनों मौसेरे भाई बताए जा रहे हैं। सदर डीएसपी नूरुल हक ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आपसी विवाद का प्रतीत हो रहा है। घायल किशोर के बयान पर उसके पिता ने प्राथमिकी दर्ज कराई है। एक को गिरफ्तार किया गया है। इलाके में तनाव का माहौल है, फिलहाल पुलिस गांव में कैंप कर रही है अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। शव का पोस्टमार्टम करा कर परिजनों के हवाले कर दिया गया है।

# रहुई ब्लॉक में नहीं बन रहा जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र

**बिहारशरीफ/नबिटा ब्यूरो।** रहुई प्रखंड के प्रखंड कार्यालय में जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने में समस्याएं हो रही है। 19 मई से प्रमाण पत्र नहीं बन रहा है। जहां दूर दराज से प्रमाण पत्र बनवाने आए लोगों को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। मई गांव से छोटी कुमारी, पेशौर गांव से सीमा कुमारी जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के लिए ब्लॉक आए जहां आरटीपीएस काउंटर पर आए जहां जन्म प्रमाण पत्र नहीं बनाया गया। डाटा ऑपरेटर के द्वारा कहा गया कि पंचायत स्तर पर अब पंचायत में ही जन्म प्रमाण पत्र बनाया जाएगा। इस संबंध में संबंधित पंचायत सचिव से बात किया तो उन्होंने कहा कि विभाग के द्वारा अभी आईडी और पासवर्ड नहीं दिया गया है। आईडी और पासवर्ड मिलने के बाद ही प्रमाण पत्र बनाए जाएंगे। इस तरह लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कभी ब्लॉक का चक्कर काटना पड़ रहा है तो कभी पंचायत का चक्कर काटना पड़ रहा है।

# प्रत्येक वार्ड में कम से कम एक सुंदर एवं सुसज्जित पार्क का निर्माण किया जाए : महापौर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मोतिहारी।** छतौनी बाज़ार स्थित अमृत मीडिल स्कूल के समीप लाल बहादुर शास्त्री पार्क का निरीक्षण महापौर प्रीति कुमारी द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान महापौर के निर्देश पर पार्क में बच्चों के लिए झूले लगाने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है साथ ही, पार्क को स्वच्छ, सुंदर एवं उपयोगी बनाने हेतु सफाई एवं सौंदर्यीकरण का कार्य युद्ध स्तर पर चलाया जा रहा है। नगर निगम का उद्देश्य है कि प्रत्येक वार्ड में कम-से-कम एक सुंदर एवं सुसज्जित पार्क का निर्माण किया जाए। इस क्रम में निगम के सभी पार्षदगण से अनुरोध किया गया है कि वे अपने - अपने वार्ड में उपलब्ध सरकारी भूमि को चिन्हित कर नगर निगम को सूचित करें, ताकि वहां पर पार्क निर्माण एवं झूला आदि लगाने की प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ की जा सके। नगर निगम मोतिहारी, शहर को स्वच्छ, सुंदर और समृद्ध बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। नागरिकों से भी सहयोग की अपेक्षा की जाती है ताकि हम सभी मिलकर अपने शहर को एक आदर्श नगर के रूप में विकसित कर सकें।



# महिला संवाद कार्यक्रम बना जनभागीदारी का सशक्त माध्यम

## 1171 ग्राम संगठनों में हुआ आयोजन, 29,947 सुझाव प्राप्त, महिलाओं ने जताई विकास की नई उम्मीद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** बिहार सरकार के ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित महिला संवाद कार्यक्रम नवादा जिले में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी के साथ जनचेतना का नया अध्याय रच रहा है। जिले के कुल 1510 ग्राम संगठनों में इस कार्यक्रम के आयोजन की योजना है, जिनमें से अब तक 1171 ग्राम संगठनों में महिला संवाद सफलतापूर्वक आयोजित किया जा चुका है। अब तक 1,02,843 महिलाओं ने इस कार्यक्रम में भाग लिया है। इनमें 87,745 महिलाएं जीविका स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी हैं, जबकि 15,108 अन्य स्थानीय महिलाएं भी शामिल रही हैं। इस व्यापक सहभागिता के दौरान कुल 29,947 सुझाव प्राप्त हुए हैं, जिन्हें मोबाइल ऐप के माध्यम से रिकॉर्ड कर संबंधित विभागों तक भेजा जा रहा है। कार्यक्रम के अंतर्गत संवाद रथ के माध्यम से महिलाओं को महिला सशक्तिकरण से जुड़ी बिहार सरकार की प्रमुख योजनाओं जैसे महिला आरक्षण, जीविका, नशामुक्ति अभियान, सतत जीविकोपार्जन योजना, बाल विवाह एवं दहेज उन्मूलन, मुख्यमंत्री मेधावृत्ति योजना और बालिका पोशाक योजना पर आधारित वीडियो दिखाए गए।

इस दौरान योजनाओं से लाभान्वित महिलाओं ने मंच से अपने अनुभव साझा किए और बताया कि किस तरह इन योजनाओं ने उनके जीवन में बदलाव लाया। महिलाओं ने न सिर्फ अपने व्यक्तिगत विकास की बातें कहीं, बल्कि पंचायत और समाज को बेहतर बनाने के लिए भी खुलकर अपनी आकांक्षाएं व्यक्त कीं। कार्यक्रम का मूल उद्देश्य महिलाओं की भागीदारी को राज्य की विकास नीतियों का हिस्सा बनाना है, ताकि नीति-निर्माण में उनकी आवाज को समुचित स्थान मिल सके। नवादा जिले में हो रही उत्साहपूर्ण सहभागिता से यह स्पष्ट है कि यह पहल सामाजिक बदलाव की दिशा में एक ठोस कदम साबित हो रही है।


### दक्षिण पूर्व रेलवे, निविदा

मंडल रेल प्रबंधक (इंजीनियरिंग), दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची-834003, भारत के राष्ट्रपति की ओर से, निम्नलिखित **क्रमांक, सूचना संख्या, कार्य का नाम, निविदा मूल्य, निविदा जमा करने की अंतिम तिथि और समय, और बयाना राशि (ईएमडी)** मूल्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित करते हैं; **[1]; डीआरएमईएनजीजीआरएनसी -36-2025;** रांची मंडल के पीडब्ल्यूआई/एलएडी के तहत विभिन्न यार्डों के यार्ड सुधार/उन्नयन कार्य और ट्रैक मशीन साइडिंग का अन्य बुनियादी ढांचागत सुविधाओं के साथ विकास; ₹ **9,00,42,656.38**; ₹ 6,00,200.00; 23.06.2025 को 15:00 बजे। **[2]; डीआरएमईएनजीजीआरएनसी -37-2025;** रांची मंडल के पीडब्ल्यूआई/जीबीएक्स के तहत विभिन्न यार्डों के यार्ड सुधार/उन्नयन कार्य और ट्रैक मशीन साइडिंग का अन्य बुनियादी ढांचागत सुविधाओं के साथ विकास। ₹ **8,96,31,326.94**; ₹ 5,98,200.00; 23.06.2025 को 15:00 बजे। निविदाकर्ता ऑनलाइन निविदा प्रक्रिया के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर जा सकते हैं। **(PR-226)**

### पूर्व रेलवे

**ई-नीलामी सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल पिन-713301 द्वारा अनुबंध प्रदान करने हेतु आईआरईपीएस पोर्टल के जरिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। इसका विवरण इस प्रकार है:

**ई-नीलामी कैटलॉग सं.: एएसएन-एटीएम-16-06**

**क्रम सं.1, नीलामी की कैटेगरी:** एटीएम। **स्टेशन/स्थान का नाम/ट्रेन नं. एवं एसएलआर:** निम्नलिखित 11 स्टेशनों के 13 स्थानों पर एटीएम की स्थापना - आसनसोल (ट्रैफिक जिम्नैजियम और वीआईपी रोड के प्रवेश द्वार के पास), गिरिडीह, दुमका, बासुकीनाथ, देवघर, चित्तरंजन, कुलटी, सीतारामपुर, सिमुलतला (स्टेशन के पूर्व और पश्चिम की ओर), बराकर और कुमारधुबी। **नीलामी शुरू होने की तिथि और समय:** दिनांक 16.06.2025 को 14.00 बजे।

**ई-नीलामी कैटलॉग सं.: एएसएन-एमएसएस-पीएसके-16-06**

**क्रम सं.2, नीलामी की कैटेगरी:** एमआईएससी. स्टैटिक सर्विसेस (एमएसएस)। **स्टेशन/स्थान का नाम/ट्रेन नं. एवं एसएलआर:** i) पूजा सामग्री किऑस्क: जसीडीह, देवघर और बासुकीनाथ स्टेशनों में। **नीलामी शुरू होने की तिथि और समय:** दिनांक 16.06.2025 को 12.00 बजे।

**ई-नीलामी कैटलॉग सं.: एएसएन-एमएसएस-17-06**

**क्रम सं.3, नीलामी की कैटेगरी:** एमआईएससी. स्टैटिक सर्विसेस (एमएसएस)। **स्टेशन/स्थान का नाम/ट्रेन नं. एवं एसएलआर:** i) **रिलैक्सेशन चेयर:** सिउड़ी स्टेशन में। ii)**सलोन सर्विसेस:** रानीगंज, उखड़ा, पाण्डबेश्वर और दुबराजपुर स्टेशनों में। **नीलामी शुरू होने की तिथि और समय :** दिनांक 17.06.2025 को 12.00 बजे। **कुल 21 परिसंपत्तियाँ: एटीएम:**13, **पूजा सामग्री किऑस्क:**03, **रिलैक्सेशन चेयर:** 01, **सलोन सर्विसेस:**04, सभी प्रत्याशित बोलीदाताओं को उपर्युक्त सूची के अनुसार उक्त ई-नीलामी के संपूर्ण विवरण एवं भाग लेने के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखने की सलाह दी जाती है।

ASN-64/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @ easternrailwayheadquarter

### पूर्व रेलवे

**निविदा सं.: एमसी-एएमसी-सीसीटीवी-एचडब्ल्यूएच-25, दिनांक 30.05.2025,** वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर **(कैरिज एवं वैगन)**, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए निविदा सं.: **एमसी-एएमसी-सीसीटीवी-एचडब्ल्यूएच-25** के प्रतिपक्ष खुली निविदा आमंत्रित की जाती है। बोलीदाता केवल अंतिम तिथि और समय तक अपनी मूल/संशोधित बोली जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **कार्य का नाम:** 02 वर्ष के लिए हावड़ा मंडल के टिकियापाड़ा और लिलुआ (सॉर्टिंग यार्ड) डिपो के कोचों में सीसीटीवी कैमरे के लिए वार्षिक रखरखाव अनुबंध (एएमसी)। **विज्ञापित मूल्य :** रु. 49,92,550.50, **बयाना राशि :** रु. 99,900/- **निविदा कागजात का मूल्य:** रु. 0.00, **अनुबंध की अवधि:** कार्य शुरू करने की तिथि से 24 माह। **बोली प्रणाली :** एकल पैकेट प्रणाली। **प्रस्ताव की वैधता :** 60 दिन। **निविदा अपलोड करने की तिथि और समय:** दिनांक 29.05.2025 को 20.13 बजे। **बोली प्रारंभ होने की तिथि:** दिनांक 09.06.2025, **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 23.06.2025 को 14.00 बजे। **निविदा ऑनलाइन जमा करने के लिए वेबसाइट का विवरण:** www.ireps.gov.in

HWH-114/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

### पूर्व रेलवे

**निविदा सूचना क्रमांक ईएलडी-125-डब्ल्यूसी-ओटी-5ए-25, दिनांक 28.05.2025,** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (क.वि.), पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नवर्णित कार्य के लिए निविदा सं. **ईएलडी-125-डब्ल्यूसी-ओटी-5ए-25** के प्रतिपक्ष ई-निविदा सूचना आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम एवं स्थान :** पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल के तहत विभिन्न ट्रैक नवीनीकरण कार्यों के संबंध में टीआरडी कार्य टीआरआर (पी)-44.841 किमी, सीटीआर-40.119 किमी, सीटीआर 23.712 किमी, टीटीआर-30 सेट, टीएफटीआर-18.145 किमी, टीटीआर -114 सेट और टीआरआर (पी)-38.613 किमी। **कार्य की अनुमानित लागत :** रु. 1,58,50,417.72, **बयाना राशि/बोली सुरक्षा जमा की जानी है:** रु. 2,29,300/-, **निविदा प्रपत्र की लागत :** शून्य। **कार्य समाप्ति की अवधि :** एलओए जारी करने की तिथि से 18 (अठारह) माह। **निविदा समापन तिथि और समय:** 19.06.2025 को 15.00 बजे। **निविदा का खुलना:** निविदा के बंद होने के बाद किसी भी समय निविदा खोली जाएगी। निविदाकार निविदा के संपूर्ण विवरण/वर्णन/विनिर्देश के लिए वेबसाइट **www. ireps.gov.in** देख सकते हैं एवं अपनी बोली ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर स्वीकार नहीं किया जाएगा एवं तत्काल रद्द कर दिया जाएगा।

HWH-113/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

New page 4_page 12 29.05.2025.qxd 02-06-2025 21:33 Page 1



# समकालीन अभियान में एक करोड़ से अधिक की वसूली

▸ 62 614 वाहनों की जांच की गई, हथियार भी जब्त ▸ 6.9 किलो गांजा सहित 11 हजार लीटर शराब बरामद



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार पुलिस की ओर से चलाए गए विशेष समकालीन अभियान में एक हजार से अधिक वांछित अभियुक्तों और वारंटियों को गिरफ्तार किया गया है। वहीं वाहनों की जांच में एक करोड़ से अधिक का जुमार्ना लगाया गया है। इस दौरान देसी-विदेशी शराब के साथ 14 हथियार भी बरामद किए गए हैं। पुलिस मुख्यालय के अनुसार, 31 मई और एक जून को सभी जिलों में एसएसपी और एसपी के नेतृत्व में विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान लगभग 62 हजार 614 वाहनों की जांच की गई जिसमें 7 हजार 432 वाहनों पर समन करते हुए एक करोड़ सात लाख 21 हजार रुपये का जुमार्ना किया गया। जांच अभियान में 115 वाहनों को जब्त भी किया गया है। समकालीन अभियान में 519 वांछित और 517 वारंटियों को भी गिरफ्तार किया गया है। वहीं पटना, गया, रोहतास, बांका, बेगूसराय, खगड़िया, गोपालगंज, मोतिहारी, बेतिया और मधेपुरा जिले से 14 हथियार, 19 कारतूस, 18 खोखा और 14 मोबाइल बरामद किया गया है।

अभियान में 11 हजार लीटर से अधिक शराब बरामद की है, इसमें 7255 लीटर विदेशी जबकि 4452 लीटर देसी शराब है। इसके अलावा 4130 लीटर जावा महुआ विनिष्ट किया गया। मादक द्रव्यों की बरामदगी में 6.9 किलोग्राम गांजा, ढाई किलोग्राम डोडा, .52 ग्राम स्मैक आदि की बरामगी की गई है। इस दौरान 39 लीटर कफ सिरप, 61 हजार 500 जाली नोट और 40 हजार से अधिक नकद राशि भी बरामद की गई है।

## शिक्षकों की भूख हड़ताल शुरू

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सिवान।** बिहार अराजपत्रित प्रारंभिक शिक्षक संघ, सिवान के बैनर तले सोमवार को जिले के शिक्षक शिक्षा विभाग की अनियमितताओं और समस्याओं के खिलाफ सिवान जिला मुख्यालय स्थित बाबा साहब डॉ. भीम राव अम्बेडकर प्रतिमा परिसर, गोपालगंज मोड़ पर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठ गए। आंदोलन की अगुवाई संघ के जिलाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह कर रहे हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला सचिव अशोक कुमार प्रसाद तथा संचालन संजय सिंह ने किया।

आंदोलन स्थल पर पहुंचे जीरादेई के विधायक अमरजीत कुशवाहा ने कहा कि यह आंदोलन सिर्फ शिक्षकों का नहीं बल्कि शिक्षा विभाग में फैले भ्रष्टाचार और अनियमितताओं के खिलाफ एक व्यापक संघर्ष है।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुशील कुमार, राजद जिलाध्यक्ष बिपिन कुशवाहा, भाकपा माले के जिला सचिव हंसनाथ राम, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के नेता तारकेश्वर यादव और कांग्रेस नेता अशोक कुमार सिंह ने भी आंदोलन का समर्थन किया।

# इंजीनियरिंग कर रहे 62 छात्रों का हुआ कैम्पस सलेक्शन




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय नवादा के छात्रों ने इस वर्ष कैंपस सलेक्शन में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। अब तक कुल 62 छात्र-छात्राओं का विभिन्न प्रतिष्ठित राष्ट्रीय एवं बहुराष्ट्रीय कंपनियों में चयन हो चुका है। चयनित छात्रों को न्यूनतम 3.30 लाख से लेकर अधिकतम 10.30 लाख रुपये तक का वार्षिक पैकेज मिला है। इस वर्ष एमआरएफ टायर्स, रिनेक्स आई, स्किल इंटर्न, ग्लोवगिक्स, लाऊचेड, एक्सपस, क्स्पीडर जैसी प्रमुख कंपनियों ने प्लेसमेंट प्रक्रिया में हिस्सा लिया और छात्रों की योग्यता को सराहा।

कालेज के प्राचार्य डा. विनय कुमार चौधरी ने सभी चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं और कहा कि यह उपलब्धि छात्रों की मेहनत, लगन और संस्थान की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रणाली का प्रमाण है। प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट अधिकारी डा. शाएब सुफयान तथा संयुक्त प्लेसमेंट अधिकारी डा. रजनीकांत राव ने इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बताया कि चयन की प्रक्रिया दो चरणों में आनलाइन टेस्ट एवं इंटरव्यू के माध्यम से हुई। छात्रों ने पूरे आत्मविश्वास और दक्षता के साथ इन चुनौतियों को पार किया।

कालेज के पीआरओ शुभेंदु अमित ने जानकारी दी कि प्लेसमेंट के लिए संस्थान में विशेष प्लेसमेंट सेल का गठन किया गया है, जो छात्रों के करियर निर्माण में सक्रिय भूमिका निभा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि पिछले वर्ष की तुलना में इस बार प्लेसमेंट का प्रतिशत और भी बेहतर रहा है, जो संस्थान की लगातार बढ़ती साख और प्रभावी प्रशिक्षण व्यवस्था को दशार्ता है। इस शानदार प्रदर्शन से महाविद्यालय ने एक बार फिर यह साबित किया है कि सरकारी संस्थानों के छात्र भी किसी से कम नहीं हैं।

# प्रेम प्रसंग में किशोर की चाकू मारकर हत्या

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

बिहारशरीफ। नालंदा जिले के अस्थावां थाना क्षेत्र अंतर्गत लखनु विगहा गांव के पास रविवार को एक दर्दनाक वारदात में 14 वर्षीय किशोर प्रीतम कुमार की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। वह गिरियक थाना क्षेत्र के तरोखर गांव निवासी वरुण कुमार का पुत्र था। इस घटना में उसका मौसेरा भाई चंदन कुमार भी गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे पटना में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है।

प्रीतम अपने परिवार के साथ लुधियाना (पंजाब) में रहता था और वह तीन दिन पूर्व ही अपने मौसा मुन्ना कुमार के घर चुलिहारी गांव आया था। रविवार को वह अपने मौसेरे भाई चंदन और गांव के एक अन्य युवक के साथ लखनु विगहा गांव के पास खाने पीने के लिए गया था।

परिजनों ने बताया कि चार पांच लड़कों ने प्रीतम और चंदन को जबरन संजय पासवान के घर के पास रोक लिया और उन्हें खेत में ले जाकर चाकू से हमला कर दिया। एक युवक वहां से भागकर गांव पहुंचा और परिजनों को सूचना दी। इसके बाद दोनों घायलों को निजी क्लीनिक ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान प्रीतम की मौत हो गई।

सदर एसडीपीओ नुरुल हक ने प्रेस रिलीज जारी कर बताया कि घटना बच्चों के बीच हुए आपसी विवाद के कारण हुई है। जांच के अनुसार, संजीत कुमार के पुत्र चंदन और उसके मौसेरे भाई प्रीतम पर रविंद्र के दो पुत्रों और कविंद्र पासवान ने चाकू से हमला किया था। प्राथमिकी दर्ज कर प्राथमिक आरोपी कविंद्र पासवान को गिरफ्तार कर लिया गया है। वहीं, रविंद्र के दोनों पुत्र नाबालिग हैं, जिन्हें पकड़ने की कोशिश जारी है। घटनास्थल से साक्ष्य जुटाने के लिए एफएसएल टीम को भी बुलाया गया है।

सूत्रों के अनुसार, यह मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा हो सकता है। बताया जा रहा है कि घायल चंदन कुमार का रविंद्र पासवान की बेटी से प्रेम प्रसंग था। उसी से मिलने वह अपने मौसेरे भाई प्रीतम और एक अन्य युवक के साथ लखनु विगहा गया था।

# अब भोजपुर से चलेंगी झारखण्ड के लिए बसें

## उत्तर प्रदेश भी है प्रस्तावित




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आरा।** भोजपुरवासियों को परिवहन क्षेत्र में जल्द ही एक नई सुविधा मिलने वाली है। इस माह के दूसरे सप्ताह से झारखंड के रांची और धनबाद के लिए पहली बार सरकारी बस सेवा शुरू होने वाली है। इसके शुरू हो जाने से यहां के लोगों को रेल सेवा के साथ-साथ सरकारी बस सेवा का दोहरा लाभ मिलने लगेगा।

इससे उन्हें निजी बसों पर लिए जा रहे ज्यादा किराया से जहां राहत मिलेगी वहीं अतिरिक्त परिवहन सुविधा भी मिलने लगेंगी। आरा सरकारी बस डिपो से पहली बार बिहार राज्य पथ परिवहन निगम के द्वारा यह व्यवस्था शुरू की जा रही है।

इसके लिए राज्य पथ परिवहन निगम ने आरा बस डिपो को चार लग्जरी नई चमचमाती बस भी विगत एक सप्ताह पहले उपलब्ध करा दी है। दूसरे राज्य से परिवहन का मामला होने के कारण झारखंड से कागजी प्रक्रिया (काउंटर) तेजी से पूरी की जा रही है। जून महीने में दूसरे सप्ताह से परिवहन शुरू होने की संभावनाएं हैं।

राज्य पथ परिवहन निगम ने चार लग्जरी बसें देकर दोनों रूट पर दो-दो बसों की व्यवस्था की है। एक बस जाएगी और दूसरी बस उधर से वापस लौटेगी। इससे यात्रियों को रोजाना आने और जाने की सुविधा मिलेगी। बस का किराया परिचालन शुरू होने के पहले जारी किया जाएगा।

इस सेवा के शुरू हो जाने से जिला मुख्यालय के आरा शहर समेत भोजपुर जिले और छपरा जिले के लोगों को भी इसका लाभ मिलेगा। प्रभारी डिपो अधीक्षक अजय कुमार ने बताया कि जल्द ही रांची-धनबाद के लिए बस सेवा शुरू होगी। सभी प्रकार की कागजी प्रक्रियाओं को पूरा किया जा रहा है, जो इस सप्ताह पूरी होने की संभावना है।

बिहार राज्य पथ परिवहन निगम आरा से उत्तर प्रदेश के बनारस और झारखंड के रांची-धनबाद के बाद बोकारो शहर के लिए भी बस परिचालन शुरू करेगी। इसके लिए भी जिला मुख्यालय से राज्य मुख्यालय को प्रस्ताव भेजा गया था जिसकी मंजूरी मिल चुकी है। सब कुछ ठीक रहा तो एक से दो माह में यह सेवा भी शुरू हो जाएगी।

आरा सरकारी बस डिपो से वर्तमान समय में पटना, सासाराम, बक्सर, कोचस और चेनारी के लिए बसों का परिचालन रोजाना हो रहा है। इस समय कुल सात बसों का रोजाना परिचालन होने के साथ दो बस बन रही हैं और एक बस डैमेज हो चुकी है।

आरा सरकारी बस डिपो में लगभग डेढ़ वर्ष से छपरा जाने के लिए बस का आवागमन बंद कर दिया गया है। जाम के कारण छपरा की तरफ बस का परिचालन बंद होने से रोजाना आने-जाने वाले लोगों को कई प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, जिस कारण उन सभी में भारी आक्रोश व्याप्त है।

# होटल में सामूहिक दुष्कर्म मामले में चार धराये

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**राजगीर।** थाना क्षेत्र के धर्मशाला-बस स्टैंड सड़क मार्ग स्थित एक होटल में 14 वर्षीय प्रेमी द्वारा नाबालिग प्रेमिका को झांसे में लेकर दोस्तों के साथ दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है।

वारदात के दो दिन बाद पीड़िता के बयान पर पुलिस ने मामले का खुलासा किया।

पुलिस ने वारदात में चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है। चारों अभियुक्तों में से एक लड़का नाबालिग है। तीन को जेल भेज तथा होटल का कमरा सील कर दिया गया है। बताया जाता है कि संचालक लीज पर होटल का संचालन कर रहा था।

राजगीर डीएसपी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र के बस स्टैंड धर्मशाला रोड स्थित एक होटल में 13 वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म के मामले में पीड़िता ने अपने स्वजन के साथ राजगीर थाना में प्राथमिकी कराई थी। प्राथमिकी होने के बाद पुलिस ने इस मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस मामले में पीड़िता का 14 वर्षीय नाबालिग प्रेमी भी संल्पित है। सभी राजगीर के ही निवासी हैं।

गिरफ्तार अभियुक्तों में राजगीर सिवरेज रोड निवासी धर्मेन्द्र कुमार के पुत्र 19 वर्षीय नीरज कुमार, रामहरी पिण्ड निवासी मंगलजीत कुमार के पुत्र 19 सूरज कुमार वहीं शिव स्थान कांलोनी निवासी श्रावण कुमार के पुत्र होटल संचालक 30 वर्षीय अभिषेक कुमार शामिल है। बताया कि इस मामले में संलिप्त एक विधि-विरूद्ध बालक भी शामिल हैं। डीएसपी ने बताया कि 27 मई की शाम स्थानीय थाने में अपने स्वजनों के साथ पहुंच पीड़िता ने एफआईआर कराई। थाने में बताया कि 27 मई को उसका प्रेमी उसे बहला-फुसलाकर राजगीर बाजार स्थित एक होटल ले गया, जहां पहले से उनके दोस्त होटल के कमरे में मौजूद थे, उन सभी ने मिलकर दुष्कर्म किया।

# समर कैंप के माध्यम से खेल-खेल में बच्चे करेंगे पढ़ाई



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अररिया।** सदर प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय, रहिका टोला अररिया में सोमवार को जिला कार्यक्रम पदाधिकारी समग्र शिक्षा मो० राशिद नवाज द्वारा समर कैंप का भव्य उद्घाटन किया गया। फीता काटकर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। यह समर कैंप पूरे राज्य में उत्सव की तरह मनाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य कक्षा 5 और 6 के बच्चों की बुनियादी गणितीय क्षमताओं को खेलों और रोचक गतिविधियों के माध्यम से मजबूत करना है। राज्य भर के लगभग 12 हजार से अधिक प्रशिक्षित स्वयंसेवक इस अभियान में भाग ले रहे हैं। हर केंद्र पर 12 से 15 बच्चों का चयन असर टेस्टिंग टूल के माध्यम से किया गया है। कक्षाएं प्रतिदिन डेढ़ घंटे की होंगी, जो सुबह 7 से 9 बजे या शाम 4 से 6 बजे के बीच स्थानीय सुविधा के अनुसार संचालित की जाएंगी.दैनिक गतिविधियों में वार्मअप, संवाद, गणित की कहानियाँ, शाब्दिक सवाल और माथापच्ची शामिल हैं। प्रमुख गणितीय खेलों में संख्याओं का पिटारा, तीसरा कौन, कौन बड़ा-कौन छोटा, कैलेंडर से दोस्ती,और सेंचुरी बनाओ, जैसे नवाचार शामिल हैं।

राज्य संसाधन समूह सदस्य अंतिम कुमार सिन्हा और जिला साधनसेवी कृष्णा कुमार ने बताया कि अब तक 12 हजार से अधिक स्वयंसेवकों का ऑनलाइन पंजीकरण हो चुका है। आज से सभी केंद्रों पर स्वयंसेवकों की प्रोफाइल और बच्चों की बेसलाइन अपडेट का कार्य भी शुरू कर दिया गया है। इस अवसर पर शिक्षा सेवक सुशील कुमार, अशोक पंडित, सुलोचना कुमारी, स्वयंसेवक नितीश कुमार, अमरजीत कुमार एवं प्रखंड साधनसेवी धर्म कुमार बसाक और पूजा कुमारी उपस्थित रहे.डीपीओ राशिद नवाज ने बच्चों से कहा गर्मी छुट्टी में समर कैंप में खेल खेल के माध्यम से मस्ती करना और पढ़ना भी है।

## सर्पदंश से मासूम की मौत

**नवादा।** प्रखंड के लेंगुरा गांव में सोमवार की सुबह आम के पेड़ के नीचे खेल रहे एक तीन वर्षीय मासूम को सांप ने काट लिया। स्वजन कुछ समझ पाते, तब तक बच्चा बेहोश हो गया। बेहोशी हालत में मासूम को अनुमंडलीय अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया।अस्पताल में ड्यूटी में रहे चिकित्सक डा. श्याम नंदन प्रसाद ने बताया कि सांप काटने से घायल हुए बच्चे की पहचान लेंगुरा गांव निवासी दिलीप यादव के तीन वर्षीय बेटे अयांश के रूप में हुई है। अस्पताल पहुंचने के पूर्व ही बच्चे की स्थिति नाजुक थी। बच्चे की स्थिति को देखकर ऐसा प्रतीत हो रहा था कि सांप का जहर उसके शरीर में पूरी तरह फैल गया था। इस कारण बच्चा बेहोशी अवस्था में चला गया था। इलाज के क्रम में एंटी वेनम की लगभग सात डोज दिए गए, किंतु बच्चा रिकवर नहीं हो सका। अंततः हृदय गति रुकने के बाद चिकित्सक ने बच्चे की मौत की पुष्टि की। अस्पताल परिसर में मौजूद स्वजन कह रहे थे कि बच्चा बहुत छोटा था और उसने सांप काटने की बात स्वजन को समय से नहीं बता पाया।

# साइबर ठग गिरोह का पुलिस ने किया पर्दाफाश, एक गिरफ्तार

### अन्य की तलाश जारी, गेमिंग एप के माध्यम से करता था शिकार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कटिहार।** साइबर थाना की पुलिस ने एक बड़े साइबर ठगी गिरोह का खुलासा करते हुए पूर्णिया जिले के बारहरा कोठी निवासी विनोद कुमार को गिरफ्तार किया है। आरोपी ॅगेमिंग एपॅ के नाम पर लोगों को ज्यादा मुनाफे का लालच देकर उनके बैंक खातों से लाखों रुपये की ठगी करता था। पुलिस के अनुसार, हाल ही में एक शिक्षिका के खाते से इसी गिरोह ने 24 लाख रुपये उड़ा लिए थे।

कटिहार साइबर थाना डीएसपी वसीम फिरोज ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी विनोद कुमार अपने गैंग के साथ मिलकर पिछले कई महीनों से साइबर ठगी कर रहा था। जांच में सामने आया है कि उसके बैंक अकाउंट से एक महीने में ही लगभग 1.5 करोड़ रुपये का ट्रांजैक्शन हुआ है। पीड़ित शिक्षिका के खाते से निकाले गए 24 लाख में से 5 लाख रुपये अभी भी आरोपी के अकाउंट में हैं, जिसे ट्रेस किया जा चुका है।

साइबर थाना पुलिस ने इस मामले के खुलासे के साथ-साथ आम लोगों को चेतावनी दी है कि वे किसी भी अवैध गेमिंग एप से सावधान रहें। पुलिस ने कहा कि कभी भी ऐसे एप्स के चक्कर में आकर अपने बैंक अकाउंट को ऑटो डेबिट मोड में न रखें, क्योंकि इससे बैंक खाते से पैसे उड़ाए जा सकते हैं। फिलहाल पुलिस ने इस ठगी मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

## पुलिस टीम पर हमला, दारोगा जख्मी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दरभंगा।** जिले के कुशेश्वरस्थान थाना क्षेत्र के उसरी गांव में एक वारंटी की गिरफ्तारी के लिए गई पुलिस टीम पर ग्रामीणों ने अचानक हमला कर दिया। इस हमले में बहेड़ी थाना में तैनात दरोगा उपेंद्र सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए डीएमसीएच अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है।

पुलिस टीम एक हत्या मामले में वांछित हथियार सप्लायर पंचम लाल यादव की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही थी। तभी गांव में भीड़ ने पुलिस पर हमला कर दिया। दरोगा उपेंद्र सिंह को घेरकर पिटाई की गई और उनका सर्विस पिस्टल भी छीनने की कोशिश की गई, हालांकि ग्रामीण इसमें सफल नहीं हो सके। साथ में मौजूद पुलिसकर्मियों ने जवाबी कार्रवाई करते हुए दरोगा को भीड़ से सुरक्षित बाहर निकाला और एक हमलावर को मौके से गिरफ्तार किया।

घटना की पुष्टि करते हुए दरभंगा ग्रामीण एसपी आलोक ने बताया कि छापेमारी बहेड़ी थाना की पुलिस ने कुशेश्वरस्थान थाना के सहयोग से की थी। इसी दौरान पुलिस टीम पर हमला किया गया। हमलावर पेशेवर अपराधी हैं और आरोपियों को बचाने के लिए स्थानीय लोग पुलिस के सामने आ गए। मुख्य आरोपियों में एक अवधेश यादव को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बताया जा रहा है कि वह गांव का पैक्स अध्यक्ष है और स्थानीय स्तर पर उसका दबंग प्रभाव है। पुलिस की कार्रवाई जारी है और अन्य आरोपियों की तलाश में छापेमारी की जा रही है।

# मुजफ्फरपुर में बनेगा हवाई अड्डा व उड्डयन प्रशिक्षण केंद्र

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार के नौ शहरों में केंद्र की उड़ान योजना के अंतर्गत हवाई अड्डों को विकसित किया जा रहा है। इसके तहत मुजफ्फरपुर के पताही में हवाई अड्डा के निर्माण की पहल गई है। यहां हवाई अड्डा के साथ उड्डयन प्रशिक्षण अकादमी भी बनाने की योजना है।

इस हवाई अड्डा की चहारदीवारी एवं रनवे निर्माण करने के लिए भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआइ) से अनापत्ति प्रमाण-पत्र (एनओसी) की मांग की गई है। इसी तरह रक्सौल में प्रस्तावित हवाई अड्डा के मास्टर प्लान में संशोधन किया गया है। इसके लिए 139 एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया जाएगा। इसकी अनुमति एएआइ से मिलने के उपरांत जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू करने के लिए पूर्वी चंपारण के डीएम को पत्र लिखा गया है।मुजफ्फरपुर हवाई अड्डा के साथ यहां उड्डान प्रशिक्षण अकादमी को स्थापित करने के संबंध में एएआइ के साथ 15 वर्ष का एक समझौता किया गया है। इसके प्रारूप के तहत ही निर्माण की प्रक्रिया को अमलीजामा पहनाया जा रहा है। विधि विभाग की ओर से अनुमति मिलने के उपरांत आगे की प्रक्रिया शुरू की गई है।

चाहरदीवारी और रनवे निर्माण कार्य शीघ्र पूरा कराने का निर्देश दिया गया है। इसके साथ ही यहां के हवाई अड्डा में एक वीआइपी लाउंज का निर्माण कराया जा रहा है। इसकी रूपरेखा तैयार कर ली गई है, निर्माण शीघ्र शुरू होगा।

रक्सौल में हवाई अड्डा निर्माण की कवायद भी तेज हो गई है। इसके मास्टर प्लान में थोड़ा संशोधन किया गया है। रक्सौल हवाई अड्डा के सामने से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग को मोड़ने में असमर्थता के कारण ए-320 माडल के हवाई जहाज के उड़ान के लिए इसे उपर्युक्त पाया गया है। इस एयरपोर्ट के लिए 139 एकड़ अतिरिक्त भूमि की जरूरत महसूस की गई है।

# पटना मेट्रो का काम अंतिम चरण में

## 15 अगस्त तक शुरू करने की योजना




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** पटना मेट्रो के प्रायोरिटी कॉरिडोर को 15 अगस्त तक शुरू करने की योजना है। इसको लेकर पटरी बिछाने से लेकर मेट्रो डिपो तैयार करने का काम अंतिम चरण में है।

इस माह के अंत तक यह काम पूरा होने का लक्ष्य है। हालांकि, अभी तक मेट्रो ट्रेन की बोगी लाने पर अंतिम निर्णय नहीं हो सका है। इस बीच राज्य सरकार किराये पर मेट्रो बोगी लाने पर भी विचार कर रही है। नगर विकास एवं आवास विभाग के मंत्री जिवेश कुमार ने बताया कि 15 अगस्त तक मेट्रो परिचालन को देखते हुए जल्द से जल्द बोगी लाने पर अंतिम निर्णय किया जाएगा।

राज्य सरकार बोगी खरीदने और किराये पर लेने, इन दोनों विकल्पों पर विचार कर रही है। जो विकल्प जल्द और किफायती साबित होगा, उसे ही अपनाया जाएगा।

राज्य सरकार का लक्ष्य है कि मेट्रो की सेवा 15 अगस्त से शुरू कर दी जाए। इसके लिए मेट्रो अधिकारियों को गुणवत्ता और समय दोनों का ख्याल रखने को कहा गया है।

विभागीय जानकारी के अनुसार, मलाही पकड़ी से न्यू आईएसबीटी तक प्रायोरिटी कॉरिडोर में पहले एक लाइन को ही शुरू किया जाएगा। इसके लिए बिजली से लेकर अन्य तकनीकी काम भी जारी हैं।

प्रायोरिटी कॉरिडोर में सिर्फ एक जगह जहां दो लाइनें ऊपर-नीचे से गुजर रही हैं, वहां पटरी बिछाने का काम बाकी है। यहां आईआईटी के विशेषज्ञों की मदद से स्टील का गर्डर लगाया जाना है। इसे भी जून के आखिरी तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

# जनवरी में अगवा छात्र मध्य प्रदेश से बरामद

### शिक्षिका ले भागी थी नाबालिग छात्र को



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अरवल।** गत जनवरी माह में 23 वर्ष की शिक्षिका के द्वारा सातवीं कक्षा के 12 वर्षीय छात्र को अगवा करने के मामले का पटाक्षेप हो गया है। मंगलवार को पुलिस ने मध्य प्रदेश से दोनों को बरामद कर लिया है।

छात्र के स्वजन ने सदर थाने में प्राथमिकी कराई थी, जिसमें झारखंड के सिमडेगा-हेलनपुर की रहने वाली निजी स्कूल की शिक्षिका दीपिका बिलंगू को आरोपित किया था।

शिक्षा पर छात्र को प्रेम जाल में फंसाने और प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन करने के लिए अगवा करने का आरोप लगा था। आरोपित महिला अरवल जिला मुख्यालय के एक प्रतिष्ठित विद्यालय में शिक्षिका थी।

बालक उसी स्कूल का छात्र था। अपहरण की घटना से पूर्व शिक्षिका व छात्र के बीच संबंध की मौखिक शिकायत मिलने पर विद्यालय के निदेशक ने दोनों को स्कूल से निष्कासित कर दिया था, इसके बाद महिला मेहंदिया बाजार के एक निजी स्कूल में पढ़ाने लगी थी।

इसी दौरान वह छात्र को बहला-फुसलाकर साथ ले भागी थी। केस दर्ज होने के बाद एसपी डॉ. इनामुल हक मेंगनू के निर्देश पर पुलिस अधिकारी सेराज आलम के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई थी।

# एचआइवी संक्रमित लोगों में जागरूकता बढ़ाने पर जोर : मंगल पांडेय

**एचआइवी से प्रभावित क्षेत्रों में लगेंगे विशेष कैंप** | **उच्च जोखिम समूहों को भी मिलेगी शिविर में विशेष सुविधा**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि राज्य में एचआईवी और यौन संचारित रोगों (एसटीडी) की ससमय पहचान और बेहतर उपचार प्रदान करने के लिए स्वास्थ्य विभाग प्रतिबद्ध है। इसके लिए समय-समय पर एचआइवी और यौन संचारित रोगों पर विभिन्न प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम भी चलाए जाते रहे हैं। इसी क्रम में राष्ट्रीय एड्स एवं यौन संचारित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत राज्य अपने पहले लक्ष्य के विरुद्ध 95 फीसदी एचआइवी संक्रमित व्यक्तियों को अपनी एचआइवी की स्थिति की जानकारी प्रदान करने के लिए इंटीग्रेटेड हेल्थ कैंप का



आयोजन करेगी। यह हेल्थ कैंप उच्च एचआइवी प्रसार वाले क्षेत्रों, पंचायत, गांव और हॉटस्पॉट और खतरे वाली आबादी के बीच आयोजित होगी। हेल्थ कैंप के आयोजन के दौरान एचआइवी के साथ जी रहे लोगों के परिवारजनों, साथी उच्च जोखिम समूहों, यौन संक्रमित रोगी, यक्ष्मा, कालाजार मरीज, गर्भवती महिला सहित अन्य जोखिम समूहों को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाएगी। श्री पांडेय ने कहा कि इस शिविर के माध्यम से उच्च जोखिम वाले समूहों के बीच एचआइवी और सिफलिस के परामर्श एवं जांच, एचआइवी संक्रमितों को एआरटी सेंटर से जोड़ना, टीबी रोगियों, हेपाटाइटिस बी एवं सी, रक्तचाप, कालाजार एवं मधुमेह रोगियों की स्क्रीनिंग एवं उपचार से जोड़ना, मानसिक स्वास्थ्य संबंधी सेवाएं और अन्य स्वास्थ्य एवं कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने सहित विभिन्न प्रकार की सेवाएं प्रदान की जाएगी। इसके लिए मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, जिला अस्पताल, अनुमंडलीय अस्पताल, रेफरल अस्पताल, रेफरल अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपलब्ध एसटीआई, एचआइवी एवं अन्य आवश्यक आंकड़े भी एकत्रित किए जा रहे हैं। श्री पांडेय ने कहा कि शिविर के सुचारु संचालन एवं सफलता के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य/एनएचएम, पंचायती राज, युवा कार्य एवं खेल, आइसीडीएस, ग्रामीण विकास विभाग सहित जीविका से भी सहयोग लिया जाएगा। व्यक्तिगत परामर्श एवं जांच का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए चिकित्सकों, प्रयोगशाला प्रावैधिकी/स्टाफ नर्स एवं अन्य कर्मियों एवं हितधारकों का सहयोग लिया जाएगा। शिविर का आयोजन सिविल सर्जन/जिला एड्स नियंत्रण पदाधिकारी की अध्यक्षता में की जाएगी। समेकित स्वास्थ्य शिविर के आयोजन के लिए जरुरी मानव बल का आकलन एवं व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। चिन्हित क्षेत्रों, गांव, पंचायत, हॉट स्पॉट या ऐसे क्षेत्र जहां एचआइवी संक्रमितों की पहचान संभावित हो, उन क्षेत्रों में लक्षित समुदाय के बीच व्यापक प्रचार-प्रसार पर बल दिया जाएगा। साथ ही स्वास्थ्य शिविर के नियमित पर्यवेक्षण करने के लिए पर्यवेक्षण टीम बनाए जाएंगे एवं लक्ष्य के अनुरूप उपलब्धि सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाएगा।

# सोनपुर मेला के आधुनिकीकरण के लिए 24.28 करोड़ रुपये की स्वीकृति : सम्राट चौधरी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार सरकार ने सारण के सोनपुर मेला स्थल में पर्यटकीय सुविधाओं के विकास और आधुनिकीकरण के लिए 24.28 करोड़ रुपये की योजना को प्रशासनिक स्वीकृति दी है। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि स्वदेश दर्शन स्कीम 2.0 की उप-योजना (सीबीडीडी) के तहत सोनपुर मेला विकास की योजना को स्वीकृति दी गई है। इससे स्थानीय रोजगार और ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि सरकार सोनपुर मेले को देशभर में ही नहीं, बल्कि वैश्विक पर्यटन के लिए डिजिटल और पर्यावरण-संवेदनशील स्थल के रूप में विकसित कर रही है। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत प्रवेश द्वार, हाट निर्माण, सड़क चौड़ीकरण, घाट तक संपर्क, पार्किंग और शटल सेवा का विकास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नये स्वरूप में प्लास्टिक मुक्त मेला क्षेत्र, अपशिष्ट प्रबंधन, सौर ऊर्जा और पर्यावरण जागरूकता अभियान जैसी हरित पहल पर भी काम किया जाएगा। वहीं डिजिटल पहल के तहत मेला मोबाइल ऐप, कैशलेस भुगतान, वर्चुअल दर्शन और स्मार्ट पार्किंग जैसी सेवाओं का निर्माण किया जाएगा। सम्राट चौधरी ने कहा कि बिहार में सारण जिले का सोनपुर मेला स्थल एक महत्वपूर्ण पर्यटन स्थल है जहां बड़ी संख्या में पर्यटक आते हैं। सरकार के प्रयासों से यहां पर्यटकों की संख्या में निरंतर वृद्धि हो रही है। उन्होंने कहा कि मेला स्थल के समग्र विकास से आने वाले पर्यटकों को उच्च गुणवत्ता की सुविधाएं मिलेंगी, व्यापार के नए अवसर सृजित होंगे और सरकार को राजस्व की भी प्राप्ति होगी। उल्लेखनीय है कि सोनपुर में गंगा-गंडक नदी के संगम पर हर वर्ष शरद ऋतु में कार्तिक पूर्णिमा ( इस वर्ष 5 नवंबर) पर महीने भर चलने वाला मेला लगता है। इसे एशिया का सबसे बड़ा पशु मेला माना जाता है। यह मेला हाथी-घोड़ा, गाय-बैल और दूसरे पशुओं की खरीद-बिक्री के लिए प्रसिद्ध रहा है।

# तेज प्रताप के समर्थन में उतरे राजद सांसद सुधाकर सिंह

**लालू यादव से अपने फैसले पर पुनर्विचार करने की अपील**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** प्रेम प्रसंग को लेकर पार्टी और परिवार से निकाले गए राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव के बड़े बेटे तेज प्रताप यादव के समर्थन में अब पार्टी के सांसद सुधाकर सिंह खुलकर सामने आ गए हैं। तमाम विरोधों के बावजूद सुधाकर सिंह ने तेज प्रताप का समर्थन करते हुए इसे उनका निजी मसला बताया और हिंदू परंपराओं में दूसरी शादी को स्वीकार्य माना है। उन्होंने सोमवार को मीडिया से बातचीत में कहा कि दो शादियां भारतीय हिंदू रीति-रिवाज में रही हैं। तीन-तीन, चार-चार शादियों के बारे में भी हमलोगों ने सुना है। आज के भी समय में कई शादियां हुई हैं। आप चिराग पासवान को ही ले लीजिए। वह रामबिलास पासवान की दूसरी पत्नी से जन्मे हैं। कई लोगों की दो-दो या तीन-तीन शादियां हुई हैं। यह कोई बड़ी बात नहीं है और गुनाह की श्रेणी में नहीं आता है जब सुधाकर सिंह से पूछा गया कि क्या लालू प्रसाद यादव को तेज प्रताप यादव को अपना लेना चाहिए? इस पर सुधाकर सिंह ने कहा कि पिता के रूप में लालू यादव को स्वीकार करना चाहिए। सुधाकर सिंह ने पार्टी प्रमुख लालू प्रसाद यादव से अपने फैसले पर पुनर्विचार करने की अपील की है। ऐसे में यह सवाल उठने लगा है कि क्या अब तेज प्रताप की वापसी की खेल भी शुरू हो गया है। इसके लिए लालू प्रसाद ने अपने खास सिपहसलार को मैदान में उतार दिया है। बता दें कि सुधाकर सिंह के पिता जगदानंद सिंह राजद के प्रदेश अध्यक्ष हैं। हालांकि कभी तेज प्रताप यादव ने सुधाकर सिंह के पिता जगदानंद सिंह का खुलकर विरोध किया था और अब वही सुधाकर सिंह तेज प्रताप यादव के समर्थन में उतर गए हैं। उल्लेखनीय है कि लालू यादव ने अपने बयान में कहा था कि जो लोग भी तेज प्रताप से नजदीकी रखेंगे वह अपना भला-बुरा सोंच लेंगे। इसके बावजूद सुधाकर सिंह ने खुल कर तेजप्रताप प्रकरण पर अपने विचार रखे और उनका समर्थन किया। ऐसे में अब सियासी गलियारे में चर्चा होने लगी है कि लालू यादव ने अपने खास सुधाकर सिंह के जरिए तेज प्रताप यादव की राजद में वापसी की जमीन तैयार करना शुरू कर दिया है।

# सहकारिता मंत्री ने सहकारिता बैंकिंग को नई ऊंचाई पर ले जाने का दिया लक्ष्य

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार सरकार के सहकारिता विभाग के मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने दशरथ मांझी श्रम एवं नियोजन अध्ययन संस्थान, पटना में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के अंतर्गत 'सहकारिता में सहकार अभियान' के जिला स्तरीय कार्यशाला का उद्घाटन दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर उन्होंने सहकारी बैंकों के माध्यम से वर्ष 2025 में पूरे बिहार में एक करोड़ नए ग्राहकों को जोड़ने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य दिया। कार्यशाला की अध्यक्षता पाटलिपुत्र सेन्ट्रल सहकारी बैंक लिमिटेड के अध्यक्ष



रितेश कुमार ने की, जबकि बैंक के विकास पदाधिकारी भावेश कुमार सिंह ने सभा का संचालन किया। मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने सभी उपस्थित पीएसीएस, पीडीसीएस एवं पीवीसीएस समितियों के प्रतिनिधियों को बैंक में समितियों के खाते खोलने एवं 'डोर स्टेप बैंकिंग' की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु प्रोत्साहित किया। उन्होंने साथ ही बैंक मित्र, डिजिटल मंडल एजेंट (डीएमए), समूह स्व-सहायता (जेएलजी), पीएसीएस कम्प्यूटरीकरण एवं अन्य सहकारी योजनाओं को पैक्स स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू करने के निर्देश दिए। सहकारिता मंत्री ने कहा हमारा उद्देश्य है कि सहकारिता के माध्यम से जनता तक बैंकिंग सेवाएं सरलता से पहुंचे और प्रत्येक ग्राम पंचायत में बैंकिंग का समुचित विकास हो। सहकारी बैंक न केवल किसानों और ग्रामीणों के वित्तीय सहयोगी बनेंगे, बल्कि उनकी आर्थिक स्थिति को मजबूत करने में भी अहम भूमिका निभाएंगे। कार्यशाला के दौरान नरही पिरही, फतेहपुर एवं सरकट्टी सैदपुर पैक्स को डिजिटल मंडल एजेंट हेतु माइक्रो एटीएम वितरित किए गए। साथ ही तीन समूहों को जेएलजी और पांच किसान क्रेडिट कार्ड ऋण धारकों को ऋण वितरण भी किया गया। कार्यशाला में सहकारिता विभाग के अपर सचिव अभय कुमार सिंह, बिहार राज्य सहकारी बैंक के अध्यक्ष रमेशचंद्र चौबे, प्रबंध निदेशक मनोज कुमार सिंह सहित अन्य उच्च पदाधिकारी एवं जिला सहकारिता पदाधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का समापन पाटलिपुत्र सेन्ट्रल सहकारी बैंक के प्रबंध निदेशक वात्सल्य मिश्रा के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ।

# अंतर्राष्ट्रीय श्रम सम्मेलन में भाग लेने जिनेवा रवाना हुए मंत्री संतोष कुमार सिंह और सचिव दीपक आनन्द

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** श्रम संसाधन विभाग मंत्री संतोष कुमार सिंह और विभाग के सचिव दीपक आनन्द आज अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन द्वारा आगामी 2 से 13 जून, 2025 तक आयोजित 113वें अंतर्राष्ट्रीय श्रम सम्मेलन में भाग लेने आज स्विट्ज़रलैंड के जिनेवा रवाना हुए। वे वहां मंत्री राज्य के अनुभव, नीतियों एवं श्रम कल्याण से जुड़ी प्राथमिकताओं को अंतर्राष्ट्रीय मंच पर साझा करेंगे। भारत सरकार के श्रम और रोजगार मंत्रालय द्वारा बिहार सरकार के मंत्री संतोष कुमार को अतिथि मंत्री के रूप में भारतीय प्रतिनिधिमंडल में शामिल किया है जिसमें परंपरा के अनुसार श्रम संसाधन विभाग के सचिव भी मंत्री के साथ प्रतिनिधिमंडल के साथ 04 से 06 जून 2025 तक जिनेवा में



आयोजित बैठकों में भाग लेंगे। सम्मेलन में भागीदारी के दौरान मंत्री संतोष कुमार सिंह, बिहार राज्य के अनुभव, नीतियों एवं श्रम कल्याण से जुड़ी प्राथमिकताओं को अंतर्राष्ट्रीय मंच पर साझा करेंगे। साथ ही सम्मेलन में आये दुनिया के अन्य देशों में श्रमिकों के लिए चल रहे कार्यकलापों से अवगत भी होंगे।

# एनडीए की डबल इंजन की सरकार में दलित, अति पिछड़ा, पिछड़ा होना गुनाह : कृष्णा अल्लावारु

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार प्रदेश युवा कांग्रेस ने मुजफ्फरपुर में बलात्कार पीड़ित बच्ची की इलाज के अभाव में पीएमसीएच में हुई मृत्यु के विरोध में हल्लाबोल मार्च राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष उदय भानु चिब के नेतृत्व में निकाला। कार्यक्रम के दौरान मीडिया को संबोधित करते हुए उदय भानु चिब ने कहा कि एक ओर नीतीश कुमार खुद को सुशासन कुमार कहते हैं और ठीक उनके नाक के नीचे दलित, महिलाओं का शोषण हो रहा है जिससे यह उजागर होता है कि बिहार में दलित पिछड़े वर्ग की बहन बेटियां भी अब इस सरकार में सुरक्षित नहीं है। डबल इंजन के




सरकार में न हीं अपराध पर नियंत्रण है और न हीं भ्रष्टाचार पर। साथ में उन्होंने कहा कि गैर जिम्मेदार नीतीश-भाजपा सरकार ने सरकारी कुव्यवस्था के कारण दलित नौ वर्षीय दुष्कर्म पीड़ित बच्ची को मौत के मुंह में धकेल दिया। प्रदेश प्रभारी कृष्णा अल्लावरू ने गहरी संवेदना प्रकट की और कहा कि कुढ़नी रेप पीड़िता की मौत ने बिहार सरकार का वीभत्स रूप दिखाया है और साथ में कहा कि डबल इंजन की लाचार सरकार में दलित पिछड़ों को न सुरक्षा मिलेगी, न इलाज मिलेगा और न ही न्याय और भाजपा समर्थित सरकार से प्रश्न किया कि क्या बिहार में दलित अति पिछड़ा, पिछड़ा पैदा होना क्या गुनाह हो गया? प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने आक्रोश जताया कि दलितों की स्थिति राज्य में लगातार बद से बदतर होती चली जा रही है जिसकी जवाबदेही केवल फोटो के लिए पांव धोने से नहीं बेहतर होगी, कानून का राज समाप्त हो चुका है। युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष शिव प्रकाश गरीब दास ने बोलते हुए कहा कि हम यहीं नहीं रुकेंगे, कल पीड़ित परिवार से मिलेंगे और उसका दुःख साझा करेंगे। पीड़ित परिवार की लड़ाई हम आगे भी जारी रखेंगे जब तक न्याय न मिल जाए।

# खोखले आरोपों के सहारे टिकी है तेजस्वी की राजनीति : उमेश सिंह कुशवाहा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव की पूरी राजनीति झूठ, भ्रम और खोखले आरोपों के सहारे चल रही है जबकि पिछले वर्ष सम्पन्न लोकसभा चुनाव और चार विधानसभा सीटों के उपचुनाव में जनता ने स्पष्ट संदेश दे दिया है कि अब बरगलाने की राजनीति को किसी भी रूप में स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कानून-व्यवस्था को लेकर विपक्ष द्वारा फैलाया जा रहा झूठ अब बेअसर साबित हो रहा है जिनके दामन पर वर्षों के कुशासन के दाग हों, उनके छलपूर्ण दावों पर जनता अब भरोसा नहीं करने वाली।

उमेश सिंह कुशवाहा ने यहां जारी बयान में कहा कि विपक्ष पूरी तरह से मुद्दाविहीन हो चुका है। यही कारण है कि वह कुछेक घटनाओं को तोड़-मरोड़ कर राजनीतिक मुद्दा बनाने की असफल कोशिश कर रहा है, ताकि सियासी लाभ उठाया जा सके, लेकिन बिहार की जनता अब पूरी तरह जागरूक और सतर्क हो चुकी है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2005 से पहले अपराधियों को सत्ता का संरक्षण प्राप्त था। उनके खिलाफ मुकदमे तक दर्ज नहीं होते थे।

# राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव 5 जुलाई को

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव से पहले राजद ने अपने संगठनात्मक ढांचे को मजबूती देने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए प्रदेश अध्यक्ष और राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के चुनाव की तिथियों की घोषणा कर दी है। पार्टी के राष्ट्रीय सहायक निर्वाचन पदाधिकारी चित्तरंजन गगन ने बाताया कि प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया 14 जून से शुरू होगी जबकि राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव 5 जुलाई को संपन्न कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि राजद के संगठनात्मक चुनाव का पहला चरण पूरा हो चुका है। प्राथमिक (बूथ) और पंचायत इकाइयों के चुनाव के साथ ही अब पार्टी दूसरे चरण की ओर बढ़ रही है। चित्तरंजन गगन ने बताया कि शनिवार से प्रखंड कमेटियों का चुनाव शुरू हो गया है जबकि 5 जून से जिला कमेटियों के लिए मतदान होगा। उन्होंने कहा कि बिहार, झारखंड सहित अन्य राज्यों में बूथ और पंचायत स्तरीय चुनाव पूरी पारदर्शिता और पार्टी संविधान के अनुरूप संपन्न हो चुके हैं। इसके बाद प्रखंड डेलीगेट्स की अंतिम सूची का प्रकाशन भी हो गया है। राज्य स्तर पर चुनाव संचालन की जिम्मेदारी संभाल रहे डॉ. तनवीर हसन, ई. अशोक यादव, देव किशुन ठाकुर और सारिका पासवान ने बिहार में जबकि गिरिधारी यादव और मो. कयामुद्दीन ने झारखंड में डेलीगेट सूची जारी की है। प्रखंड डेलीगेट ही प्रखंड इकाइयों और जिला परिषद के सदस्यों का चुनाव करेंगे। 14 जून से प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया शुरू होगी। वहीं 24 जून को राष्ट्रीय परिषद के सदस्यों की सूची के अंतिम प्रकाशन के बाद 5 जुलाई को राष्ट्रीय अध्यक्ष के पद के लिए चुनाव होंगे। चित्तरंजन गगन ने दावा किया कि राजद ही ऐसी पार्टी है जो पूरी तरह लोकतांत्रिक तरीके से संगठनात्मक चुनाव करती है। इस बीच प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह के भविष्य को लेकर राजनीतिक गलियारों में चर्चाएं तेज हैं। जगदानंद सिंह राजद के पहले सवर्ण प्रदेश अध्यक्ष हैं। उनको लेकर यह अटकलें लगाई जा रही हैं कि वे अपने पद पर बने रहेंगे या बदलाव की बयार उन्हें भी छू लेगी। दरअसल, उपचुनाव के बाद से ही जगदानंद सिंह राजद दफ्तर नहीं पहुंचे हैं। ऐसे में माना जा रहा है वो प्रदेश अध्यक्ष के पद से हट सकते हैं। वहीं, राष्ट्रीय अध्यक्ष के पद पर लालू प्रसाद यादव की वापसी लगभग तय मानी जा रही है।

# राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू यादव ने जो निर्णय लिया वह पार्टी की भलाई के लिए : तेजस्वी

**किसी की निजी जिंदगी पर मैं कुछ नहीं कहूंगा**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** राजद नेता तेजस्वी यादव ने तेजप्रताप प्रकरण पर कहा कि इस संबंध में पार्टी प्रमुख लालू प्रसाद यादव निर्णय ले चुके हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष ने जो निर्णय लिया है वह पार्टी की भलाई के लिए है। तेजस्वी यादव सोमवार को कोलकाता से पटना पहुंचने के बाद एयरपोर्ट पर मीडिया से बात कर रहे थे। मीडियाकर्मियों ने जब उनसे पूछा कि तेज प्रताप यादव किसे जयचंद बता रहे हैं जो लालू परिवार के बीच दरार डाल रहा है। तेजस्वी यादव ने इस पर कुछ नहीं कहा । उन्होंने कहा कि राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू यादव ने जो निर्णय लिया है वह पार्टी के भलाई के लिए है। बिहार की भलाई के लिए उनका निर्णय है, जो तेज प्रताप यादव को पार्टी से निष्कासित करने का है। उन्होंने कहा कि उनके निर्णय के आगे मैं कुछ नहीं बोलूंगा उनका निर्णय सर्वोपरि है। तेजस्वी ने कहा कि ये जो भी मामला है, इसपर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने फैसला ले लिया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष सबसे अनुभवी हैं। इसपर अब कोई बातचीत नहीं होनी चाहिए। उन्होंने एक अन्य प्रश्न के उत्तर में कहा कि मैं किसी की निजी जिंदगी पर कुछ नहीं कहूंगा। वहीं, मुजफ्फरपुर में नाबालिग लड़की के साथ कथित बलात्कार और हत्या को लेकर उन्होंने नीतीश सरकार पर जमकर निशाना साधा। तेजस्वी यादव ने कहा कि बिहार में डबल इंजन की सरकार फ़ेल हो गई है। मुख्यमंत्री ने कभी इस पर चर्चा नहीं की, मुझे नहीं पता कि उन्हें घटनाओं की जानकारी भी है या नहीं। उन्होंने कहा कि बिहार में कानून व्यवस्था ध्वस्त हो गई है। पूरे बिहार में प्रशासनिक अराजकता है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। उन्होंने कहा कि एनडीए के सब लोग केवल सियासी बैठक कर रहे हैं। सब सिर्फ चुनाव में व्यस्त है। बिहार की जनता की पीड़ा को बांटने या उन्हें न्याय दिलाने का काम कोई नहीं कर रहा है।

# भाजपा ने किया पोस्ट 'जयचंद कौन' बताएंगे हम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** 'जयचंद' के जिक्र वाले तेजप्रताप यादव के सोशल मीडिया पर दो पोस्ट के बाद सियासी गलियारे इस बात को लेकर कानाफूसी शुरू हो गई है कि आखिर यह जयचंद है कौन। दरअसल, तेज प्रताप ने 'जयचंद' को लालची बताते हुए जल्द ही हर साजिश को बेनकाब करने की बात कही थी जिसके बाद अब भाजपा ने पोस्ट शेयर किया है जिसमें कहा गया है कि 'जयचंद' कौन है, वह भाजपा बताएगी। इससे सियासी पारा और भी चढ़ गया है। भाजपा के पोस्ट में सवाल उठाया गया है- 'जयचंद कौन' भाजपा ने अपने पोस्ट में लिखा है कि आजकल 'जयचंद चर्चा' चल रही है। वहीं इस पोस्ट के बाद उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बिना नाम लिए लालू यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि लोकनायक जयप्रकाश नारायण और कर्पूरी ठाकुर से विश्वासघात कर कांग्रेस की गोद में बैठने वाला बिहार का जयचंद कौन है? एक ही जयचंद हैं! सबको पता है। मालूम हो कि तेज प्रताप को राजद से छह साल के लिए निष्कासित कर दिया गया है। पार्टी के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुल बारी सिद्दिकी ने निष्कासन पत्र जारी किया है जिसमें केवल एक पंक्ति में उनका निष्कासन घोषित किया गया। इस बीच तेजप्रताप का पोस्ट सामने आने के बाद अब हर कोई यही सवाल कर रहा था कि आखिर 'जयचंद' कौन है? तेजप्रताप किसकी ओर इशारा कर रहे हैं। तमाम गतिविधियों के बीच कयासों का बाजार बेहद गर्म हो गया है।

# समर कैम्प में बच्चों ने सीखा बिहार गान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार प्रादेशिक अग्रवाल सम्मलेन एवं कला जागरण पटना के सहयोग से बैंक रोड, पटना में बच्चों के लिए चलाये जा रहे आठ दिवसीय समर कैम्प के दूसरे दिन आज बच्चों ने विभिन्न कलाओं को सीखा। कैम्प के प्रारम्भ में सभी बच्चों को योग का प्रशिक्षण रीना कुमारी ने दिया। इसके बाद हैदराबाद सेन्ट्रल यूनिवर्सिटी, थियेटर आर्ट्स डिपार्टमेंट से पास आउट प्रसिद्ध नृत्य निदेशक नितेश कुमार द्वारा बच्चों को बिहार गान 'इहे जनम ली सीता मैया बाल्मीकि जस वेद रचईता जाने सब संसार-अईसन आपन ह बिहार, अईसन आपन ह बिहार,' गाने पर नृत्य सिखाया। आज प्रसिद्ध रंगकर्मी सुमन कुमार ने बच्चों को रंगमंच कला का प्रशिक्षण में संवाद का उच्चारण करना बताया। सुमन कुमार ने बताया कि रंगमंच पर अभिनय के लिए सबसे पहले सही




उच्चारण के साथ संवाद बोलना होता है। कुमार ने बच्चों को उच्चारण करने का तरीका तथा संवाद को सही तरीका से बोलना समझाया। रणविजय सिंह ने बच्चों को अभिनय की बारीकियां सिखाई। निभा कुमारी ने बच्चों को पेंटिंग तथा क्राफ्ट सिखाया। मौके पर रोज सिंह ने बच्चों को 'बम बम भोले' तथा 'गलती से हो गया मिस्टेक' गाने पर बच्चों से खूब मस्ती की। डॉ गीता जैन ने बच्चों के ऑबजर्वेशन क्षमता का परीक्षण लिया जिसमें बच्चों ने बहुत ही रुचि दिखाई। मौके पर बिहार अग्रवाल सम्मलेन के अध्यक्ष अमर कुमार अग्रवाल ने कहा कि इतनी अधिक गर्मी के बाद भी सभी बच्चे इस समर कैम्प का आनंद उठा रहे हैं तथा अभिनय, लोक नृत्य, पेंटिंग, योग आदि की बारीकियों को सीख रहे हैं। कैंप में आज सतीश बागरिया, नन्दकिशोर अग्रवाल मुन्नाजी, रोहन झुनझुनवाला, संजय भालोटिया, जय प्रकश अग्रवाल एवं श्रवण गोयनका ने बच्चों का सहयोग किया। एम पी जैन ने बताया कि समर कैम्प को सफल बनाने में अमर अग्रवाल, अक्षय अग्रवाल, एम पी जैन, निर्मल अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, रविशंकर उपाध्याय, अभिषेक जैन, सुनैना सिंह एवं कला जागरण के रोहित कुमार आदि सक्रिय थे।

# डॉ प्रेम कुमार ने दी शर्मिष्ठा की गिरफ्तारी पर तीखी प्रतिक्रिया

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार भाजपा के वरीय नेता व बिहार सरकार के सहकारिता मंत्री डॉ प्रेम कुमार ने शर्मिष्ठा की गिरफ्तारी पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने आरोप लगाया है कि जिस तत्परता से बंगाल पुलिस नपुंसक मर्दानगी दिखाते हुए शर्मिष्ठा को हरियाणा से गिरफ्तार किया है यह कतई उचित नहीं है। वह भले अपना पीठ थपथपाये मगर अन्य घटनाओं में बंगाल पुलिस की तत्परता कहां गायब रहती है? बंगाल में कई घटनाएं दिन प्रतिदिन सनातनियों, हिंदुओं, महिलाओं बच्चों पर होती रहती है। टीएमसी के कार्यकर्ता की गुंडागर्दी आए दिन देखने को मिलती है। टीएमसी के सांसद, विधायकों का सनातन के विरुद्ध विषाक्त बयान, नफरत की भाषा के समय



बंगाल सरकार और उसकी पुलिस किस बिल में छिपी रहती है ? प्रश्न तो यह खड़ा होता ही है। इस तरह पक्षपात पूर्ण कार्रवाई कहीं से उचित,निष्पक्ष, न्याय प्रिय नहीं है। शर्मिष्ठा ने सोशल मीडिया पोस्ट डिलीट कर सार्वजनिक क्षमां दोत्दो बार बिना शर्त मांग ली थी, फिर इस तरह का कार्य दुर्भावना से ग्रसित ही है। हिंदुओं के प्रति अत्याचार है।

# कई मामलों में वांछित नक्सली गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया/औरंगाबाद।** विश्वनीय सूत्रों की आसूचना के आधार पर मधुकर अमिताभ, कमांडेंट, 29 वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, गया (बिहार) के निर्देश पर 29 वाहिनी की 'ए' -समवाय भलुआही (औरंगाबाद) के गुलशन कुमार थापा, सहायक कमांडेंट के नेतृत्व में एसएसबी, स्थानीय पुलिस थाना- कुटुम्बा जिला- औरंगाबाद (बिहार) के साथ संयुक्त अभियान के दौरान एक वांछित नक्सली, विनोद पासवान (उम्र- 52 वर्ष) उर्फ नवीन जी उर्फ विनोद राम उर्फ रवि यादव, पिता- मुखराज राम उर्फ मुखराज पासवान, ग्राम- गोलगरिवा थाना- कुटुम्बा जिला- औरंगाबाद (बिहार) को ग्राम- कोलडीहा थाना- कुटुम्बा जिला-औरंगाबाद (बिहार) से गिरफ्तार किया गया। उक्त नक्सली थाना- डुमरिया एवं




बांकेबाजार जिला- गया जी (बिहार) में दर्ज कई नक्सली मामलों में संलिप्त था जिनका विवरण इस प्रकार है-

दर्ज मामलों का विवरणः-

थाना डुमरिया के अंतर्गत- (क) कांड संख्याः- 35/12 दिनांक 12/06/12 धारा 147/148/149/341/324/325/326/353/302/307/425/120 आईपीसी, 27 आर्म्स एक्ट, 3,4,5 विस्फोटक एवं 10,11,13(i), 13(ii) यूएपीए एक्ट। (ख) कांड संख्याः- 62/12 दिनांक 19/10/12 धारा 147/148/149/341/323/324/302/307/435/332/353/333-120 (ख) आईपीसी एवं 227 आर्म्स एक्ट एवं 9/10/11/13 (i) (ii) यूएपीए एक्ट एवं 17 सीएलए एक्ट।

थाना-बांकेबाजार के अंतर्गत- (क) कांड संख्या 19/14 दिनांक 19/02/2014।





नवबिहार टाइम्स
बोकारो, मंगलवार 3 जून 2025

## संपादकीय

# कोर्ट की हिदायत

सोशल मीडिया पोस्ट पर पुणे की छात्रा की गिरफ्तारी और कॉलेज से निष्कासन के मामले में बॉम्बे हाईकोर्ट की सख्त टिप्पणी केवल महाराष्ट्र ही नहीं, देश की सभी सरकारों के लिए एक सबक है। हाईकोर्ट की टिप्पणी इस ओर ध्यान दिलाती है कि स्टूडेंट्स से जुड़े मामलों में ज्यादा संवेदनशीलता की जरूरत है क्योंकि दांव पर उनका भविष्य लगा होता है। पुणे की 19 वर्षीय छात्रा ने ऑपरेशन सिंदूर पर एक पोस्ट किया था, जिस पर विवाद हो गया। हालांकि दो घंटे बाद ही उसने पोस्ट को डिलीट कर दिया और माफी भी मांग ली थी। इसके बावजूद उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज करते हुए उसे गिरफ्तार कर जेल में डाल दिया गया। ऊपर से कॉलेज प्रशासन ने बिना उसका पक्ष जाने उसे निष्कासित भी कर दिया। इस वजह से वह सेमेस्टर एग्जाम के दो पेपर नहीं दे पाई। हाईकोर्ट ने इसी बात को लेकर नाराजगी जताते हुए कहा - ऐसा लगता है कि पुलिस अधिकारी और कॉलेज प्रशासन छात्रा की जिंदगी बर्बाद करने पर तुले हुए हैं।पहली नजर में ही देखने से लगता है कि पुलिस और कॉलेज प्रशासन, दोनों ने अपनी जिम्मेदारी नहीं निभाई। उन्होंने इसे किसी क्रिमिनल केस की तरह लिया और जल्दबाजी में कार्रवाई की। छात्रा का माफी मांगना जाहिर करता है कि उसे अपनी गलती का अहसास था। वहीं, अगर कॉलेज प्रशासन को लग रहा था कि मामला वाकई गंभीर है तो छात्रा से बात कर उसकी काउंसिलिंग करनी चाहिए थी, ताकि दोबारा वह ऐसी स्थिति में न फंसे।कोर्ट ने कहा कि यह उम्र गलतियां करने और उसे सुधारने की है। लेकिन, यहां जब तक केस हाईकोर्ट में नहीं पहुंच गया, तब तक किसी ने भी छात्रा को सुधार करने का अवसर नहीं दिया। मैजिस्ट्रेट ने उसकी बेल अर्जी खारिज कर दी और सेशन कोर्ट ने सुनवाई की तारीख तय कर दी। हाईकोर्ट की टिप्पणी इसी बात को उजागर करती है कि छात्रा कोई अपराधी नहीं है और राज्य की अतिवादी प्रतिक्रिया इस तरह से तो लोगों को कट्टर बना देगी।

इस केस के दो पहलू हैं - सोशल मीडिया का इस्तेमाल और उस पर स्टेट का रिएक्शन। दोनों में ही संतुलन लाने की जरूरत है। ऑनलाइन बातों पर विवाद होता रहा है और कई मौकों पर सुप्रीम कोर्ट तक को दखल देना पड़ा है। इस साल अप्रैल में ही शीर्ष अदालत ने पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के एक फैसले को पलटते हुए कहा था कि मोरल पुलिसिंग न्यायपालिका का काम नहीं है। यह बात दरअसल पूरे सिस्टम पर लागू होती है।

**व्हाइट हाउस ने कहा है कि बुधवार (अमेरिकी समयानुसार) से मस्क के 'स्पेशल गवर्नमेंट एम्प्लाई' दर्जे को ख़त्म कर दिया जाएगा। लेकिन मस्क का बाहर होना सिर्फ ट्रंप सरकार में एक बड़े उलट फेर को ही नहीं दर्शाता है, बल्कि कुछ आगे की रणनीतिक विफलता की भी चुगली करता है, क्योंकि मस्क रिपब्लिकन पार्टी के सबसे बड़े डोनर रहे हैं। उन्होंने पिछले साल क़रीब 25 करोड़ डॉलर का चंदा दिया था। समझा जाता है कि इतने बड़े डोनेशन के बाद उनके और ट्रंप के बीच नज़दीकियां बढ़ गई थीं। हालांकि इस दौरान उनकी इलेक्ट्रिक कार कंपनी टेस्ला के मुनाफ़े में भारी गिरावट देखी गई। वहीं, टेस्ला ने हाल ही में निवेशकों को चेतावनी दी थी कि वित्तीय मुश्किलें जारी रह सकती हैं। कंपनी ने ग्रोथ का पूर्वानुमान देने से इनकार करते हुए कहा कि 'राजनीतिक सेंटिमेंट में बदलाव', वाहनों की मांग को काफ़ी हद तक नुक़सान पहुंचा सकती है। लिहाज़ा मस्क ने पिछले महीने निवेशकों से कहा था कि डीओजीई में उनकी व्यस्तता काफ़ी कम हो जाएगी और वह टेस्ला को अधिक समय दे पाएंगे।**

# अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप व एलन मस्क के बीच बढ़ती दूरिया के मायने

(कमलेश पांडे)

एलन मस्क ने यूएसएड को अचानक बंद करने का जो फ़ैसला लिया, वह उनकी रणनीतिक अदूरदर्शिता साबित हुई। उल्लेखनीय है कि गत तीन फ़रवरी 2025 को ही यूएसएड के सैकड़ों कर्मचारियों ने वॉशिंगटन डीसी में इसके हेडक्वार्टर के बाहर प्रदर्शन किया।

'मेक अमेरिका ग्रेट अगेन' के स्वप्नद्रष्टा और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और स्पेसएक्स और टेस्ला प्रमुख अमेरिकी टेक अरबपति एलन मस्क के बीच उपजा मनमुटाव देश-दुनिया के पूंजीवादी लोकतांत्रिक सियासत और प्रशासन के लिए शोध का विषय है। क्योंकि इसका असर न केवल अमेरिका के लोगों बल्कि पूरी दुनिया के मनोमस्तिष्क पर पड़ना लाजिमी है। अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप व एलन मस्क के बीच बढ़ती दूरियों के राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय मायने आईने की तरह साफ हैं! जिसे समझने की जरूरत है, क्योंकि ट्रंप दुनिया के थानेदार समझे जाते हैं।

हालांकि, इनके बीच की दरकती हुई दोस्ती से वह भारतीय कहावत पुनः चरितार्थ हुई है जिसमें अक्सर नेताओं संग दोस्ती की तुलना वैश्या संग प्रेम से की जाती है, यानी कि क्षणभंगुर समझा जाता है। समझा जाता है कि वेश्यागामी की संपत्ति लूट जाने के बाद या वेश्याओं के जीवन में किसी अन्य धनाढ्य व्यक्ति के प्रवेश पा लेने के पश्चात उसका पहले वाला प्रेम जिस प्रकार से समाप्त हो जाता है। कुछ वैसा ही हश्र नेताओं के साथ यारी-दोस्ती रखने वाले व्यक्तियों/कार्यकर्ताओं का होता है, क्योंकि जब वह किसी नेता के लिए व्यक्ति प्रबंधन, बूथ प्रबंधन या कार्यदक्षता प्रबंधन के लायक नहीं रह जाता है तो फिर नेता भी उससे मुख मोड़ लेता है। उसके कोई काम नहीं करता और न ही आगे बढ़ने देता है। मेरा मानना है कि ट्रम्प की शातिर सियासी टीम ने उद्योगपति ऐलन मस्क के साथ भी कुछ वैसा ही किया होगा, जैसा कि आमतौर भारतीय राजनीति में नेताओं के शागिर्द गुल खिलाते रहते हैं।

आपको बता दें कि नेताओं के शागिर्द में देशी-विदेशी बड़े-बड़े नेता, अधिकारी, उद्योगपति, सामाजिक हस्तियां, चर्चित सेलिब्रिटी, पत्रकार, अधिवक्ता, अपने-अपने पेशे के सफल पेशेवर आदि होते हैं, जिनके बीच एक दूसरे की उड़ती पतंग काटने की होड़ मची रहती है। इसलिए समझदार लोग नेताओं से याराना या नेताईन से यारी रखने के दौरान बेहद चौकन्ने रहते हैं। यही वजह है कि स्पेसएक्स और टेस्ला प्रमुख अमेरिकी टेक अरबपति एलन मस्क ने ट्रंप प्रशासन के डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिशिएंसी (डीओजीई) यानी खर्च कटौती विभाग से अलग होने का एलान किया है।

दरअसल, 29 मई 2025 दिन गुरुवार को मस्क ने एक्स पर लिखा, 'विशेष सरकारी कर्मचारी के रूप में मेरा तय समय पूरा होने पर, मैं राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को धन्यवाद देना चाहता हूं कि उन्होंने मुझे फालतू खर्च को कम करने का मौका दिया।' उल्लेखनीय है कि उन्हें 'स्पेशल गवर्नमेंट एम्प्लाई' का दर्जा मिला था जिसके तहत हर साल 130 दिनों तक उन्हें संघीय नौकरी में रहने की इजाज़त थी। इस साल 20 जनवरी को ट्रंप के शपथ ग्रहण से जोड़ा जाये तो वैसे भी उनके कार्यकाल की सीमा 31 मई 2025 के अंत में ख़त्म होने वाली थी। अंतरराष्ट्रीय मामलों के जानकार बताते हैं कि मस्क का सरकार से बाहर निकलना दरअसल ट्रंप के बजट से 'निराशा' जताने के बाद हुआ, जिसमें मल्टी-ट्रिलियन डॉलर की टैक्स छूट और रक्षा खर्च को बढ़ावा देने वाले प्रस्ताव मौजूद हैं। जहां ट्रंप ने अपने बजट बिल को 'बड़ा और सुंदर' बताया था, वहीं मस्क ने इस बिल की आलोचना की थी। जबकि यह बिल राष्ट्रपति ट्रंप के एजेंडे का अहम हिस्सा है। व्हाइट हाउस ने कहा है कि बुधवार (अमेरिकी समयानुसार) से मस्क के 'स्पेशल गवर्नमेंट एम्प्लाई' दर्जे को ख़त्म कर दिया जाएगा। लेकिन मस्क का बाहर होना सिर्फ ट्रंप सरकार में एक बड़े उलट फेर को ही नहीं दर्शाता है,





बल्कि कुछ आगे की रणनीतिक विफलता की भी चुगली करता है, क्योंकि मस्क रिपब्लिकन पार्टी के सबसे बड़े डोनर रहे हैं। उन्होंने पिछले साल क़रीब 25 करोड़ डॉलर का चंदा दिया था। समझा जाता है कि इतने बड़े डोनेशन के बाद उनके और ट्रंप के बीच नज़दीकियां बढ़ गई थीं। हालांकि इस दौरान उनकी इलेक्ट्रिक कार कंपनी टेस्ला के मुनाफ़े में भारी गिरावट देखी गई। वहीं, टेस्ला ने हाल ही में निवेशकों को चेतावनी दी थी कि वित्तीय मुश्किलें जारी रह सकती हैं। कंपनी ने ग्रोथ का पूर्वानुमान देने से इनकार करते हुए कहा कि 'राजनीतिक सेंटिमेंट में बदलाव', वाहनों की मांग को काफ़ी हद तक नुक़सान पहुंचा सकती है। लिहाजा मस्क ने पिछले महीने निवेशकों से कहा था कि डीओजीई में उनकी व्यस्तता काफ़ी कम हो जाएगी और वह टेस्ला को अधिक समय दे पाएंगे। दरअसल, सरकारी भूमिका निभाने से मस्क की कंपनियों, खासकर टेस्ला पर नकारात्मक असर पड़ा है। टेस्ला का मुनाफा 71 प्रतिशत तक गिरा है। मस्क की व्यावसायिक और राजनीतिक जिम्मेदारियों के बीच संतुलन को लेकर उनके निवेशकों में भी चिंता होने लगी थी।

राजनीतिक व प्रशासनिक मामलों के जानकारों के मुताबिक, ट्रंप प्रशासन में एक अहम पद पर रहते हुए एलन मस्क कई बार विवादों में भी घिरे रहे, जिससे अमेरिकी राष्ट्रपति की देशी साख तक प्रभावित हुई और विदेशों में भी उनकी आलोचना हुई। इसलिए आइए एक नज़र डालते हैं उन चुनिंदे विवादों पर जिससे मस्क को इस नौबत तक पहुंचना पड़ा। पहला, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के बजट की आलोचना उन्हें नहीं करनी चाहिए थी, क्योंकि वह उनके बेहद करीब थे। यही वजह है कि बजट बिल की आलोचना के बाद एलन मस्क और ट्रंप के बीच दूरियां बढ़ने लगी थीं। ट्रंप ने बजट विधेयक पेश किया था जिसे बहुत कम अंतर के साथ पिछले हफ्ते यूएस हाउस ऑफ़ रेप्रेज़ेंटेटिव्स ने पास किया। अब यह बिल सीनेट के पास जाएगा। जबकि मस्क ने एक मीडिया साक्षात्कार में कहा था कि इस बिल से संघीय घाटा बढ़ेगा और ये बिल डीओजीई में किए जा रहे 'कामों को कमज़ोर' करता है। उन्होंने यहां तक कह दिया कि 'ट्रंप की योजना बजट घाटे को कम करने की जगह बढ़ाएगी।' लेकिन इस बजट बिल को ट्रंप ने बड़ा और सुंदर बताया था, इस पर मस्क ने कहा, यह बिल बड़ा या सुंदर हो सकता है? मुझे नहीं पता कि ये दोनों हो सकता है। गौरतलब है कि इस बिल में चार ट्रिलियन डॉलर के कर्ज की सीमा को बढ़ाने का प्रस्ताव है, जिसका मतलब है कि अपने खर्चों के लिए सरकार अधिक कर्ज ले सकती है। लिहाजा उनके इस बयान के बाद से ही लगने लगा था कि ट्रंप प्रशासन और एलन मस्क के बीच दूरियां बढ़ने लगी हैं। दूसरा, अमेरिका के राष्ट्रपति की कैबिनेट बैठकों में जो नोकझोंक उनके चलते हुए, उससे भी मस्क का प्रभाव कम किया गया। बता दें कि बैठक के दौरान ही खर्च कटौती को लेकर एलन मस्क और ट्रंप सरकार के कुछ मंत्रियों के बीच मतभेद तीखे हो गए थे। बताया जाता है कि मार्च 2025 की शुरुआत में सरकारी खर्च और कर्मचारियों की संख्या में कटौती के एलन मस्क के प्रयासों पर चर्चा करने के लिए कैबिनेट मंत्रियों की एक बैठक बुलाई गई थी। लिहाजा, इस बैठक के दौरान मस्क व नेताओं में तीखी नोकझोंक हुई और विदेश मंत्री मार्को रुबियो की आलोचना करते हुए मस्क ने कहा कि वो टीवी पर ही अच्छे दिखते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, मस्क ने विदेश मंत्री मार्को रुबियो पर विदेश विभाग में पर्याप्त स्टाफ़ की कटौती करने में विफल रहने का आरोप लगाया। वहीं, एलन मस्क की इस दौरान परिवहन मंत्री सीन डफ़ी के साथ भी बहस हुई क्योंकि डीओजीई ने फ़ेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन में ट्रैफ़िक कंट्रोलर्स की संख्या कम करने की कोशिश की, जबकि उनकी संख्या पहले से ही कम है। समझा जाता है कि ये बहस इतनी ज्यादा बढ़ गई कि ट्रंप को बीच-बचाव करना पड़ा और डीओजीआई की शक्तियों को परिभाषित करना पड़ा। तब ट्रंप ने कहा था कि वो अब भी डीओजीई का समर्थन करते हैं, लेकिन अब से फ़ैसला लेने का काम मंत्रियों के पास ही होगा और मस्क की टीम का काम सिर्फ़ सलाह देना होगा। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, ये बैठक बहुत जल्दबाज़ी में बुलाई गई थी और ट्रंप के हस्तक्षेप को इस बात का संकेत माना गया कि राष्ट्रपति ने एलन मस्क को मिली व्यापक शक्तियों को कम करने का निर्णय लिया। शायद यही बात एलन मस्क को नागवार गुजरी थी और है।

तीसरा, डीओजीई बनते ही विवेक रामास्वामी जिस तरह से बाहर हुए, उसका भी यह साइड इफेक्ट्स समझा जाता है। क्योंकि ट्रंप ने चुनाव जीतने के बाद विवेक रामास्वामी को एलन मस्क के साथ डीओजीई की ज़िम्मेदारी दी थी। लेकिन ट्रंप ने डीओजीई के गठन का एलान करते हुए इसकी ज़िम्मेदारी टेस्ला और स्पेसएक्स के मालिक एलन मस्क के साथ विवेक रामास्वामी को दी थी। तब ट्रंप ने विवेक रामास्वामी को देशभक्त अमेरिकी बताया था। लेकिन डीओजीई ने पहला फ़ैसला खुद को लेकर किया और कहा गया कि डीओजीई को केवल मस्क देखेंगे और विवेक रामास्वामी इससे बाहर हो गए। बता दें कि रामास्वामी महज़ 39 साल के अमेरिकी नागरिक हैं। चूंकि डीओजीई बनाने में विवेक रामास्वामी की अहम भूमिका मानी जाती है, इसलिए उनके साथ ठीक नहीं हुआ। हालांकि वह एफ़बीआई तक को बंद करने की वकालत करते रहे हैं। उस समय मीडिया में ऐसी ख़बरें भी आईं कि एच-1 वीज़ा को लेकर ट्रंप और विवेक के बीच मतभेद पैदा हो गया था। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, ट्रंप के क़रीबियों का कहना है कि रामास्वामी कंजर्वेटिव्स से सोशल मीडिया पर एच-1 बी वीज़ा को लेकर उलझ रहे थे और यह ट्रंप को पसंद नहीं आया। रामास्वामी हाई स्किल्ड वर्कर्स को एच-1 बी वीज़ा देने का समर्थन कर रहे थे, लेकिन ट्रंप के कई समर्थक इसका विरोध कर रहे थे। चतुर्थ, संघीय विभागों में कर्मचारियों की छंटनी भी एलन मस्क को भारी पड़ी। चूंकि अप्रैल 2025 में वॉशिंगटन डीसी में छंटनी के ख़िलाफ़ कर्मचारी संगठनों ने प्रदर्शन किया, क्योंकि एलन मस्क की टीम ने देश के लाखों संघीय कर्मचारियों को आधिकारिक सरकारी अकाउंट से कई ईमेल भेजे थे। जिसमें उन्हें इस्तीफ़े के बदले कई महीनों का वेतन (एकमुश्त रकम) देने की बात कही गई थी।

# 'आपरेशन सिंदूर' के बाद 'आपरेशन बंगाल' की चुनौती

(डा. रवीन्द्र अरजरिया)

देश की राजनीति निम्नता की चरम सीमा पर पहुंचती जा रही है। समाज सेवा के सर्वोच्च मापदण्डों पर स्थापित सत्ता के गलियारों में अब सिंहासन तक पहुंचने के लिए व्यक्तिगत, जातिगत, क्षेत्रगत, भाषागत, सम्प्रदायगत जैसे मुद्दों को प्रचारित किया जा रहा है ताकि वर्ग-विभाजन करके वोट बैंक में इजाफा किया जा सके। राष्ट्रीय सुरक्षा की कीमत पर भी लोकप्रियता की ऊंचाइयां पाने की मंशा में पागल हो चुके चन्द राजनेताओं ने अपनी भाषा, हावभाव और आचरण से देश की अस्मिता को तार-तार करना शुरू कर दिया है। 'आपरेशन सिंदूर' तक पर विपक्षी दलों ने मनमाने आरोप लगाना शुरू कर दिये हैं। प्रमाणिकता की परिधि से कहीं दूर जाकर सोशल मीडिया पर उत्तेजनात्मक संवाद, दृश्य और दृष्टान्त डलवाये जा रहे हैं ताकि सामाजिक एकरसता को विभाजित करके चौधरी बना जा सके। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की निजी जिन्दगी तक को निशाने पर लिया और सेना के पराक्रम पर केन्द्रित 'आपरेशन सिंदूर' की तर्ज पर 'आपरेशन बंगाल' करने की चुनौती तक दे डाली। चुनावी समर में रोहिंग्या, बंगलादेशी सहित अन्य विदेशी घुसपैठियों की दम पर जीत का दावा करते हुए तत्काल चुनाव कराने, मुक्त संवाद करने तथा सीधा मोर्चा खोलने की बात कहने वाली तृणमूल कांग्रेस की मुखिया ने अपनी तानाशाही का परचम एक बार फिर फहराने की कोशिश ही की है। अतीत गवाह है कि ममता बनर्जी पर हमेशा से ही राष्ट्रद्रोहियों, घुसपैठियों तथा असामाजिक तत्वों को आश्रय देने के आरोप लगते रहे है। अतिगम्भीर आरोपियों का पक्ष लेकर राज्य सरकार ने संदेशखाली में महिलाओं का यौन शोषण, जबरन वसूली, जमीन हडपने जैसे आपराधिक कृत्यों के आरोपियों को कथित रूप से बचाने हेतु उच्चतम न्यायालय तक के दरवाजे पर दस्तक तक दी थी। राज्य सरकार की ओर से प्रस्तुत की गई याचिका पर सवालिया निशान लगाते हुए जस्टिस बी. आर. गवई और जस्टिस के. वी. विश्वनाथन की बेंच ने पश्चिम बंगाल सरकार के वकील अभिषेक सिंहवी से पूछा था कि एफआईआर चार साल पहले दर्ज की गई थी। आरोपी कौन है? गिरफ्तारियां कब की गईं? किसी को बचाने में राज्य सरकार की दिलचस्पी क्यों होना चाहिए? उल्लेखनीय है कि संदेशखाली काण्ड में तृणमूल कांग्रेस नेता शाहजहां शेख, शिबू हाजरा, उत्तम सरदार, रंजू, संजू सहित अन्य लोगों के नाम उभर कर सामने आये थे। केन्द्रीय एजेन्सियों के कामों में दखल देने से लेकर राज्यपाल की गरिमा तक को प्रभावित करने वाली पार्टी की तानाशाही के सामने देश का संविधान जार-जार आंसू रोता रहा है। मुर्शिदाबाद में 70 प्रतिशत से अधिक पहुंच चुकी मुस्लिम आबादी ने अब वहां जेहादी परचम फहराना शुरू कर दिया है। कश्मीरी हिन्दुओं की तर्ज पर गैर मुस्लिम समुदाय को क्षेत्र छोडने की धमकी दी जा रही है। पश्चिम बंगाल उच्च न्यायालय द्वारा गठित जांच समिति ने मुर्शीदाबाद काण्ड के लिए ममता सरकार को पूरी तरह कटघरे में खड़ा कर दिया हैं। जांच आख्या में तृणमूल कांग्रेस के नेताओं व्दारा दंगा भडकाने तथा नेतृत्व करने, स्थानीय प्रशासन व्दारा निष्क्रियता बरतने, केवल हिन्दुओं को निशाना बनाने, पुलिस व्दारा जानबूझकर उपेक्षा करने जैसे अनेक खुलासे किये गये हैं। वहां के राज्यपाल सी. वी. आनन्द बोस ने गृह मंत्रालय को भेजी अपनी रिपोर्ट में तो कट्टरपंथ और उग्रवाद को प्रदेश के लिए बडा खतरा बताते हुए बंगलादेश की सीमा पर स्थित मुर्शीदाबाद, दिनाजपुर और मालदा जिलों में अल्पसंख्यक हो चुके हिन्दुओं की सुरक्षा पर भी प्रश्नचिन्ह अंकित किये हैं। मुर्शीदाबाद का पूरा घटनाक्रम पहले से निर्धारित षडयंत्र की व्यवहारिक परिणति थी। मालूम हो कि इसी क्षेत्र में 14 दिसम्बर 2019 में सीएए के विरोध में रेलवे स्टेशन, बसों, सार्वजनिक प्रतिष्ठानों, हिन्दुओं की दुकानों-मकानों-वाहनों तक में तोडफोड-लूटपाट की गई थी। लालगोला और कृष्णापुर स्टेशन पर 5 ट्रेनों में आग लगा दी गई थी। सूती में पटरियां तोड दी गईं थी। उस दौरान वहां मौजूद पुलिसकर्मियों पर मूकदर्शक बने रहने के आरोप लगाये गये थे। सन् 2024 में रामनवमी उत्सव के दौरान मुर्शीदाबाद के शक्तिपुर क्षेत्र में हिंसा भडकी थी। जुलूस पर छतों से पत्थरों के प्रहार किये गये थे। बंगाल का नार्थ 24 परगना, कोलकता, हावडा, साउथ 24 परगना, मालदा, मुर्शीदाबाद जैसे अनेक जिले मुस्लिम बाहुल्य हो गये हैं। गैर मुसलमानों को निरंतर प्रताडित किया जा रहा हैं। 'फैक्ट फाइंडिंग टीम' की रिपार्ट के अनुसार पश्चिमी बंगाल में बंगलादेशी, रोहिग्या सहित अनेक विदेशी घुसपैठिये भारी संख्या में मौजूद हैं जिन्हें फर्जी दस्तावेजों के सहारे भारतीय नागरिक घोषित कराया गया है। आये दिन होने वाली हिंसक घटनाओं से भय और असुरक्षा का वातावरण निर्मित करके क्षेत्र से गैर मुसलमानों को भगाने का सुनियोजित षडयंत्र अब तेज होता जा रहा है। वहां पर एनजीओ, समाज सेवी संस्थाओं, धार्मिक संस्थाओं, समितियों, ट्रस्ट आदि की आड लेकर कट्टरपंथियों की जमातें राजनैतिक दलों के संरक्षण में अपने मंसूबे पूरे करने में जुटीं हैं।

**अतीत गवाह है कि ममता बनर्जी पर हमेशा से ही राष्ट्रद्रोहियों, घुसपैठियों तथा असामाजिक तत्वों को आश्रय देने के आरोप लगते रहे है। अतिगम्भीर आरोपियों का पक्ष लेकर राज्य सरकार ने संदेशखाली में महिलाओं का यौन शोषण, जबरन वसूली, जमीन हडपने जैसे आपराधिक कृत्यों के आरोपियों को कथित रूप से बचाने हेतु उच्चतम न्यायालय तक के दरवाजे पर दस्तक तक दी थी।**

# रक्षा में आत्मनिर्भरता के बढ़ते कदमों से बढ़ती सैन्य-ताकत

**हमें निश्चित करना चाहिए कि आधुनिक लड़ाकू विमानों के निर्माण तय समय में हो, इसके लिए हरसंभव उपाय किए जाने चाहिए। ऐसे फैसलों से भारत की ताकत बढ़ती है, दुनिया की अधीनता कमतर होती है। गौरतलब है, अभी तक अमेरिका, रूस और चीन ने ही पांचवीं पीढ़ी के स्वदेशी लड़ाकू विमान बनाने में सफलता हासिल की है। इस योजना के जरिये दुनिया को यह संदेश देना है कि भारत अब पांचवीं पीढ़ी का लड़ाकू विमान खरीदने की बजाय खुद बनाने का काम करेगा। इस स्वदेशी विमान के डिजाइन और विकास के लिए सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति ने हाल ही में पन्द्रह हजार करोड़ रुपये की राशि मंजूर की थी।**

(ललित गर्ग)

मौजूदा समय में लड़ाकू विमान के लिए भारत अमेरिका और पश्चिमी देशों और रूस पर निर्भर है। देश में लड़ाकू विमानों की कमी भी है। ऐसे में सरकार स्वदेशी निर्मित आधुनिक लड़ाकू विमान के निर्माण को बढ़ावा देने की दिशा में कदम उठाकर सूझबूझ एवं दूरगामी सोच का परिचय दिया है।

ऑपरेशन सिंदूर की शानदार कामयाबी, पाकिस्तान को करारी चोट पहुंचाने, विश्व को भारत की सैन्य ताकत दिखाने और अपने सैनिकों के अद्भुत पराक्रम के प्रदर्शन की गौरवपूर्ण स्थितियों के बीच एक बड़ी खुशखबरी है कि भारत सरकार ने पांचवीं पीढ़ी के स्वदेशी लड़ाकू विमान (एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट यानी एएमसीए) के प्रोडक्शन मॉडल को मंजूरी देते हुए इस परियोजना पर आगे बढ़ने को हरी झंडी दिखा दी है। निश्चित ही इस फैसले से दुनिया की महाशक्तियां चौंकी है, वहीं यह भारतवासियों के लिये एक नई आशा एवं संभावनाभरी खुशखबरी है। क्योंकि दुनिया की महाशक्ति बनने के लिये सैन्य साजो-सामान की दृष्टि से आत्म निर्भर होना प्रथम प्राथमिकता है। दुनिया पर वर्चस्व स्थापित करने का यह सबसे बड़ा आधार है कि हम सैन्य साजो सामान में स्वावलम्बी ही नहीं, निर्यातक बने। क्योंकि उन्हें दूसरे देशों से खरीदने में विदेशी पूंजी का व्यय होने के साथ कई तरह के दबावों का भी सामना करना पड़ता है। दूसरे देश अपनी शर्तों पर ये हमें उपलब्ध कराते हैं, अर्थ का व्यय भी स्वदेशी उत्पादन की तुलना में बहुत ज्यादा करना पड़ता है। जबसे रक्षा सामग्री के निर्माण में निजी क्षेत्र की भागीदारी बढ़ाई गई है, तब से भारत का रक्षा निर्यात तेजी से बढ़ा है। रक्षा मंत्रालय के ताजा फैसले के बाद सरकारी और निजी क्षेत्र की कंपनियों के शेयर जिस तरह उछले, उससे यही पता चलता है कि देश रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर होने के लिए नई दिशाओं को उद्घाटित कर रहा है।

निश्चित ही पांचवीं पीढ़ी के उन्नत लड़ाकू विमानों का देश में ही निर्माण करने और उसमें निजी क्षेत्र का



सहयोग लेने की रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की घोषणा एक ऐसा फैसला है, जो दूरगामी एवं देशहित का सराहनीय कदम है। ऐसे फैसलों में बिना विलम्ब के प्रोत्साहन एवं सहयोग होना चाहिए। हमें निश्चित करना चाहिए कि आधुनिक लड़ाकू विमानों के निर्माण तय समय में हो, इसके लिए हरसंभव उपाय किए जाने चाहिए। ऐसे फैसलों से भारत की ताकत बढ़ती है, दुनिया की अधीनता कमतर होती है। गौरतलब है, अभी तक अमेरिका, रूस और चीन ने ही पांचवीं पीढ़ी के स्वदेशी लड़ाकू विमान बनाने में सफलता हासिल की है। इस योजना के जरिये दुनिया को यह संदेश देना है कि भारत अब पांचवीं पीढ़ी का लड़ाकू विमान खरीदने की बजाय खुद बनाने का काम करेगा। इस स्वदेशी विमान के डिजाइन और विकास के लिए सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति ने हाल ही में पन्द्रह हजार करोड़ रुपये की राशि मंजूर की थी। अब रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) की एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी (एडीए) इस प्रोजेक्ट का नेतृत्व करेगी और डीआरडीओ के मुखिया की मानें, तो अगले एक दशक में यह लड़ाकू विमान भारतीय वायु सेना के बेड़े का हिस्सा होगा। निस्संदेह, हमारे रक्षा वैज्ञानिकों की सराहना की जानी चाहिए कि उनके अथक परिश्रम, तकनीकी कौशल और मेधा के कारण देश जल्द ही सुरक्षा साजो-सामान के मामले में भी आत्म-निर्भर बन जाएगा। इन स्थितियों के लिये जहां रक्षामंत्री राजनाथ सिंह की सराहना होनी चाहिए वही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व का लोहा मानना चाहिए। मौजूदा समय में भारत लड़ाकू विमान के मामले में दूसरे देशों पर निर्भर है। सरकार ने इस दिशा में भी आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए बड़ा कदम उठाया है। इस फैसले से घरेलू एयरोस्पेस इंडस्ट्री को सशक्त बनाने में मदद मिलेगी। एएमसीए का विकास भारतीय वायु सेना की लड़ाकू क्षमताओं को मजबूत करने और देश की रक्षा को बढ़ावा देने में मील का पत्थर साबित होगा। पडोसी देशों की हरकतों, युद्ध की संभावनाओं एवं षडयंत्रों को देखते हुए आने वाले समय में होने वाले युद्ध में वायुसेना की क्षमता और तकनीक को अधिक सशक्त बनाने की अपेक्षा है। भारत हमेशा से एक शांतिकामी मुल्क रहा है, मगर अपनी सरहदों व विशाल आबादी की सुरक्षा के लिए वह दूसरे देशों के हथियारों या सुरक्षा उपकरणों पर पूरी तरह निर्भर नहीं रह सकता। विदेशी लड़ाकू विमानों या हथियारों की खरीद में उनके तकनीकी हस्तांतरण को लेकर कई तरह की पेचीदगियां पेश आती हैं। कई देश उन्नत रक्षा उपकरण तो दे देते हैं, लेकिन उनकी तकनीक नहीं देते या फिर उनके कलपुर्जे देने में देरी करते हैं। इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि पर्याप्त संख्या में तेजस लड़ाकू विमान बनाने में इसलिए विलंब हो रहा है, क्योंकि अमेरिका उनके लिए इंजन देने में आनाकानी कर रहा है। इसलिए एचएएल, डीआरडीओ की स्थापना की जरूरत मससूस की गई थी और आज इनके बनाए हथियार न सिर्फ हमारी सैन्य शक्ति का हिस्सा बन रहे हैं, बल्कि इस वजह से हमारा 20 फीसदी से भी अधिक सैन्य आयात कम हुआ है। आज हम अपने स्वदेशी लड़ाकू विमान तेजस दुनिया को बेचने की स्थिति में हैं।

मौजूदा समय में लड़ाकू विमान के लिए भारत अमेरिका और पश्चिमी देशों और रूस पर निर्भर है। देश में लड़ाकू विमानों की कमी भी है। ऐसे में सरकार स्वदेशी निर्मित आधुनिक लड़ाकू विमान के निर्माण को बढ़ावा देने की दिशा में कदम उठाकर सूझबूझ एवं दूरगामी सोच का परिचय दिया है। आज जब युद्ध के तौर-तरीके बदल रहे हैं, तब भारत को हर तरह की रक्षा सामग्री स्वदेश में ही बनाने में इसलिए सक्षम होना होगा, क्योंकि ऐसा करके ही वह सच्चे अर्थों में महाशक्ति बन सकता है। प्रारंभ में विदेशी कंपनियों का सहयोग लेने में हर्ज नहीं, क्योंकि ऐसा करके ही तेजी के साथ उन्नत रक्षा समाग्री का निर्माण किया जा सकता है। भारत आधुनिक रक्षा उपकरण एवं तकनीक का निर्माण करने में सक्षम है, इसे आपरेशन सिंदूर ने साबित भी कर दिया। हमारे रक्षा उपकरणों और तकनीक ने जिस तरह तुर्किये के ड्रोन की हवा निकालने के साथ चीनी एयर डिफेंस की पोल खोल दी, उसे विश्व भर के रक्षा विशेषज्ञ भी मान रहे हैं।

रूस के सहयोग से बनी ब्रह्मोस मिसाइल और स्वदेशी तकनीक पर आधारित आकाश ने सिद्ध किया कि हमारे रक्षा विज्ञानी किसी से कम नहीं। उन्हें भरपूर प्रोत्साहन देने की आवश्यकता है। भारत की रक्षा सेना दुनिया में सबसे शक्तिशाली और सम्मानित सेनाओं में से एक है, जो अपने आकार, ताकत और उन्नत तकनीक के साथ वैश्विक मंच पर धूम मचा रही है। चाहे सीमाओं पर गश्त करना हो, आसमान की सुरक्षा करनी हो या विशाल हिंद महासागर को सुरक्षित रखना हो, भारत की सेना एक ऐसी ताकत है जिसका लोहा माना जाना चाहिए। भारत का लक्ष्य सिर्फ़ वैश्विक सैन्य शक्तियों के साथ बने रहनाभर नहीं है-यह उनके साथ है बल्कि अब उससे आगे भी आना है। किसी भी युद्ध या संघर्ष में वायु सेना की भूमिका निर्णायक हो चली है। हमास-इजरायल जंग हो या रूस-यूक्रेन लड़ाई, इस तथ्य को पूरी दुनिया स्वीकारती है।

## संक्षिप्त समाचार

### फ्लाईओवर का मरम्मति कार्य युद्ध स्तर पर जारी

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बैंक मोड़ फ्लाईओवर की दूसरी लेन में मरम्मत काम शुरू हो गया है। प्रथम चरण में 70 मीटर लंबाई में 6 जून तक काम पूरा हो जाएगा। पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता मिथिलेश प्रसाद एवं ठेकेदार संजय गोटीवाले ने बताया कि जिला प्रशासन के निदेर्शानुसार दूसरी लेन में भी दिन-रात युद्ध स्तर पर मरम्मत कार्य जारी है। दूसरी लेन के 70 मीटर लंबाई में पुराना बिटुमेन, कंक्रीट, एक्सपेंशन जॉइंट हटाना और स्लैब का सफाई कार्य जारी है, जो सोमवार शाम तक पूरा हो जाएगा। प्रथम चरण में 6 स्पैन और 6 एक्सपेंशन जॉइंट की मरम्मत की जाएगी। इसके बाद कंक्रीटीकरण, उसका क्योरिंग (पानी पटाने का कार्य) जारी रहेगा। वहीं संभावना है कि 9 जून को फ्लाईओवर की प्रथम लेन यातायात के लिए खोल दी जाएगी। इसी दिन दूसरी लेन में द्वितीय चरण का काम शुरू होगा। द्वितीय चरण में 12 स्पैन एवं 13 एक्सपेंशन जॉइंट की मरम्मत की जाएगी। 18 जून तक कंक्रीटीकरण का काम पूरा करने का लक्ष्य है।



### गोविंदपुर से ट्रक चोरी का मामला पहुंचा थाना

**गोबिंदपुर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** गोविंदपुर थाना क्षेत्र के कौआबांध के समीप से एक ट्रक चोरी होने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में भुक्तभोगी ट्रक मालिक द्वारा स्थानीय थाना में लिखित शिकायत की गई है। ट्रक मालिक धनबाद रानीबांध निवासी अमित कुमार श्रीवास्तव ने गोविंदपुर थाना में लिखित शिकायत करते हुए बताया है कि टुंडी थाना क्षेत्र के महाराजगंज बरवाटांड़ निवासी ट्रक चालक किशन महतो 31 मई की शाम लगभग पांच बजे मेरी ट्रक को गोविंदपुर के कौआबांध में ट्रक को खड़ा कर अपना घर टुंडी चला गया था। वह जब एक जून की सुबह घर से वापस कौआबांध के समीप आया तो पाया कि ट्रक गायब है काफी खोजबीन के बाद भी ट्रक का पता नहीं चल सका। ट्रक चोरी की सूचना पर पहुंच मैं भी ट्रक को अपने स्तर से खोजने का प्रयास किया लेकिन ट्रक नहीं मिला , जिसके बाद उन्होंने ट्रक चोरी की लिखित शिकायत गोविंदपुर थाना में की गई है।




### मशरक नगर पंचायत की सड़कें बनीं अतिक्रमण का शिकार

**मशरक (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर पंचायत क्षेत्र की सड़कों पर बिल्डिंग मटेरियल का अतिक्रमण दिनोंदिन बढ़ता जा रहा है। बालू, गिट्टी, ईंट और मलबा सड़कों पर खुलेआम फेंका जा रहा है। जिससे राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वार्डों की स्थिति यह है कि शायद ही कोई वार्ड बचा हो जहां सड़क के बीचोंबीच निर्माण सामग्री न रखी गई हो। गिट्टी व बालू से वाहन फिसलने की घटनाएं आम हो गई हैं। स्थानीय लोगों ने नगर पंचायत प्रशासन पर उदासीनता का आरोप लगाते हुए कहा कि अतिक्रमण के खिलाफ अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। रामजानकी पथ एन एच- 227ए, एसएच-90 व एसएच-73 जैसी मुख्य सड़कों पर भी अतिक्रमण के कारण जाम लगना आम बात हो गई है। बीते माह प्रशासन द्वारा मापी कर कार्रवाई की बात कही गई थी, लेकिन मामला ठंडे बस्ते में चला गया।

### हत्या पीड़ित परिवारों से मिले जनसुराज शिष्टमंडल

**इसुआपुर (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** छपरा में दो व्यवसाइयों की हत्या के बाद पीड़ित परिजनों से मिलने के लिए जनसुराज पार्टी का शिष्टमंडल गंगोई पहुंचा। शिष्टमंडल का नेतृत्व पूर्व जिला परिषद सदस्य कन्हैया सिंह ने किया। उन्होंने इस हत्या को जिले पर कलंक बताया और राज्य सरकार पर कानून व्यवस्था विफल होने का आरोप लगाया। उन्होंने सरकार से मृतकों के परिजनों को 50-50 लाख रुपये मुआवजा और एक-एक सदस्य को नौकरी देने की मांग की। मौके पर जनसुराज के कमलेश सिंह, अरविंद सिंह, शिव कुमार, सूरज कुमार व इंजीनियर शिवम भी उपस्थित रहे।

### स्कूली बच्चों के बीच कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित

**तरैया (सारण) नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पचभिंडा पंचायत भवन पर रविवार को स्कूली बच्चों के बीच कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में पहला मुकाबला होली क्रॉस पब्लिक स्कूल, तरैया और होली होम स्कूल, शाहनेवाजपुर के बीच खेला गया जिसमें होली क्रॉस विजेता रही। दूसरे मुकाबले में ज्ञान गंगा एकेडमी, नेवारी ने एमएस स्कूल, नेवारी को हराया। इस अवसर पर पिंटू कुमार यादव, आशीष कुमार सिंह, महेश कुमार सिंह, अक्षय प्रताप सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक

**तरैया (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बकरीद को लेकर रविवार को रसीदपुर गांव में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पूर्व जिला पार्षद डॉ. अब्दुल्ला खां और थानाध्यक्ष आशुतोष सिंह ने की। बैठक में त्योहार को शांति व सौहार्द के साथ मनाने की अपील की गई। इस अवसर पर अनिल सिंह, सुरेंद्र सिंह, मुन्ना मियां, कौसर अली सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### मशरक में भारतीय भाषा समर कैंप का समापन

**मशरक (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** केंद्रीय विद्यालय मशरक में सात दिवसीय 'भारतीय भाषा समर कैंप' का समापन सोमवार को हर्षोल्लास के साथ हुआ। इस शिविर में छात्रों ने मैथिली भाषा सीखी और मिथिला की संस्कृति, खानपान व लोककला से परिचित हुए। समापन कार्यक्रम में बच्चों ने मैथिली में संचालन, वातार्लाप, लोकगीत व झिझिया नृत्य प्रस्तुत किया। विद्यालय की प्राचार्या रंजना झा ने बच्चों को प्रमाण पत्र प्रदान किया और संस्कृत शिक्षक राहुल कान्त पांडेय को सफल संचालन के लिए धन्यवाद दिया।

### अलग-अलग घटनाओं में आधा दर्जन घायल

**मशरक (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मशरक क्षेत्र में हुई अलग-अलग घटनाओं में छह से अधिक लोग घायल हो गए। सिरसा जलालपुर गांव में जामुन के पेड़ को लेकर हुए विवाद में छह लोग घायल हुए। कवलपुरा गांव में आनंद कुमार करंट की चपेट में आकर अचेत हो गए। पानापुर के तुर्की गांव में आंधी में उड़े करकट से आठ वर्षीय रौशनी कुमारी घायल हो गई। वहीं एक अन्य घटना में मशरक निवासी मुकेश कुमार सड़क हादसे में घायल हो गए।

# भारत की आत्मा है संविधान, इसके साथ छेड़छाड़ नहीं होगी बर्दाश्त : केशव महतो कमलेश

**प्रदेश अध्यक्ष सहित कई वरीय नेताओं ने संविधान बचाव कार्यक्रम में केंद्र सरकार के विरुद्ध भरी हुंकार**

**मेदिनीनगर (पलामू)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** संविधान हमारी आत्मा है। इसमें छेड़छाड़ कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उक्त बातें कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कही। वे रविवार को पलामू जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से जिला स्तरीय संविधान बचाओ रैली में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि केंद्र सरकार ने संविधान के साथ छेड़छाड़ करने की कोशिश की तो जरूरत पड़ने पर संसद से लेकर सड़क तक आंदोलन करेंगे। उन्होंने केंद्र सरकार पर प्रहार करते हुए कहा कि केंद्र सरकार सिर्फ हिंदू मुस्लिम कर अपनी रोटी सेंकने का काम कर रही है। कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा कि देश राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के विचारों से चल सकता है न कि बापू के हत्यारे गोडसे के आदर्शो से। भाजपा संविधान में कटौती कर हरिजन- आदिवासी व पिछड़ों के शिक्षा में कटौती कर रही है। भाजपा वालों ने यह अफवाह फैलाया हैं कि कांग्रेस व झामुमो की सरकार में पेंशन को काटने का काम किया है। जबकि केंद्र सरकार ने पेंशन का हिस्सा नहीं दे रही है, इसके कारण वृद्धों को पेंशन नहीं मिल पाया है। वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कहा कि राजनीति सुचिता के बिना राजनीति संभव नहीं है। बीजेपी कभी भी हरिजन-आदिवासी को आगे बढ़ते नहीं देखना चाहती हैं। हिंदुवाद का नारा केवल वोट के लिए है। सत्ता हथियाना के लिए किया जाता है। असली सता का आनंद अडानी व अंबानी ले रहे हैं। पूर्व राज्यसभा सांसद प्रदीप बालमुचू ने कहा कि राहुल गांधी लगातार संविधान को बचाने के लिए संविधान बचाओ रैली के तहत जागरूकता अभियान चला रहे हैं। वे लोग भी पूरे झारखंड में संविधान को बचाने के लिए जागरूकता रैली कर रहे हैं। पलामू प्रभारी विनय सिन्हा उर्फ दीपू ने कहा कि जिस तरह मोदी की सरकार संविधान व सरकारी संस्थाओं के साथ खेल रही है, इसका विरोध हमारे संगठन हमेशा करती रहेगी। जिला अध्यक्ष जैस रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने कहा कि देश का संविधान खतरे में है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने संविधान को लागू करने का प्रयास कर रहे हैं। इसके परिणाम स्वरुप समाज में विभिन्न प्रकार के जुल्म हो रहे हैं।लोगों के मौलिक अधिकारों का हनन हो रहा है। उन्होंने राहुल गांधी के संविधान को पुनर्जीवित करने के प्रयासों की सराहना की।कहा कि 2024 लोकसभा चुनाव में भाजपा के 400 पार के नारे की हवा निकल गई। इसके पूर्व कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर, पूर्व वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, गौ रक्षा के अध्यक्ष राजीव रंजन, पूर्व राज्यसभा सांसद प्रदीप बालमुचू, प्रदेश प्रवक्ता डॉ एम तौसीफ, शांतनु मिश्रा, जिला प्रभारी विनय सिन्हा उर्फ दीपू ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इसके पूर्व अतिथियों सहित नेताओं का कार्यकताओं ने अंबेडकर पार्क स्थित डॉ आंबेडकर के प्रतिमा पर पुष्प माला दिया। इसके पश्चात अतिथियों व पार्टी नेताओं ने पैदल मार्च करते हुए टाउन हॉल स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि के साथ सभा की। कार्यक्रम में सोमेश्वर प्रसाद, विजय चौबे, रामाशीष पांडेय, विमला कुमारी, पूर्णिमा पांडेय, चंद्रशेखर शुक्ला, लक्ष्मी तिवारी, ईश्वरी सिंह, शमीम अहमद राईन, पूर्व प्रत्याशी लाल सूरज, सुधीर चंद्रवंशी, जितेंद्र कमलापुरी, अजय साहू, हसनैन जड़ी, रुद्र शुक्ला, सत्यानंद दुबे, मुकेश सिंह चंदेल, मिथिलेश सिंह, अशोक पासवान, नवल किशोर पाठक, अवध बिहारी सिंह, शमीम अंसारी, रामचंद्र दीक्षित सहित बड़ी संख्या में नेता कार्यकर्ता मौजूद थे।

## सिविल सर्जन के आदेश की अवहेलना कर रहे हैं कर्मचारी



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी अपने वरीय पदाधिकारी यानी सिविल सर्जन के आदेश भी नहीं मानते हैं। ऐसा मामला सामने आया है। जहां सिविल सर्जन के वर्ष 2024 और 2025 में पत्र लिखने के बाद भी शहरी स्वास्थ्य केंद्र सेक्टर 6 में संचालित एन यू एच एम कार्यालय को ए एन एम टी सी भवन में स्थानांतरित नहीं किया जा रहा है। सेक्टर 6 में एन यू एच एम बोकारो के सी दी पी एम सैफुल्लाह अंसारी और सी सी एच एम मोहम्मद शब्बीर अनवर को पत्र के माध्यम से सिविल सर्जन के द्वारा कार्यालय को शिफ्ट करने का आदेश दिया जा रहा था। लेकिन दोनों ही कर्मियों के द्वारा इसकी अवहेलना की जा रही थी। बार-बार पत्र लिखने के बाद मोहम्मद शब्बीर अनवर ने अपना योगदान एएनएमटीसी भवन में दे दिया। लेकिन सैफुल्लाह अंसारी के द्वारा पत्र की अवहेलना की गई। सैफुल्लाह अंसारी ना तो सेक्टर 6 और नहीं एएनएमटीसी भवन में ही अपना हाजिरी बनाने का काम कर रहा था। दोनों ही जगह रजिस्टर में दस्तखत नहीं पाया गया। सेक्टर 6 में सैफुल्लाह अंसारी 13 मई से ही हाजिरी नहीं बना रहा था जबकि शब्बीर 15 मई से। जब एएनएमटीसी भवन के उपस्थिति पंजी पर नजर दौड़ाया गया तो शब्बीर के द्वारा 17 मई से अपनी उपस्थिति दर्ज कराई जा रही थी ,जबकि सैफुल्लाह के द्वारा यहां भी उपस्थिति दर्ज अपनी नहीं कर रहा था। सिविल सर्जन डॉक्टर अभय भूषण प्रसाद ने कहा कि पत्र बार-बार लिखा जा रहा था।

## वन भूमि पर अवैध रूप से किए गए ओबी डंप की हुई जांच

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपयुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन के द्वारा वन भूमि पर किए गए ओबी डंप के मामले की जांच के लिए बनाई गई समिति ने आज सुरंगा के गोल्डन पहाड़ी और पहाड़ीगोरा ओबी डंप के ऊपर जाकर मामले की जांच की। जांच में यह तथ्य सही पाया गया कि बीसीसीएल एवं उसकी अनुषंगी इकाई देवप्रभा कंपनी के द्वारा जानबूझकर वन भूमि पर ओबी डंप की गई है। समिति की अध्यक्षता कर रहे हैं एडीएम लॉ एंड ऑर्डर श्री पीयूष सिन्हा ने बीसीसीएल के जीएम लोधना एरिया से बारीकी से सभी सवाल पूछे। जीएम लोदना एरिया के द्वारा सवालों के जवाब देने में असमर्थता जताई गई साथ ही सभी सवालों के जवाब टालमटोल करते रहे। समिति के सदस्य के रूप में अपर समाहर्ता विनोद कुमार ने बीसीसीएल को नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि आपका व्यवहार सरकारी विभाग के कार्यप्रणाली से मेल नहीं खाता है । आपके कार्य प्रणाली से ग्रामीणों में आक्रोश और गुस्सा है। वही आपके द्वारा वन विभाग की भूमि पर ओबी डंप किया और जंगलों को नष्ट किया है । मौके पर उपस्थित डीएमओ के द्वारा बताया कि यह जानबूझकर बीसीसीएल के द्वारा की गई लापरवाही है 'जांच दल का नेतृत्व कर रहे एडीएम लॉ एंड ऑर्डर पीयूष सिन्हा ने मौके पर उपस्थित कंपनी के प्रतिनिधि एवं जीएम बीसीसीएल लोदना एरिया को 15 दिनों के अंदर ओबी हटाकर प्रतिवेदन करने को कहा है। उन्होंने कहा कि आपका यह कृत्य सरकारी अधिकारी के अनुकूल नहीं है। जरूरत पड़ने पर आपके विरुद्ध भी भारत सरकार को प्रतिवेदित किया जाएगा। मौके पर उपस्थित अंचल अधिकारी प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि बीसीसीएल के द्वारा 120 एकड़ अनाबाद जमीन, 65 एकड़ वन विभाग की जमीन और सैकड़ो एकड़ रैयतों की जमीन पर जबरन ओबी डंप किए हुए हैं। उन्होंने बताया कि पूर्व में एक पत्र बीसीसीएल के द्वारा देवप्रभा कंपनी को लिखा गया था, जिसमें यह स्पष्ट था कि संबंधित खाता प्लॉट वन विभाग की भूमि है उस तरफ आप ओबी डंप नहीं करें और आज बीसीसीएल कंपनी को बचाने में लगी हुई है। लेकिन दोषी किसी भी हाल में बक्से नहीं जाएंगे । 120 एकड़ अनाबाद जमीन पर भी आदेश अंतिम स्थिति में है। जल्द ही संबंधित पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



## पूर्व के विवाद में व्यक्ति को बाइक सवार ने मारी गोली

**घर के बाहर सोया था व्यक्ति, गंभीर अवस्था में पटना रेफर**

**बिहाटा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहटा थाना क्षेत्र के मुशेपुर गांव में बीते देर रात्रि के करीब एक बजे घर के बाहर सोये हुए व्यक्ति को अज्ञात बाइक सवार अपराधियों ने गोली मार कर फरार हो गया। इधर अचानक से गांव में गोली चलने के आवाज से हड़कंप मच गया। साथ ही आसपास और परिवार के लोग घटनास्थल पर जमा ये। आनन फानन में परिजयों ने घायल अवस्था व्यक्ति को उठाकर ईएसआईसी अस्पताल में भर्ती कराया । जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए पटना पीएमसीएच रेफर कर दिया गया।हालांकि स्थिति गंभीर बनी हुई है। घायल व्यक्ति की पहचान मूसेपुर गांव निवासी संजय मांझी के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलने के बाद स्थानीय पुलिस की टीम मौके पहुंच कर सभी मामलों पर जांच पड़ताल में जुट कर अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर इलाके में छापेमारी में जुट गई है।बताया जाता है कि बीते रात्रि को संजय मांझी अपने परिवार के साथ खाना खाकर घर के बाहर सोया हुआ था। तभी बाइक से दो युवक अचानक से पहुंचकर फायरिंग कर मौके से फरार हो गया है।संजय मांझी को कनपटी के पास गोली लगा है।हालांकि घटना के पीछे का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है।थानाप्रभारी राजकुमार पांडे ने बताया की सभी मामलों पर जांच किया जा रहा है। हालांकि घटना का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हो सका है। फिलहाल पुलिस घायल के परिवार से घटना को लेकर पूछताछ कर रही है लिखित आवेदन आने के बाद आगे कार्रवाई कीजाएगी।

## तिरहुत कैनाल में दो लड़के डूबे, लापता

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बैरिया थाना क्षेत्र में मुख्य तिरहुत केनाल में नहाने गए दो किशोर लापता हो गए। मौके पर बैरिया पुलिस द्वारा स्थानीय गोताखोरों के सहयोग से डूबे हुए दोनों लापता युवक की खोज कराया जा रहा है। घटना थाना क्षेत्र के मथौली पुल का है। जानकारी के अनुसार मुफस्सिल थाना के सुभाषनगर परवतिया टोला निवासी राजेश राम का पुत्र कुलदीप कुमार 17 वर्ष, कालीबाग थाना क्षेत्र के उतरवारी पोखरा निवासी सत्य प्रकाश पटेल के पुत्र रौशन पटेल 16 वर्ष एवं तीसरा लौरिया के सुगौली निवासी राहुल उमस भरी गर्मी से निजात पाने के लिए तीन दोस्त नदी में नहाने की योजना बनाई। तीन दोस्तों में दो दोस्तों ने अपनी मोबाइल तीसरे दोस्त को थमा दी और बोला कि तुम वीडियो बनाओ हम नहाने में जा रहे हैं। मोबाइल दे कर दो दोस्त नहर में कूद गए और देखते ही देखते गहरे पानी में डूब गए। डूबते हुए देखकर अचानक तीसरा दोस्त जोर-जोर से हल्ला करने लगा।

## मोटरसाइकिल सहित 5 किलोग्राम गांजा पुलिस ने किया जप्त

**गोविंदपुर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** वरीय पुलिस अधीक्षक द्वारा गठित छापामार दल देर रात गोविंदपुर थाना अंतर्गत निचितपुर गांव में छापेमारी कर पल्सर मोटरसाइकिल समेत 5 किलोग्राम गांजा जप्त किया। नगर पुलिस अधीक्षक के दिशा निर्देश में पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय वन शंकर कामती के नेतृत्व में गठित टीम में पुलिस इंस्पेक्टर शाह थाना प्रभारी रुस्तम अली एवं पुलिस अवर निरीक्षक शैलेंद्र कुमार समेत कई अधिकारी शामिल थे गठित टीम निचितपुर छापामारी करने पहुंची तो दो अज्ञात व्यक्ति पल्सर मोटरसाइकिल पर एक काला बैग लेकर संदिग्ध अवस्था में खड़ा पाया पुलिस छापामार दल जैसे ही निचितपुर हनुमान मंदिर के पास सड़क पर पहुंचा तो सड़क किनारे पुलिया पर दो व्यक्ति बैठे हुए थे। उसके पास एक काला रंग का बैग था तथा उसी के बगल में एक पल्सर मोटरसाइकिल लगी हुई थी पुलिस को अपनी ओर आते देख दोनों व्यक्ति अंधेरा एवं झाड़ी का लाभ उठाकर भागने में सफल रहे पुलिस ने उनका पीछा किया परंतु हुए पकड़ में नहीं आए पुलिस ने उनकी मोटरसाइकिल संख्या जेएच 10 2563 को विधिवत बरामद किया काला बैग में रखा 5 किलोग्राम गांजा भी बरामद किया गया पुलिस इंस्पेक्टर रुस्तम अली ने बताया कि इस संबंध में गोविंदपुर थाना कांड संख्या 280/ 2025 दिनांक 1- 6-2025 धारा 20 (बी) दो (बी) एनडीपीएस एक्ट दर्ज किया गया है छापामार दल में पुलिस अवर निरीक्षक गुरु दयाल सबर, सुमन कुमार , संजय कुमार सिंह, संजय कुमार एवं रिजर्व गार्ड शामिल थे। पुलिस इंस्पेक्टर ने कहा कि मामले की छानबीन शुरू कर दी गई है और इसके अभियुक्तों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।




## आचार संहिता उल्लंघन मामले में पूर्व प्रत्याशी विक्रम कुंवर को शर्तों के साथ मिली जमानत

**2010 में झंडा लगे वाहन और अवैध ड्राइवर के इस्तेमाल पर दर्ज हुआ था मामला, कोर्ट ने जारी किया था गैर जमानती वारंट**



**सिवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** करीब 15 वर्ष पुराने आचार संहिता उल्लंघन के मामले में रघुनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी विक्रम कुंवर को अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी अरविंद कुमार सिंह की अदालत ने सोमवार को शर्तों के साथ जमानत दे दी। यह मामला वर्ष 2010 के विधानसभा चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन से जुड़ा हुआ है, जिसमें विक्रम कुंवर पर चुनाव आयोग के दिशा-निदेर्शों की अनदेखी करने का आरोप था। जानकारी के मुताबिक, वर्ष 2010 में चुनाव प्रचार के दौरान विक्रम कुंवर द्वारा बिना अनुमति के अपने वाहन पर बड़ा झंडा लगाने और गैर अधिकृत चालक से वाहन चलवाने के कारण स्थानीय चुनाव प्राधिकारी की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज की गई थी। इस मामले में काफी समय तक कोर्ट की सुनवाई में अनुपस्थित रहने के चलते अदालत ने गैर-जमानती वारंट जारी किया था। मामले में नामजद दोनों अभियुक्त लगातार कई तिथियों से अदालत में अनुपस्थित चल रहे थे। अदालत द्वारा बार-बार निर्देश देने के बावजूद भी अनुपस्थिति के कारण कोर्ट ने गंभीर रुख अपनाते हुए गैर-जमानती वारंट जारी कर दिया था। सोमवार को विक्रम कुंवर अपने अधिवक्ता के साथ अदालत में पेश हुए, जहां सुनवाई के बाद अदालत ने शर्तों के साथ जमानत मंजूर कर दी। इस प्रकरण ने यह स्पष्ट कर दिया कि चुनाव आयोग के निदेर्शों की अनदेखी और लंबे समय तक अदालत की अवमानना कानूनी कार्रवाई से नहीं बचा सकती। इस मामले से यह संदेश साफ है कि चुनाव आयोग और न्यायालय आचार संहिता उल्लंघन के मामलों को गंभीरता से ले रहे हैं।

## ट्रेन से कटकर अज्ञात व्यक्ति की मौत, कुछ देर बाधित रहा रेल परिचालन

**छपरा/मांझी (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी रेल मंडल के छपरा-सीवान रेलखंड के दाउदपुर व कोपा स्टेशनों के बीच बनवार ढाला के पूरब सोमवार की सुबह एक 55 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति की ट्रेन से कटकर दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही दाउदपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए छपरा सदर अस्पताल भेज दिया। जानकारी के अनुसार घटना स्थल बनवार ढाला से लगभग 500 मीटर की दूरी पर 341/26 पोल के समीप कन्या बांध के पास स्थित है। शव डाउन रेलवे ट्रैक पर पड़ा था, जिसकी सूचना दाउदपुर स्टेशन मास्टर ने रेल और स्थानीय पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से शव की पहचान कराने की कोशिश की, लेकिन समाचार लिखे जाने तक पहचान नहीं हो सकी थी। मृतक नीले रंग की शर्ट और पीले रंग की पैंट पहने हुए था। घटना के कारण कुछ समय के लिए डाउन ट्रैक पर रेल परिचालन प्रभावित हुआ। दाउदपुर स्टेशन पर पंचदेवरी पैसेंजर और एक मालगाड़ी को रोकना पड़ा। बाद में शव हटाए जाने के बाद ट्रेनों का परिचालन पुनः शुरू हो सका।

## लायंस क्लब ऑफ पटना हार्मनी में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर का वार्षिक दौरा संपन्न

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** लायंस क्लब ऑफ पटना हार्मनी में 1 जून को डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन गणवंत मलिक का वार्षिक दौरा गरिमामयी वातावरण में संपन्न हुआ। यह दौरा क्लब की गतिविधियों की समीक्षा एवं प्रोत्साहन के उद्देश्य से प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है। इस अवसर पर पी.डी.जी. लायन डी.बी. गुप्ता, लायन प्रकाश नंदा और लायन वीणा गुप्ता भी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।



कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथियों के स्वागत एवं वर्ष 2024-25 की उपलब्धियों के उपलक्ष्य में केक काटने के साथ हुई। क्लब अध्यक्ष लायन डॉ. विद्धु रानी के नेतृत्व में इस वर्ष क्लब ने कई उल्लेखनीय सेवा परियोजनाओं को सफलतापूर्वक संचालित किया। इनमें महिला सशक्तिकरण, बाल संरक्षण, भोजन सभी के लिए, पर्यावरण संरक्षण, इको-फ्रेंडली पहल, वंचितों को शिक्षा, कैंसर सर्वाइवर कार्यशाला, वृद्धाश्रम सेवा तथा नेत्रहीन विद्यालय सेवा जैसी मानवतावादी परियोजनाएं शामिल रहीं। क्लब की गतिविधियों को केवल वाचन तक सीमित न रखते हुए एक रचनात्मक झांकी के रूप में प्रस्तुत किया गया, जहाँ सदस्याओं ने फ्लायर्स के साथ मार्च कर परियोजनाओं को सजीव रूप में दशार्या। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन गणवंत मलिक ने क्लब की प्रतिबद्धता की सराहना करते हुए इसे समाज सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। अध्यक्ष डॉ. विद्धु रानी ने आने वाले सत्र की नव निर्वाचित अध्यक्ष श्रीमती बिंदा सिंह का स्वागत किया और आशा व्यक्त की कि उनके नेतृत्व में क्लब नई ऊंचाइयों को छुएगा। समारोह का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

## खरीफ मौसम की योजनाओं को लेकर कार्यशाला आयोजित

**मशरक (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** ई-किसान भवन, मशरक में खरीफ महाअभियान 2025 के तहत प्रखंड स्तरीय कार्यशाला सह प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख रवि प्रकाश सिंह मंटू, कृषि पदाधिकारी सुनील कुमार तिवारी, बीस सूत्री अध्यक्ष दुर्गेश गुप्ता और पूर्व मंडल अध्यक्ष बीरबल प्रसाद कुशवाहा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यशाला में किसानों को समय पर खेती, बीजोपचार, मुख्यमंत्री तीव्र बीज विस्तार योजना, बीज ग्राम, श्री विधि और जैविक खेती जैसे विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई। कृषि विज्ञान केंद्र मांझी से आए वैज्ञानिकों ने धान की फसल में लगने वाले रोग और खरपतवार नियंत्रण पर जानकारी दी। साथ ही जलवायु परिवर्तन के मद्देनजर मोटे अनाज की खेती को प्राथमिकता देने की सलाह दी।

## तीन जोड़ी समर स्पेशल ट्रेनों का परिचालन और दो जोड़ी का विस्तार

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** ग्रीष्मकालीन अवकाश के अवसर पर यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर रेलवे द्वारा कई स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है । इसी कड़ी में और 03 जोड़ी स्पेशल ट्रेनों के परिचालन का निर्णय लिया गया है तथा 02 जोड़ी स्पेशल ट्रेनों का परिचालन अवधि में विस्तार किया गया है जिनका विवरण निम्नानुसार है - गाड़ी संख्या 09457/09458 साबरमती-पटना-साबरमती स्पेशल (डीडीयू-प्रयागराज-टुण्डला-जयपुर-अजमेर के रास्ते): गाड़ी संख्या 09457 साबरमती-पटना स्पेशल 04, 11, 18 एवं 25 जून, 2025 (बुधवार) को साबरमती से 18.10 बजे खुलकर गुरूवार को 21.55 बजे डीडीयू, 23.08 बजे बक्सर, 23.56 बजे आरा सहित अन्य स्टेशनों पर रूकते हुए शुक्रवार को 00.35 बजे दानापुर तथा 01.30 बजे पटना जं. पहुंचेगी । वापसी में गाड़ी सं 09458 पटना-साबरमती स्पेशल 04, 11, 18 एवं 25 जून, 2025 (शुक्रवार) को पटना जं. से 04.30 बजे खुलकर 04.45 बजे दानापुर, 05.20 बजे आरा, 06.20 बजे बक्सर एवं 08.40 बजे डीडीयू, अगले दिन शनिवार को 03.10 बजे जयपुर, 05.15 बजे अजमेर रूकते हुए 14.30 बजे साबरमती पहुंचेगी । गाड़ी संख्या 03043/03044 हावड़ा-रक्सौल-हावड़ा स्पेशल (सीतामढ़ी-दरभंगा-समस्तीपुर-बरौनी-झाझा के रास्ते): गाड़ी संख्या 03043 हावड़ा-रक्सौल स्पेशल 07, 14, 21 एवं 28 जून, 2025 (शनिवार) को हावड़ा से 23.00 बजे खुलकर अगले दिन 09.30 बजे बरौनी, 11.30 बजे समस्तीपुर, 12.50 बजे दरभंगा एवं 14.35 बजे सीतामढ़ी सहित अन्य स्टेशनों पर रूकते हुए 16.15 बजे रक्सौल पहुंचेगी । वापसी में गाड़ी सं 03044 रक्सौल-हावड़ा स्पेशल 08, 15, 22 एवं 29 जून, 2025 (रविवार) को रक्सौल से 17.30 बजे खुलकर 19.15 बजे सीतामढ़ी, 20.20 बजे दरभंगा, 22.00 बजे समस्तीपुर, 23.45 बजे बरौनी सहित अन्य स्टेशनों पर रूकते हुए सोमवार को 10.45 बजे हावड़ा पहुंचेगी । गाड़ी संख्या 03435/03436 मालदा टाउन-आनंद विहार-मालदा टाउन स्पेशल (भागलपुर-किउल- नवादा-गया-डीडीयू-प्रयागराज के रास्ते): गाड़ी संख्या 03435 मालदा टाउन-आनंद विहार स्पेशल 02, 09, 16, 23 एवं 30 जून, 2025 (सोमवार) को मालदा टाउन से 09.30 बजे खुलकर 15.15 बजे किउल, 16.25 बजे नवादा, 18.15 बजे गया एवं 21.40 बजे डीडीयू सहित अन्य स्टेशनों पर रूकते हुए अगले दिन 13.40 बजे आनंद विहार पहुंचेगी । वापसी में गाड़ी संख्या 03436 आनंद विहार-मालदा टाउन स्पेशल 03, 10, 17, 24 जून एवं 01 जूलाई, 2025 (मंगलवार) को आनंद विहार से 15.45 बजे खुलकर अगले दिन 08.15 बजे डीडीयू, 11.40 बजे गया, 12.58 बजे नवादा, 15.00 बजे किउल, 16.50 बजे भागलपुर सहित अन्य स्टेशनों पर रूकते हुए 21.05 बजे मालदा टाउन पहुंचेगी ।इसके साथ ही यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर चलायी जा रही 02 जोड़ी स्पेशल ट्रेनों का परिचालन अवधि में विस्तार किया जा रहा है - गाड़ी सं. 09623/09624 उदयपुर सिटी-फारबिसगंज-उदयपुर सिटी स्पेशल (अजमेर-जयपुर-टुण्डला- प्रयागराज-डीडीयू-पाटलिपुत्र-हाजीपुर-बरौनी-कटिहार के रास्ते) - गाड़ी सं. 09623 उदयपुर सिटी-फारबिसगंज स्पेशल उदयपुर सिटी से 03 जून से 24 जून, 2025 तक प्रत्येक मंगलवार को परिचालित की जायेगी । गाड़ी सं. 09624 फारबिसगंज-उदयपुर सिटी स्पेशल फारबिसगंज से 05 जून से 26 जून, 2025 तक प्रत्येक गुरूवार को परिचालित की जायेगी ।गाड़ी सं. 04606/04605 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा-गुवाहाटी-श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा स्पेशल (हाजीपुर-बरौनी-कटिहार के रास्ते) - गाड़ी सं. 04606 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा-गुवाहाटी स्पेशल श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा से 06 जून से 11 जुलाई, 2025 तक प्रत्येक शुक्रवार को परिचालित की जायेगी । गाड़ी सं. 04605 गुवाहाटी-श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा स्पेशल गुवाहाटी से 09 जून से 14 जुलाई, 2025 तक प्रत्येक सोमवार को परिचालित की जायेगी ।

# जब तक खेती विकसित नहीं, भारत भी विकसित नहीं हो सकता : शिवराज सिंह चौहान

## केंद्रीय कृषि मंत्री ने किया 6.14 करोड़ की राशि की दो योजनाओं का शिलान्यास, राधामोहन सिंह को बताया चंपारण का गांधी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पीपराकोठी (पूर्वी चंपारण)।** पीपराकोठी स्थित कृषि विज्ञान केंद्र में सोमवार को केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 'विकसित कृषि संकल्प अभियान 2025' का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा, जब तक खेती विकसित नहीं होगी, तब तक भारत विकसित राष्ट्र नहीं बन सकता। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हम किसानों के लिए हरसंभव कार्य कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि केंद्र और राज्य सरकार मिलकर इस अभियान को सफल बना रही हैं। इस मौके पर 6.14 करोड़ रुपये की दो विकास योजनाओं – सड़क निर्माण, सोलर सिस्टम व सौंदर्यीकरण कार्य का शिलान्यास भी किया गया।





कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद राधामोहन सिंह, गन्ना उद्योग मंत्री कृष्णनंदन पासवान, जलशक्ति राज्य मंत्री राजभूषण चौधरी, विधायक प्रमोद कुमार व श्यामबाबू यादव समेत अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। श्री चौहान ने कहा, हम 140 करोड़ देशवासियों को भरपेट भोजन दिलाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। किसानों को वैज्ञानिक पद्धतियों से जोड़ना समय की मांग है। खेतों से लेकर प्रयोगशालाओं तक सहयोग हो, तभी उत्पादन बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार में ख़ून और पानी एक साथ नहीं बह सकते। सेना की बहादुरी और 'ऑपरेशन सिंदूर' का जिक्र करते हुए उन्होंने राष्ट्र की सुरक्षा के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता जताई।

सांसद राधामोहन सिंह की सराहना करते हुए चौहान ने उन्हें चंपारण का गांधी बताया और कहा कि उन्होंने पीपराकोठी को कृषिधाम के रूप में स्थापित किया है। उन्होंने बिहार की लीची और मिर्चा धान की गुणवत्ता की प्रशंसा करते हुए वैज्ञानिकों से इन्हें अधिक टिकाऊ और उत्पादक बनाने की दिशा में शोध तेज करने को कहा। कृषकों को संबोधित करते हुए उन्होंने रासायनिक खाद और कीटनाशकों का प्रयोग विशेषज्ञ सलाह से करने की अपील की। खराब कीटनाशक बनाने वाली कंपनियों को चेतावनी भी दी। कार्यक्रम में कुलपति डॉ. पीएस पांडेय, कृषि वैज्ञानिक, जनप्रतिनिधि और हजारों किसान उपस्थित थे। अंत में मंत्री ने किसानों से आत्मीय जुड़ाव दर्शाते हुए कहा, जब भी ज़रूरत हो, मामा से बेधड़क मिलिए।

# किसानों के हितैषी के रूप में जाने जाते हैं केंद्रीय कृषि मंत्री : राधामोहन

**नवबिहार टाइम्स संवादाता**

**पीपराकोठी (पूर्वी चम्पारण)।** भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के द्वारा 12 जून तक देशव्यापी महत्वकांक्षी महाभियान की शुरूआत की गई है। जिसे विकसित कृषि संकल्प अभियान के नाम से पूरे देश में चलाया जा रहा है। यह देशव्यापी अभियान पूरे देश के सात सौ जिलों में एक साथ चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम में दो हजार से अधिक वैज्ञानिकों की टीम किसानों के खेतों तक जाकर तकनीकी जानकारियां दे रहे हैं। इस कार्यक्रम से 15 दिनों में डेढ़ करोड़ किसानों तक पहुंचने का लक्ष्य रखा गया है। इसी के तहत केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का आगमन पीपराकोठी में हुआ है। ये देश में किसानों के हितैषी को लेकर ज्यादा जाने जाते है। छह बार विधायक और छह बार सांसद रहे, और 18 वर्षों तक सीएम रहकर



इन्होने किसानों के हित में काम किया है। उक्त बाते सोमवार को स्थानीय कृषि विज्ञान केंद्र परिसर स्थित अटल सभागार में आयोजित विकसित कृषि संकल्प अभियान के दौरान संबोधित करते हुए पूर्व केंद्रीय कृषि मंत्री व सांसद राधामोहन सिंह ने सभा को संबोधित करते हुए कही। आगे उन्होंने कहा कि केंद्र के मोदी सरकार के नेतृत्व में किसानों के हित में बेहतर कार्य किया जा रहा है। आज पीएम मोदी के अगुआई में पीपराकोठी कृषि धाम बना है।

वही मंत्री कृष्णनंदन पासवान ने अपने संबोधन में कहा कि एमपी के मुख्यमंत्री रहते हुए जो चौहान जी ने कार्य किया है उसका देश ही नहीं बल्कि दुनिया उसका अनुसरण कर रही है। मौके पर मुख्य रूप से केंद्रीय राज्य जल शक्ति मंत्री राज भूषण चौधरी, बिहार सरकार के गन्ना उद्योग मंत्री कृष्णनंदन पासवान, पूर्व मंत्री सह विधायक प्रमोद कुमार, बिहार सरकार के कृषि सचिव संजय कुमार अग्रवाल, कुलपति डॉ. पीएस पांडेय, निदेशक अटारी डॉ. अंजनी कुमार, विधायक श्यामबाबू प्रसाद यादव, पवन जयसवाल, सुनिलमणि तिवारी, पूर्व विधायक सचिंद्र सिंह, उपमेयर डॉ. लालबाबू प्रसाद, पवन राज, प्रकाश अस्थाना, केवीके प्रमुख डॉ. अरविंद कुमार सिंह, एमजीआईएफआरआई के निदेशक डॉ. एसके पूर्वे, रविन्द्र सहनी, राजकिशोर सिंह, गौरीशंकर साह, टुन्ना गिरी, रामनरेश गिरी आदि उपस्थित थे।

# भतीजे ने चाचा को मारी गोली

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जिले के मोदनगंज थाना क्षेत्र के टरमा गांव में पारिवारिक कलह और जमीन विवाद ने सोमवार को हिंसक मोड़ ले लिया। मामूली कहासुनी के बाद भतीजे ने अपने ही चाचा इंद्रेश शर्मा पर फायरिंग कर दी, जिससे वे घायल हो गए। बताया जाता है कि विवाद हिलसा स्थित 35 धुर जमीन के बंटवारे को लेकर हुई। परिजनों के अनुसार, इस जमीन को लेकर दोनों परिवारों के बीच वर्षों से तनाव चला आ रहा था। सोमवार को अचानक हुई बहस में गुस्से से बेकाबू होकर भतीजे ने हथियार निकालकर गोली चला दी, जो इंद्रेश शर्मा के हाथ में जा लगी। गंभीर रूप से घायल इंद्रेश शर्मा को परिजनों द्वारा तत्काल जहानाबाद सदर अस्पताल लाया गया, जहां उनकी हालत अब स्थिर बताई जा रही है। हालांकि डॉक्टरों



का कहना है कि घटना के बाद उन्हें मानसिक रूप से गहरा आघात पहुंचा है। इस दौरान पूरे घटनाक्रम पर प्रकाश डालते हुए इंद्रेश शर्मा के छोटे भाई ने मीडिया को बताया कि वर्षों से समझौते की कोशिशें चल रही थीं, लेकिन किसी निष्कर्ष तक नहीं पहुंचा जा सका। उन्होंने कहा, कि कभी नहीं सोचा था कि मामला इस कदर हिंसक हो जाएगा। वहीं घटना के बाद पूरे टरमा गांव में भय और सन्नाटा पसरा हुआ है। ग्रामीणों ने इसे अत्यंत दुखद बताते हुए कहा कि अब लोगों में सहनशक्ति की कमी होती जा रही है और छोटी-छोटी बातों पर लोग खून-खराबे पर उतर आते हैं।

मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल की छानबीन की और आरोपित की तलाश में संभावित ठिकानों पर छापेमारी शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही आरोपित को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# अनुसूचित जनजाति के लोगों को भी सरकार की योजनाओं से किया जाएगा आच्छादित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मोतिहारी।** भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत धरती आबा अभियान जागरूकता और लाभ संतृप्ति शिविर के माध्यम से जनजाति समाज के लोगों को सरकार की योजनाओं से आच्छादित किया जाएगा। जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल ने बताया कि यह कार्यक्रम आगामी 15 जून से 30 जून 2025 तक जिले के उन क्षेत्रों में चलाया जाएगा जो अनुसूचित जनजाति बाहुल्य क्षेत्र है। सरकार का उद्देश्य है कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाई जाए।



इसको लेकर जिलाधिकारी के द्वारा जिला कल्याण पदाधिकारी को अनुसूचित जनजाति बहुल आबादी वाले क्षेत्रों को चिन्हित करते हुए आगामी 15 जून से 30 जून के बीच सरकार की योजनाओं से इन्हें आच्छादित करने का निर्देश दिया गया है। इसके लिए विभागीय समन्वय के तौर पर स्वास्थ्य विभाग, खाद एवं उपभोक्ता, ग्रामीण विकास, समाज कल्याण, कृषि, राजस्व, पंचायती राज विभाग एवं अन्य विभागों के आपसी समन्वय से यह कार्य सुनिश्चित कराई जाएगी। इसके लिए आंगनबाड़ी केंद्र के माध्यम से लाभार्थियों की पहचान एवं जागरूकता का कार्यक्रम भी चलाया जाएगा। आयोजित शिविर के निगरानी के लिए विशेष रिपोर्टिंग प्रणाली विकसित की जाएगी जिससे लाभार्थियों की वास्तविक जानकारी एकत्र की जा सके। जिलाधिकारी के द्वारा बताया गया है कि शिविर के माध्यम से आधार कार्ड, राशन कार्ड, जातीय प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, आयुष्मान भारत कार्ड, प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री उज्जवला गैस कनेक्शन, प्रधानमंत्री जनधन खाता,जीवन बीमा, वृद्धावस्था, विधवा, दिव्यांग पेंशन, मनरेगा की योजनाएं, मुद्रा लोन, पीएम विश्वकर्म योजना, मातृ एवं शिशु कल्याण संबंधित टीकाकरण आंगनबाड़ी की योजनाओं की लाभ / सेवाएं जनजाति बहुत क्षेत्र में उपलब्ध कराई जाएगी।

# यमुना सिकरिया केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री के साथ तिरंगा यात्रा में हुए शामिल



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मोतिहारी।** कृषि विज्ञान केंद्र पिपरा कोठी में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री भारत सरकार शिवराज सिंह चौहान के मोतिहारी आगमन पर मिलने का अवसर प्राप्त हुआ। उनके साथ तिरंगा यात्रा मे शामिल होने का सौभाग्य मिला। इस अवसर पर मैंने उनसे मुलाकात की एवं पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया तथा मोदी मोमेंटो संग्रहालय एवं रुद्राक्ष के शिवलिंग को देखने के लिए आग्रह किया। इस पर उन्होंने पूर्ण आश्वासन दिया कि यमुना सीकरिया मैं जब अगली बार मोतिहारी आऊंगा तो मैं जरूर से आपके यहां आऊंगा। इस अवसर पर चम्पारण को बड़ी-बड़ी योजनाओं का उपहार भी दिया। इसके लिए मैं अपने सांसद राधामोहन सिंह एवं कृषि मंत्री को धन्यवाद देता हूं।

## एक नजर

### शॉर्ट सर्किट से इलेक्ट्रिक दुकान में लगी आग

**चिरैया (पूर्वी चंपारण)।** महुआवा गांव स्थित एक इलेक्ट्रिक दुकान में रविवार देर रात अचानक शॉर्ट सर्किट से आग लग गई, जिससे करीब तीन लाख रुपए का सामान जलकर खाक हो गया। पीड़ित दुकानदार प्रमोद साह के अनुसार, वह रात साढ़े नौ बजे रोज की तरह दुकान बंद कर घर लौटे थे। करीब 10 बजे स्थानीय लोगों ने सूचना दी कि दुकान से धुआं निकल रहा है। जब तक वह पहुंचे, आग ने भीषण रूप धारण कर लिया था। ग्रामीणों की मदद से पानी डालकर आग पर काबू पाया गया। बाद में जब दुकान का ताला खोला गया, तो भीतर रखा तार, बल्ब, स्विच, पंखा, बैट्री, 13 मोबाइल सेट, इन्वर्टर समेत अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामान जल चुके थे। पीड़ित ने इसकी सूचना अंचल कार्यालय एवं थाने में दे दी है। हालांकि, राजस्व कर्मचारी की हड़ताल के चलते समाचार लिखे जाने तक कोई अधिकारी नुकसान का जायजा लेने नहीं पहुंचा था।

### चिरैया की तीन शिक्षिकाएं सम्मानित



**चिरैया (पूर्वी चंपारण)।** तिरहुत प्रमंडल स्तरीय 'शिक्षक सम्मान समारोह' में चिरैया प्रखंड की तीन शिक्षिकाओं को नवाचार के लिए सम्मानित किया गया। मोतिहारी स्थित जिला परिषद सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय महुआवा पश्चिमी की शिक्षिका रश्मि कुमारी, रोहिणी कुमारी एवं राजकीय प्राथमिक विद्यालय कपूर पकड़ी उर्दू कन्या की प्रधानाध्यापिका संजना कुमारी को प्रशस्ति पत्र, मोमेंटो, मेडल व अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। ये शिक्षिकाएं खेल-खेल में बच्चों को डिजिटल माध्यमों से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करती हैं। बीईओ सरोज कुमार सिंह और प्रधानाध्यापक संजय कुमार निराला ने उन्हें बधाई दी। कार्यक्रम में जिला परिषद अध्यक्ष ममता राय, मेयर प्रीति कुमारी व डीपीओ (माध्यमिक शिक्षा) नित्यम गौरव समेत कई पदाधिकारी मौजूद थे। इस अवसर पर तिरहुत प्रमंडल के छह जिलों के करीब 250 शिक्षकों को नवाचार के लिए सम्मान मिला।

### तीन दिन से युवक लापता, परिजन परेशान

**बनकटवा (पूर्वी चंपारण)।** लखौरा थाना क्षेत्र के बड़ा पकही गांव निवासी अजीत कुमार (पुत्र अनुराग सिंह) बीते शनिवार से लापता हैं। परिजनों के अनुसार वह रक्सौल स्थित पेट्रोल पंप कौड़िहार चौक गया था, लेकिन उसके बाद से उसका कोई पता नहीं चला है। चिंतित परिजन लगातार उसकी खोज में जुटे हैं और हर संभव प्रयास कर रहे हैं। युवक की कुशल वापसी के लिए लोगों से सहयोग की अपील की जा रही है।

### मादक पदार्थ तस्करी के विरुद्ध कार्रवाई

**मोतिहारी।** उत्पाद टीम व चिरैया थाना पुलिस ने संयुक्त रूप से छापेमारी कर भारी मात्रा में एक स्कॉर्पियो में रखा मादक पदार्थ (गांजा) बरामद कर दो तस्कर को गिरफ्तार किया है। उक्त जानकारी हायक आयुक्त मद्यनिषेध नीरज कुमार ने दी है। उन्होंने बताया कि कि सूचना मिली थी कि मादक पदार्थ तस्कर तस्करी के लिए एक स्कॉरपियो भारी मात्रा में मादक पदार्थ (गांजा) रखकर उक्त स्थान पर खडा़ है। सूचना मिलते ही इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष मद्यनिषेध सदर लालू कुमार को निर्देशित किया गया। निर्देश मिलते ही इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष मद्यनिषेध श्री कुमार ने सूचना के सत्यापन व छापेमारी के लिए दलबल के साथ उक्त स्थान पर छापेमारी की। इस दौरान उक्त स्कॉरपियो से 124 किलो गांजा के साथ दो तस्कर को दबोच लिया और इसकी सूचना चिरैया थाना को दी। गिरफ्तार तस्करों में छौडादानो थाना क्षेत्र के एकडरी गांव निवासी धवल राय का पुत्र पन्ना लाल कुमार व संग्रामपुर थाना क्षेत्र के श्याम पुर बरवा गांव निवासी दूलारचंद्र साह का पुत्र राजेश कुमार बताया गया है। उन्होंने बताया कि बरामद मादक पदार्थ चिरैया थाना को सुपूर्द कर दिया गया है, जहां उक्त मामले में प्राथमिकी दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई शुरू करते हुए गिरफ्तार कारोबारी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। छापेमारी में इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष मद्यनिषेध सदर श्री कुमार के अलावे जमादार धर्मेंद्र पासवान व चिरैया थाना के पुलिस पदाधिकारी शामिल थे।

### शराब के नशे में दो गिरफ्तार

**रक्सौल (पूर्वी चम्पारण)।** रेल पुलिस ने स्टेशन से दो शराबी को गिरफ्तार किया है। पुष्टि करते हुए जीआरपी प्रभारी पवन कुमार ने बताया कि रेल पुलिस द्वारा ग़श्ती के दौरान रेल परिक्षेत्र से दो शराबी को गिरफ्तार किया गया। जो शराब के नशे में शोर मचा रहा था। गिरफ्तार शराबी का नाम मनोज शर्मा उम्र 48 साल,पिता का नाम रामलखन शर्मा है वही दूसरे व्यक्ति का नाम विक्रम शर्मा उम्र 48 साल,पिता का नाम प्रदीप शर्मा है। उक्त गिरफ्तार दोनों शराबी दरभंगा जिले के जाले थाना अंतर्गत वार्ड नंबर 25 जाले का निवासी है।जिसे उत्पाद अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर अग्रिम करवाई के लिए कोर्ट भेजा जा रहा है।

# भागलपुर : एनटीपीसी कहलगांव में बालिका सशक्तीकरण अभियान 2025 का शुभारंभ



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भागलपुर।** एनटीपीसी कहलगांव विद्युत परियोजना परिसर में सोमवार को 'बालिका सशक्तीकरण अभियान 2025' की रंगारंग शुरुआत हुई। यह आयोजन एनटीपीसी के नैगम सामाजिक दायित्व के अंतर्गत ग्रामीण बालिकाओं के समग्र विकास हेतु आयोजित किया गया है। उद्घाटन समारोह में परियोजना के कार्यकारी निदेशक संदीप नायक, सृष्टि समाज की अध्यक्षा प्रज्ञा नायक तथा महाप्रबंधक (ऑपरेशन) रविंद्र पटेल ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया।

कार्यकारी निदेशक श्री नायक ने कहा, हम यह विश्वास दिलाते हैं कि यह प्रशिक्षण बालिकाओं को आत्मविश्वासी, कुशल और विचारशील बनाएगा। यह पहल बालिकाओं के भविष्य को नया आकार देने की दिशा में एक बड़ा कदम है। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण में शिक्षा के साथ स्वास्थ्य, पोषण, व्यक्तिगत स्वच्छता, योग, आत्मरक्षा, संवाद कौशल, कंप्यूटर शिक्षा, डिजिटल साक्षरता एवं करियर मार्गदर्शन जैसे विषय शामिल हैं।

महाप्रबंधक रविंद्र पटेल ने इसे एनटीपीसी की सराहनीय पहल बताते हुए कहा कि यह ग्रामीण क्षेत्र की बेटियों में आत्मविश्वास जगाने का कार्य करेगा। सृष्टि समाज की अध्यक्षा प्रज्ञा नायक ने बालिका सशक्तीकरण को समय की मांग बताते हुए प्रतिभागी बालिकाओं को शुभकामनाएं दीं। करीब एक माह चलने वाले इस अभियान में भागलपुर जिले की 100 और झारखंड के गोड्डा जिले की 20 बालिकाओं को चयनित किया गया है। उन्हें आवासीय सुविधा के साथ विभिन्न सत्रों में प्रशिक्षित किया जा रहा है। इस मौके पर परियोजना के सभी विभागाध्यक्ष, यूनियन प्रतिनिधि, स्थानीय अभिभावक और ग्रामीण क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित थे। ग्रामीण क्षेत्रों में इस पहल की सराहना की जा रही है।

# 'स्वतंत्रता संघर्ष और पूर्वांचल की मिशनरी पत्रकारिता' का विमोचन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मोतिहारी।** हिंदी पत्रकारिता दिवस के उपलक्ष्य में 'भारतः साहित्य एवं मीडिया महोत्सव' कोलकाता में आयोजित कार्यक्रम में महात्मा गांधी केन्द्रीय विश्वविद्यालय के मीडिया अध्ययन विभाग में सहायक आचार्य डॉ. परमात्मा कुमार मिश्र द्वारा लिखित पुस्तक 'स्वतंत्रता संघर्ष और पूर्वांचल की मिशनरी पत्रकारिता' का विमोचन माननीय राज्यपाल श्री लक्ष्मण आचार्य, असम राज्य और दक्षिण भारत हिंदी प्रचार सभा के पूर्व कुलपति प्रो. राम मोहन पाठक और मंचासीन पत्रकारिता और साहित्य के विद्वतजन द्वारा किया गया। कार्यक्रम काशी-वाराणसी विरासत फाउंडेशन, उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान, लखनऊ, केंद्रीय हिंदी संस्थान, आगरा




और भारतीय भाषा परिषद, कोलकाता द्वारा आयोजित किया गया था। महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव और शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने डॉ. परमात्मा कुमार मिश्र को उनकी पुस्तक 'स्वतंत्रता संघर्ष और पूर्वांचल की मिशनरी पत्रकारिता' के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। डॉ. परमात्मा कुमार मिश्र ने बताया कि पुस्तक में गोरखपुर के स्वाधीनता संघर्ष की पत्रकारिता की लगभग 90वर्षों (प्रथम स्वाधीनता संघर्ष 1857 से स्वतंत्रता प्राप्ति 1947) का अध्ययन है जो कल्पना प्रकाशन, दिल्ली द्वारा मुद्रित है। उन्होंने कहा कि पुस्तक में हिंदी पत्रकारिता एवं साहित्य के विद्यार्थियों, शोधार्थियों एवं शिक्षकों को ऐतिहासिक महत्व की शोधपरक जानकारी प्राप्त होगी।

# वृक्षारोपण केवल एक दिन की औपचारिकता नहीं, बल्कि दीर्घकालिक दायित्व : डीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में सोमवार को जिला पर्यावरण समिति की बैठक जिलाधिकारी श्रीमती अलंकृता पांडेय की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी शशिकांत कुमार, गया वन प्रमंडल सहित जिले के सभी प्रमुख विभागों, नगर परिषद, जीविका, कृषि, शिक्षा, जल संसाधन और अन्य संस्थानों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी वर्षा ऋतु में राज्य सरकार द्वारा निर्धारित 5 करोड़ पौधरोपण लक्ष्य की दिशा में जिले की तैयारियों की समीक्षा करना था। वन प्रमंडल पदाधिकारी शशिकांत कुमार ने बताया कि जहानाबाद जिले में फिलहाल चार नर्सरियाँ सक्रिय हैं, जहां से पौधों की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण महज़ एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग जैसी वैश्विक चुनौतियों से निपटने का ठोस समाधान है। हर नागरिक यदि एक वृक्ष लगाए और उसकी देखरेख करे, तो पृथ्वी को हरित और सुरक्षित बनाया जा सकता है, उन्होंने कहा। बैठक में आगामी 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिलेभर में जागरूकता कार्यक्रम, पौधारोपण अभियान एवं जनसंवाद आयोजित करने की रूपरेखा तय की गई। इस वर्ष की थीम है - प्लास्टिक प्रदूषण को हराएं, जिसके तहत प्लास्टिक के दुष्प्रभावों और विकल्पों पर विशेष जनचेतना चलाई जाएगी। इस दौरान मुख्यमंत्री कृषि वानिकी योजना की भी जानकारी दी गई, जिसके अंतर्गत किसानों को खेतों की मेड़, अनुपयोगी या बंजर भूमि पर वानिकी पौध लगाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। योजना के तहत पौधों की निशुल्क आपूर्ति, तकनीकी मार्गदर्शन और तीन वर्षों तक संरक्षण सहायता दी जाती है, जिससे पर्यावरणीय संरक्षण के साथ किसानों की आय में भी वृद्धि हो सके। बैठक के अंत में जिलाधिकारी अलंकृता पांडेय ने स्पष्ट कहा, वृक्षारोपण केवल एक दिन की रस्म नहीं, बल्कि यह एक दीर्घकालिक अभियान है, जिसमें जनभागीदारी, नियमित निगरानी और संरक्षण नितांत आवश्यक है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि लगाए गए पौधों की निगरानी सुनिश्चित करें, ताकि वृक्ष जीवित रहें और लक्ष्य की वास्तविक प्राप्ति हो सके।

# बढ़ते भूमि विवाद पर जिला प्रशासन ने लोगों को किया सावधान

## जमीन खरीद रहे हैं तो हो जाएं सावधान, पहले जांचें, फिर ही करें सौदा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** भूमि खरीदना किसी भी आम नागरिक के लिए जीवनभर की सबसे बड़ी पूंजी का निवेश होता है। लेकिन यह निवेश अगर सतर्कता के बिना किया जाए, तो सपना जल्दी ही विवाद और कानूनी उलझनों का रूप ले सकता है। इसीलिए राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार सरकार की यह अपील समय की आवश्यकता है- पहले जांचें, फिर जमीन खरीदें। आज डिजिटल युग में अधिकांश भूमि रिकॉर्ड ऑनलाइन उपलब्ध हैं। विशेष रूप से बिहार सरकार की वेबसाइट https://biharbhumi.bihar.




gov.in के माध्यम से कोई भी व्यक्ति जमाबंदी की जानकारी आसानी से प्राप्त कर सकता है। यदि आप कोई जमीन खरीदने जा रहे हैं तो सबसे पहले यह जांचना अनिवार्य है कि क्या वह जमीन विक्रेता के नाम से ऑनलाइन जमाबंदी में दर्ज है? क्या उसमें संबंधित खेसरा नंबर और रकबा सही-सही अंकित है?

यदि भूमि साझा स्वामित्व में है, तो क्या सभी हिस्सेदारों की लिखित सहमति उपलब्ध है?

यदि इन सवालों का उत्तर 'नहीं' है, तो समझिए कि आप जमीन नहीं, बल्कि भविष्य का जमीन विवाद खरीद रहे हैं। दुर्भाग्यवश, अनेक मामले ऐसे सामने आते हैं जहां लोग बिना उचित जांच के जमीन खरीद लेते हैं और बाद में दाखिल-खारिज में अड़चनें आती हैं। दाखिल-खारिज की प्रक्रिया किसी भी खरीदार के लिए स्वामित्व अधिकार का कानूनी आधार होती है, और यह तभी संभव है जब विक्रेता का हक़ सही और स्पष्ट हो - जो सिर्फ ऑनलाइन रिकॉर्ड से प्रमाणित हो सकता है। इसलिए यह न केवल आपकी सतर्कता की परीक्षा है, बल्कि आपकी मेहनत की कमाई की सुरक्षा का भी सवाल है। आज जब हर चीज़ मोबाइल और इंटरनेट से जुड़ी है, तो जमीन की जांच के लिए भी डिजिटल माध्यम का उपयोग करके सजग नागरिक बनना आवश्यक है । जिला प्रशासन समस्त जिलेवासियों से अनुरोध करता है कि जमीन खरीदने से पहले दो मिनट ऑनलाइन जांच करिए, ताकि जीवनभर न पछताना पड़े।

# किसानो की जमीन को सरकारी बताकर छीना जा रहा: सुधाकर सिंह

**पकड़ीदयाल(पूर्वी चम्पारण)/नबिटा ब्यूरो।** हर स्तर पर किसानों का शोषण किया जा रहा है। किसानो के जमीन को सरकारी बताकर छिना जा रहा है।और उस जमीन को अडानी, अंबानी को दिया जा रहा है। उक्त बातें पूर्व कृषि मंत्री सह बक्सर के राजद सांसद सुधाकर सिंह ने शेखपुरवा बाजार पर किसान संवाद सम्मेलन में कहा। इन्होंने कहा कि किसानों से दाखिल खारिज के नाम पर पांच हजार से पच्चास हजार रुपए घूस लिए जा रहे हैं। किसानों के अनाज को औने-पौने दाम मे खरीदा जा रहा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के डबल इंजन सरकार में मंत्री, विधायक अधिकारियों के सामने नतमस्तक हो गए हैं। आने वाले विधानसभा सभा चुनाव में नीतीश सरकार को उखाड़ फेंकने तथा तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री बनाने का आह्वान किया। वहीं प्रदेश महासचिव शाश्वत गौतम ने कहा कि मैं आपके घर का बेटा हूं, मैं आप लोगों के समस्या के समाधान के लिए हमेशा तत्पर रहता हूं। उपस्थित लोगों से मधुबन विधानसभा के किसानो के हक की लड़ाई के लिए हाथ मजबूत करने का अपील किया।सभा का अध्यक्षता नूर आलम ने किया वहीं संचालन पूर्व प्राचार्य चंदेश्वर सिंह ने किया। मौके पर राष्ट्रीय प्रवक्ता सुबोध मेहता खुर्शीद आलम,चंदन यादव,श्याम कशवाहा खुर्शीद आलम, जमीरूद्दीन खां, रमेश यादव सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

# रिम्स में मुफ्त में मिलने वाले कफन की कीमत 500 रुपये

## घटना मानवता को कर रही शर्मशार




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची।** रिम्स शासी परिषद की 59वीं बैठक के संपन्न हुए 46 दिन बीत चुके हैं लेकिन अभी तक बैठक में लिए गए निर्णय पर अमल नहीं किया जा सका है। सिर्फ प्रोसिडिंग (बैठक की कार्यवाही) में हस्ताक्षर नहीं होने की वजह से किसी भी निर्णय को लागू नहीं किया जा सका है। रिम्स प्रबंधन ने सात मई को प्रोसिडिंग की कॉपी विभाग को भेज दिया था लेकिन, वहां से अभी तक रिम्स नहीं आ सका है। जिसकी वजह से यहां के मरीजों के हित में जो फैसला लिया गया था वो अमल ही नहीं हो पा रहा है।15 अप्रैल को हुए शासी परिषद की बैठक में 33 एजेंडों पर फैसला लिया गया था। जिनमें कुछ ऐसे फैसले थे जिसका सभी ने स्वागत किया था, इसमें रिम्स में इलाज के दौरान मरीज की मौत हो जाने पर कफन किट देने या पांच हजार रुपये अंतिम संस्कार के लिए देने पर निर्णय हुआ था। यह निर्णय मरीज के परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान करने और उनके अंतिम संस्कार के लिए आवश्यक व्यवस्था करने में मदद करने के उद्देश्य से लिया गया है। लेकिन आज भी शव के लिए कफन 500 रुपये में रिम्स कर्मियों द्वारा बेचा जा रहा है। इसमें कफन, एक पैकेज प्लास्टिक और इत्र शामिल है। जबकि मंत्री ने बड़ा फैसला लेते हुए कहा था कि रिम्स में इलाज करवाने वाले मरीज की अगर मौत होती है तो उसे कम से कम अंतिम संस्कार के लिए राशि देकर मदद की जाएगी। रिम्स नर्सिंग कॉलेज में 30 सीटों पर एमएससी नर्सिंग की पढ़ाई शुरू करने का निर्णय लिया गया था। लेकिन अभी तक इस पर भी कुछ नहीं हो पाया। जिसकी वजह से इस पर कोई दिशा-निर्देश जारी नहीं हो पा रहा है और न ही डाक्टरों के संबंध से जुड़े अन्य फैसले लिए जा पा रहे हैं।

# जेईई एडवांस परीक्षा में लोहरदगा के छात्रों का रहा दबदवा



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**लोहरदगा।** जेईई एडवांस की परीक्षा में लोहरदगा के दो होनहार विद्यार्थियों ने सफलता के परचम लहराए हैं। जेईई एडवांस में सफल दोनों विद्यार्थी शहरी क्षेत्र के रहने वाले हैं। जेईई एडवांस में लोहरदगा अपर बाजार निवासी कपड़ा व्यवसायी स्वर्गीय युगल किशोर पोद्दार का पोता और सूरज पोद्दार और गृहणी रानू पोद्दार के पुत्र वीर पोद्दार ने ऑल ओवर इंडिया में 3401 रैंक लाकर लोहरदगा जिले का मान बढ़ाया है।

वीर की कहानी युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है, जो यह साबित करती है कि कड़ी मेहनत और सही मार्गदर्शन से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। वहीं, ईस्ट गोला रोड निवासी व्यवसायी दीपक कुमार उर्फ दीपू और गृहणी कृति देवी की पुत्री प्रशंसा प्रिया ने ऑल ओवर इंडिया में सामान्य श्रेणी में 15930 रैंक प्राप्त किया है।

जेईई एडवांस में सफल दोनों विद्यार्थियों ने अपनी मेहनत से लोहरदगा जिले को गौरवान्वित करने का किया है। वीर और प्रशंसा की सफलता से उन्हें बधाईयां मिल रही हैं। माता-पिता और स्वजन काफी खुश हैं। रांची के विद्यापीठ कोचिंग सेंटर से पढ़ाई कर वीर ने मुकाम हासिल किया है। इसकी सफलता पर इन्हें नोएडा बुलाया गया है, जहां पर वीर पोद्दार को सम्मानित किया जाएगा। वीर की सफलता पर इनके माता-पिता सहित पूरे परिवार में खुशी का माहौल है। प्रतिष्ठित लोगों व स्वजनों के साथ-साथ शिव प्रसाद पोद्दार,

### परिजनों एवं पड़ोसियों में हर्ष

प्रमोद पोद्दार, संजय पोद्दार, चांदमल पोद्दार, संदीप पोद्दार, सतीश पोदार, मनीष पोद्दार, हनुमान पोद्दार, महावीर पोद्दार, मारवाड़ी समाज लोहरदगा के सीताराम सर्राफ, शिव प्रसाद राजगढ़िया, अशोक पोद्दार, चंपालाल चौधरी, संजय सर्राफ, राम प्रकाश मोदी, हरक चंद शर्मा, बिमल बंका, हनुमान राजगढ़िया, मनोज टिबरेवाल, दीपक अग्रवाल, पवन राजगढ़िया, दीपक सर्राफ, विवेक केडिया, अजय मोदी, मनीष राजगढ़िया आदि ने बधाई दी है।

वहीं, प्रशंसा की सफलता पर डॉ. गणेश प्रसाद, डॉ. आईलीन, देशराज गोयल, अरुण राम, दीपक देवघरिया, रवि खत्री आदि ने बधाई दी है।

# देवघर एम्स में राष्ट्रपति का कार्यक्रम निर्धारित



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची।** देवघर स्थित एम्स में राष्ट्रपति के आगामी कार्यक्रम में राज्य सरकार को विश्वास में नहीं लिए जाने का आरोप स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने लगाया है।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति की झारखंड की पावन धरती पर हार्दिक स्वागत है। लेकिन एम्स के निदेश को राज्य सरकार को विश्वास में लेकर काम करना चाहिए।

राष्ट्रपति का दौरा राज्य के लिए एक ऐतिहासिक और गौरवपूर्ण क्षण है। हालांकि वे यह कहना चाहते हैं कि एम्स देवघर के निदेशक को यह समझना चाहिए कि वे एक जिम्मेदार पद पर हैं।

उन्हें झारखंड सरकार और मंत्री को विश्वास में लेकर कार्य करना चाहिए। यदि किसी भी कार्यक्रम या निर्णय से पहले संवाद होता तो स्थिति अधिक सकारात्मक होती। मंत्री ने आगे कहा कि यदि उन पर किसी राजनीतिक दबाव, विशेषकर भाजपा के इशारे पर काम करने का दबाव है, तो उन्हें यह बात स्पष्ट रूप से राज्य सरकार को बताना चाहिए।

एम्स जैसे प्रतिष्ठित संस्थान का संचालन किसी एक दल या व्यक्ति की मर्जी से नहीं, बल्कि संविधान और जनहित के दायरे में होना चाहिए। मंत्री ने उम्मीद जताई है कि भविष्य में समन्वय, पारदर्शिता और सम्मान के साथ कार्य होगा।

# रथ यात्रा 27 जून को, तैयारी जोरों पर

## अपने भाई बहन के साथ मौसीबाड़ी जायेंगे महाप्रभु जगन्नाथ



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची।** जगन्नाथ मंदिर न्यास समिति ने रथमहोत्सव की तैयारियों में तेजी लाने का निर्णय लिया है। जगन्नाथ मंदिर न्यास समिति ने इस वर्ष के रथमहोत्सव की तैयारी शुरू कर दी है।

हर साल की तरह इस बार भी भव्य मेला आयोजित किया जाएगा। बुधवार को मंदिर समिति द्वारा मेला से संबंधित टेंडर की जानकारी प्रकाशित की जाएगी। इस बार मेला के लिए कितने करोड़ रुपये का टेंडर हुआ, इसकी जानकारी भी जल्द ही उपलब्ध होगी।


रथयात्रा का आयोजन 27 जून को होगा, जब महाप्रभु जगन्नाथ अपने भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ रथ पर सवार होकर मौसीबाड़ी जाएंगे।

11 जून को मंदिर परिसर में देव स्नान महोत्सव का आयोजन होगा। इस अवसर पर महाप्रभु के तीनों विग्रहों को गर्भ गृह से मंडप में लाया जाएगा। इस दौरान 51 मिट्टी के बर्तनों से वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पुजारियों द्वारा सम्मान किया जाएगा। इसके बाद महाप्रभु को नए वस्त्र पहनाए जाएंगे और उन्हें एकांतवास में भेजा जाएगा, जहां उनका उपचार किया जाएगा। 15 दिनों बाद वे एकांतवास से बाहर आएंगे। 26 जून को नेत्रदान महोत्सव होगा, जिसके बाद भक्त महाप्रभु के दर्शन कर सकेंगे।

मेला परिसर से अतिक्रमण हटाने का कार्य जिला प्रशासन और मंदिर समिति द्वारा जारी है। मेला परिसर से अतिक्रमण जल्द ही हटा लिया जाएगा। रथ का निर्माण 70 प्रतिशत पूरा हो चुका है, जिसमें रंग-रोगन और कुछ छोटे-मोटे कार्य बाकी हैं, जिन्हें रथ यात्रा से पहले पूरा कर लिया जाएगा।

मंदिर समिति के प्रथम सेवक सुधांशू नाथ शाहदेव ने बताया कि सीसीएल की ओर से सीएसआर फंड के तहत मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए तीन करोड़ 80 लाख रुपये दिए गए हैं। इस राशि से मंदिर परिसर में मंच, पार्क, लाइट, सीसीटीवी कैमरा, सीढ़ियों पर सेड, सड़क और तालाब का सौंदर्यीकरण किया जाएगा। पहले से ही दो करोड़ 11 लाख रुपये जीर्णोद्धार के लिए दिए जा चुके हैं, लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि दोनों फंड एक ही हैं या अलग-अलग।

# नई नवेली दुल्हन पति को छोड़ हुई फरार



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**लोयाबाद।** नव विवाहिता शादी के महज 20 दिन बाद पति को छोड़कर प्रेमी के साथ फरार हो गई। उसकी मां अपने स्वजन के साथ शुक्रवार की रात करीब साढ़े आठ बजे लोयाबाद थाना की पुलिस के पास मामला दर्ज कराने पहुंची।

मां ने पुलिस से पुत्री को ढूंढ निकालने की गुहार लगाई। उसकी जिस युवक के साथ शादी हुई थी, उसके साथ पिछले पांच सालों से प्रेम प्रसंग चल रहा था। उसने अपने स्वजन से जिद कर अपने प्रेमी के साथ शादी की थी।

शादी के 20 दिन बाद ही वह अपने दूसरे प्रेमी के संग फरार हो गई, जो क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गया है। उसकी मां ने पुलिस को बताया कि शादी के 20 दिन बाद वह मायके आई थी। मायके में एक दिन रही। दूसरे दिन वह अपनी मां को मंईयां योजना में आई रकम को निकालने की बात कहकर घर से निकली, जिसके बाद वह ससुराल जाने के बजाय प्रेमी संग फरार हो गई।

दूसरे दिन विवाहिता की मां ने अपने दमाद को फोन किया तो पता चला कि वह तो आई ही नहीं है। शादी के बाद ही प्रेमी बने पति को इस बात का एहसास हो गया था कि उसकी नई नवेली दुल्हन किसी और युवक से भी मोबाइल पर बात करती रहती थी।

पांच साल के प्यार का नशा 20 दिनों में ही समाप्त हो गया और युवती दूसरे प्रेमी के साथ फरार हो गई। पुलिस ने इस मामले में युवती की तलाश शुरू कर दी है।

# इंडिगो की हुई इमरजेंसी लैंडिंग, 175 यात्रियों की बची जान

## पूर्व में भी घट चुकी हैं बर्ड स्ट्राइक की घटना



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची।** पटना से रांची आ रही इंडिगो की एक फ्लाइट को सोमवार दोपहर उस समय आपात स्थिति में लैंडिंग करनी पड़ी, जब रनवे से करीब 10 से 12 नॉटिकल माइल दूर और 3,000 से 4,000 फीट की ऊंचाई पर विमान एक पक्षी से टकरा गया। बिरसा मुंडा एयरपोर्ट, रांची के निदेशक आर.आर. मौर्य ने जानकारी देते हुए बताया कि, इंडिगो फ्लाइट को दोपहर 1:14 बजे इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। विमान में लगभग 175 यात्री सवार थे, जो सभी सुरक्षित हैं। हालांकि, विमान को पक्षी से टकराने के कारण बाहरी हिस्से में डेंट लगा है। आर.आर. मौर्य के अनुसार, ₹तकनीकी टीम विमान की स्थिति की जांच कर रही है। पक्षी से टकराने की वजह से विमान को फिलहाल ग्राउंडेड कर दिया गया है, जब तक सभी सुरक्षा मापदंड पूरे नहीं हो जाते।₹ एक अन्य अधिकारी ने बताया कि यह विमान रांची पहुंचने के बाद कोलकाता के लिए रवाना होने वाला था, लेकिन घटना के बाद उसकी आगे की उड़ान फिलहाल स्थगित कर दी गई है। इंडिगो की ओर से अभी तक इस घटना पर कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है।

यह पहली बार नहीं है जब किसी विमान को पक्षी से टकराने के बाद इमरजेंसी लैंडिंग करनी पड़ी हो। इससे पहले भी कई बार ऐसी घटनाएं सामने आ चुकी हैं। जब उड़ते समय कोई पक्षी विमान से टकरा जाता है, तो उसे बर्ड स्ट्राइक कहा जाता है। यह एक आम लेकिन खतरनाक स्थिति होती है, जो विमान की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बन सकती है। ज्यादातर बर्ड स्ट्राइक की घटनाएं एयरपोर्ट के आस-पास होती हैं, खासकर जब विमान टेक-ऑफ (उड़ान भरते समय) या लैंडिंग (उतरते समय) कर रहा होता है।

# नौ मिठाई दुकानों पर लगा जुर्माना

**गढ़वा।** भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकार-2006 के अंतर्गत राज महेश्वरम्, न्याय निर्णयन पदाधिकारी-सह- अपर समाहर्ता द्वारा सोमवार को खाद्य सुरक्षा से संबंधित विभिन्न कुल नौ वादों का निष्पादन किया गया, जिसमें सब स्टैंडर्ड पांच, मिसब्रांडेड एक तथा एक्सट्रेनियस मैटर- तीन के वाद शामिल थे।

जिन खाद्य नमूनों के विरुद्ध कार्रवाई की गई, उसमे इंडिया गेट बेशन, बुंदी लडडू, पेड़ा, बर्फी, बेशन लडडू, मूंगफली चिकी, प्रमोद सोनपापड़ी शामिल थे। संबंधित खाद्य प्रतिष्ठानों पर कुल 1,90,000 रुपये का जुर्माना लगाया गया। जिसमें गढ़वा शहरी क्षेत्र के छह दुकान/प्रतिष्ठान, श्री बंशीधर नगर प्रखंड के एक, रमना प्रखंड के तथा गढ़वा प्रखंड के लगमा के एक मामला शामिल है।

उक्त सभी प्रतिष्ठानों पर अधिरोपित जुमार्ना की राशि चालान के माध्यम से जमा करने का निर्देश दिया गया। इस अवसर पर खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी अंजना रानी मिंज, प्रधान सहायक प्रमोद कुमार पांडेय सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# बीएसएफ में फर्जी नियुक्ति पत्र पर योगदान देने आये दो गये जेल



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हजारीबाग।** देश भर में बड़े पैमाने पर बीएसएफ आदि विभिन्न सैन्य संगठनों में फर्जी पत्र के सहारे नौकरी में बहाल कराने वाला गिरोह सक्रिय है, परंतु बारीकी से जांच में हर बार ऐसे लोग बेनकाब होते रहे है। ऐसा हीं एक मामला रविवार को बीएसएफ मेरु में आया है। यहां फर्जी योगदान पत्र और कागजात लेकर पहुंचे दो संदिग्धों को बीएसएफ ने गिरफ्तार का मुफ्फसिल थाना को सौंप दिया है। गिरफ्तार दोनों अभ्यर्थी बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले से आए थे और जनजातीय परिवार से है।

बीएसएफ के आवेदन पर इस संदर्भ में मुफस्सिल थाना में कांड संख्या 88/25 दर्ज किया गया है और आरोपितों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

फर्जी दस्तावेजों के साथ पकड़े गए आरोपितों में पौलुस सोरेन पिता नरेश सोरेन ग्राम चौकी बलिया थाना सागर दिघी जिला मुर्शिदाबाद तथा रवि बेसरा पिता दीप्ति बेसरा ग्राम गुदादंगा थाना नभग्राम जिला मुर्शिदाबाद पश्चिम बंगाल है।

थाना प्रभारी कुणाल किशोर ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि गिरफ्तार कर दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

बंगाल के मुर्शिदाबाद से बीएसएफ मेरु में कॉन्स्टेबल पद पर योगदान देने पहुंचे अभ्यर्थी को बीएसएफ के पदाधिकारियों ने संदिग्ध महसूस होने पर उनके दस्तावेंजों की बारीकी से जांच की गई।

जब जांच की गई तो अधिकारियों को मामला समझ में आया। इसके बाद कड़ाई से पूछताछ करने के बाद आरोपित और भी संदिग्ध हो गए। इसके बाद पूरी जानकारी और ठगी के खेल को उजागर कर दिया।

बीएसएफ की ओर से बताया गया है कि हजारीबाग स्थित बीएसएफ कैंप मेरु में दो अभ्यर्थियों को फर्जी दस्तावेजों के आधार पर ज्वॉइनिंग करने की कोशिश करते हुए गिरफ्तार किया गया है। सर्टिफिकेट वेरीफिकेशन के दौरान बीएसएफ के पदाधिकारी को इन दोनों पर शक हुआ।

इसके आधार पर सर्टिफिकेट का बहुत ही गहनता के साथ जांच की गई। जांच के दौरान यह पाया गया कि ज्वॉइनिंग लेटर ही फर्जी है। सूचना है कि इसके लिए भारी भरकम पैसा दलाल को दिया है। अब हजारीबाग पुलिस इस मामले की तहकीकात कर रही है कि आखिर इसका सूत्रधार कौन है।

बताया यह भी जा रहा है कि किसी प्रज्ञा केंद्र के माध्यम से पैसा ट्रांसफर भी किया गया है। जिस व्यक्ति को ट्रांसफर किया गया है उसके बैंक डिटेल भी इस दौरान खंगाला जा रहा हैं।

# मेरे हत्या की दी जा रही सुपारी : मरांडी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने सोमवार को कहा कि राज्य सरकार मुझ समेत स्वजनों और करीबियों पर हमला करने के लिए अपराधियों को सुपारी दे रही है। गिरिडीह में एक प्रेस वार्ता में बाबूलाल मरांडी ने कहा कि उन लाखों लोगों की आवाज उठाते रहेंगे जो भ्रष्टाचार, दमन और भय की राजनीति से पीड़ित हैं।

प्रेस वार्ता में मरांडी ने कहा कि उन्हें कुछ विश्वसनीय स्त्रोतों से जानकारी प्राप्त हुई है। राज्य सरकार के शीर्ष नेतृत्व से जुड़े कुछ अत्यधिक भ्रष्ट और आपराधिक प्रवृत्ति के अधिकारी उनके, उनके परिवार और उनके निकट लोगों के खिलाफ षड्यंत्र रचने में लगे हुए हैं।

उन्होंने आरोप लगाया कि इन अधिकारियों को सरकारी संरक्षण प्राप्त है और वे उन्हें डराने-धमकाने के लिए संगठित योजनाओं का सहारा ले रहे हैं। इसमें हमले की साजिश से लेकर, झूठे मुकदमे, चरित्र हनन, और फर्जी स्टिंग ऑपरेशन तक की तैयारी शामिल है। मरांडी ने कहा कि सरकार उनके खिलाफ इसलिए सक्रिय हो गई है क्योंकि उन्होंने अनेक घोटालों और भ्रष्टाचार के मामलों को सार्वजनिक रूप से उजागर किया है। इनमें छत्तीसगढ़-झारखंड शराब घोटाला, बालू, पत्थर, जमीन और कोयले के अवैध खनन एवं तस्करी से जुड़े रैकेट शामिल हैं।

बाबूलाल मरांडी ने कहा कि पूर्व में शिकारीपाड़ा क्षेत्र में उनके खिलाफ उग्रवादियों से जानलेवा हमला कराने की सूचना पर केंद्र सरकार ने उनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी सीआरपीएफ को सौंपी थी। उनके पुत्र के निधन के बाद भी सच के लिए उनकी आवाज को दबाया नहीं जा सका है।

प्रदेश भाजपा महामंत्री और राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू ने बाबूलाल मरांडी पर खतरे की बात को गंभीर मामला बताया है।

# पौधारोपण में विभाग पर लापरवाही बरतने का लगाया आरोप



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पोटका।** दूसरों को पौधारोपण की सीख देने वाला वन विभाग अपने ही पौधारोपण को सफल बनाने में असफल हो रही है।

यानी कहीं ना कहीं चिराग तले अंधेरा के कथाश को चरितार्थ कर रहा है वन विभाग, एक तरफ जहां वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग जमशेदपुर वन प्रमंडल के अंतर्गत राखा माइन्स वन प्रमंडल द्वारा टांगरसई से देवली चौक तक सड़क के दोनों तरफ सड़क किनारे किनारे पीवीसी जाली गेबियन वृक्षारोपण 2023 - 24 किया गया था। इसमें 2000 से ज्यादा पौधों का पौधारोपण वन विभाग द्वारा किया गया,मगर पौधारोपण में घोर लापरवाही वन विभाग द्वारा बरती गई।

इसके कारण दो सौ से ज्यादा पौधा समय से पूर्व ही एक तो सूख गए यां जानवर खा गए दूसरी ओर 6 से 8 महीने में प्लास्टिक का जालीं सड़ जाने के कारण पशुओं के लिए पौधा आहार बन गया कहीं ना कहीं इस लापरवाही को लेकर स्थानीय लोगों जनप्रतिनिधियों में नाराजगी देखी जा रही है।

वहीं, कांग्रेस के किसान प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष आनंद दास एवं जेएलकेएम के पूर्व प्रत्याशी भागीरथी हांसदा ने कहा कि सरकार की काफी अच्छी योजना है। मगर इसमें वन विभाग द्वारा घोर लापरवाही बरती गई है।

साथ ही साथ भागीरथी हांसदा ने कहा कि वन विभाग की तरफ से लापरवाही की गई, जिसके कारण आज सैकड़ो पौधा पेड़ बनने से पहले सूख गए यह घोर लापरवाही का मामला है।

वहीं, उन्होंने कहा कि मैं बहुत जल्द इस पर विभाग लिखित देते हुए कार्रवाई की मांग करूंगा साथ ही साथ अभिषेक सरदार एवं आनंद दास ने कहा कि जल्द से जल्द बांस के बने गेबियन से पौधारोपण किया जाए ताकि अच्छी तरीके से इनका देखभाल हो वन विभाग द्वारा किसी तरह का देखभाल नहीं किया जा रहा है।

इसके कारण पौधा लगाने के कुछ ही समय बाद पौधे सूख जाते हैं या पशुओं के शिकार हो जा रहे हैं वही इस पर तत्काल जितने पौधे सूख चुके हैं या जानवर खा चुके हैं।

उन जगहों में जल्द से जल्द पौधारोपण की मांग की गई है। वहीं, सरकार की लाखों रुपए की योजना में घपले बाजी को लेकर स्थानीय लोगों में काफी नाराजगी देखने को मिल रही है।

लोगों का कहना है कि दूसरों को सीख देने वाला वन विभाग को सिख की जरूरत है। डीएफओ सबा आलम अंसारी ने कहा कि जितने भी पौधे सूख गए हैं या गेबियन टूट गया है। उन सारे पौधों को फिर से पौधारोपण कर नया गेबियन लगाया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्लास्टिक का गेबियन लगाने का विभागीय आदेश है। जिसके कारण प्लास्टिक की जाली लगाई गई है।

# झारखण्ड में कोरोना मरीजों की संख्या हुई 11

## विभाग को अलर्ट मोड में रहने का निर्देश



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची।** झारखंड में कोरोना के केस बढ़कर 11 हो गए हैं। एक दिन पूर्व एक जून को सुबह आठ बजे जारी केंद्र की रिपोर्ट के अनुसार, झारखंड में कोरोना के मिले कुल मरीजों की संख्या छह ही थी, जो सोमवार को बढ़कर 11 हो गई। हालांकि, राहत की बात यह है कि एक मरीज स्वस्थ भी हुआ।

इधर, केंद्र से एडवाइजरी मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह ने सभी उपायुक्तों एवं सिविल सर्जनों को उसका अनुपालन के निर्देश दिए हैं। उन्होंने केंद्र की एडवाइजरी की प्रति संलग्न करते हुए सभी उपायुक्तों एवं सिविल सर्जनों को पत्र भेजा है, जिसमें कोरोना से निपटने के लिए अस्पतालों में सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने को कहा है।

विभाग के अपर मुख्य सचिव ने इन्फ्लूएंजा जैसे लक्षण वाले पांच प्रतिशत मरीजों तथा सीवियर एक्यूट रेस्पिरेटरी इलनेस (एसएआरआई) के शत-प्रतिशत मरीजों की कोविड जांच के निर्देश दिए हैं। उन्होंने इसकी प्रतिदिन की रिपोर्टिंग तथा सर्विलांस तेज करने के भी निर्देश दिए हैं।

उन्होंने जांच में पॉजिटिव पाए जाने वाले सभी सैंपल की रिम्स, रांची में जीनोम सीक्वेंसिंग कराने को भी कहा है। ऑक्सीजन आदि की माक ड्रिल कराने के भी निर्देश सभी सिविल सर्जनों को दिए गए हैं।

# टेस्ट के बाद वनडे और टी20 को भी हेनरिक क्लासेन ने कहा अलविदा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दक्षिण अफ्रीका के स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन ने सोमवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास का फैसला लेकर सभी को चौंका दिया। 33 वर्षीय खिलाड़ी ने सोशल मीडिया पर अपने निर्णय की घोषणा की। उन्होंने



बताया कि वह अपने परिवार पर ध्यान देना चाहते हैं। बता दें कि, क्लासेन ने पिछले साल टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। अब उन्होंने वनडे और टी20 को भी अलविदा कह दिया है।

**सोशल मीडिया पर लिखी दिल की बात-** दाएं हाथ के बल्लेबाज ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर लिखा- यह मेरे लिए दुखद दिन है क्योंकि मैं घोषणा करता हूं कि मैंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से दूर रहने का फैसला किया है। मुझे यह तय करने में बहुत समय लगा कि मेरे और मेरे परिवार के भविष्य के लिए क्या सबसे अच्छा है। यह वाकई बहुत कठिन फैसला था लेकिन मैं इस फैसले से पूरी तरह से संतुष्ट हूं।

**क्लासेन का अंतरराष्ट्रीय करियर-** हेनरिक क्लासेन ने तीनों प्रारूपों में दक्षिण अफ्रीका का नेतृत्व किया। उन्होंने चार टेस्ट, 60 वनडे और 58 टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले। इनमें उन्होंने क्रमशः 104, 2141 और 1000 रन बनाए। क्लासेन को आखिरी बार चैंपियंस ट्रॉफी में खेलते देखा गया था। इस दौरान उन्होंने सिर्फ दो मुकाबले खेले और 67 रन बनाए।

# जेम्स एंडरसन की 11 साल बाद धमाकेदार वापसी, टी20 क्रिकेट में किया सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

**चेस्टर-ले-स्ट्रीट (एजेंसी)।** इंग्लैंड के दिग्गज तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने 11 साल बाद टी20 क्रिकेट में वापसी की। उन्होंने डरहम में लंकाशायर के लिए डरहम के खिलाफ टी20 ब्लास्ट मैच के दौरान इस प्रारूप में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। 42 वर्षीय इंग्लिश तेज गेंदबाज ने पिछले साल 704 टेस्ट विकेट और 991 से अधिक अंतरराष्ट्रीय विकेट लेकर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था।



अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट ने पिछले कुछ वर्षों में उनके काउंटी में प्रदर्शन को सीमित कर दिया है। उन्होंने पिछले साल काउंटी चैम्पियनशिप में प्रदर्शन किया जिसमें उन्होंने 7/35 का प्रदर्शन किया। 2015 में आखिरी बार वनडे और 2009 में टी20आई खेलने वाले एंडरसन पिछले साल अपने रिटायरमेंट तक टेस्ट पर ध्यान केंद्रित कर रहे थे और उसके बाद उन्होंने इंग्लैंड की पुरुष टीम के गेंदबाजी सलाहकार का काम संभाला।

एंडरसन का कौशल-सेट हमेशा की तरह तीखा है क्योंकि उन्होंने 4.25 की इकॉनमी रेट से चार ओवर में 17 रन देकर 3 विकेट अपने नाम किए, जो इस प्रारूप में उनके सर्वश्रेष्ठ आंकड़े हैं। उन्होंने ग्राहम क्लार्क (10), कप्तान एलेक्स लीज (16) और कॉलिन एकरमैन (18) को आउट करके डरहम को 7.1 ओवर में 3/46 पर ला खड़ा किया। जेम्स नीशम ने 25 गेंदों में पांच चौकों और एक छक्के की मदद से 40* रन बनाकर उन्हें 20 ओवर में 150/6 तक पहुंचाया। लक्ष्य का पीछा चार विकेट रहते किया गया। एंडरसन ने इससे पहले अगस्त 2014 में वारविकशायर के खिलाफ टी20 ब्लास्ट फाइनल में खेला था, लेकिन चार ओवर में 52 रन देकर कोई विकेट नहीं ले पाए थे और उनकी टीम चार रन से हार गई थी। उन्होंने कुल 45 टी20 मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने 30.34 की औसत से 44 विकेट लिए हैं। टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद एंडरसन ने पिछले अगस्त में फाइनल वर्ड पॉडकास्ट से कहा था कि वह कुछ फ्रैंचाइजी क्रिकेट खेलने के लिए तैयार हैं।

# आईपीएल श्रेयस तीन टीमों को फाइनल में ले जाने वाले पहले कप्तान

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** पिछले छह साल में श्रेयस तीन अलग-अलग टीमों के साथ तीन अलग फाइनल में पहुंचे हैं। वह तीन अलग-अलग टीमों के साथ आईपीएल फाइनल में पहुंचने वाले पहले कप्तान हैं।

पंजाब किंग्स की टीम आईपीएल 2025 के फाइनल में पहुंच गई है। उसने रविवार को आईपीएल क्वालिफायर-दो के मुकाबले में मुंबई इंडियंस को पांच विकेट से हरा दिया। पंजाब की जीत के साथ यह तय हो गया कि आईपीएल 2025 की चैंपियन कोई नई टीम बनेगी। आरसीबी और पंजाब दोनों ने ही इससे पहले कभी खिताब अपने नाम नहीं किया है। श्रेयस अय्यर ने शानदार कप्तानी पारी खेलते हुए अपनी टीम को पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस पर जीत दिलाई। श्रेयस ने 41 गेंद में पांच चौके और आठ छक्के की मदद से 87 रन की नाबाद पारी खेली। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच भी चुना गया।

### आईपीएल नॉकआउट में सबसे सफल रन चेज

| लक्ष्य | टीम | खिलाफ | साल |
|---|---|---|---|
| 204 | PBKS | MI | 2025 |
| 200 | KKR | PBKS | 2014 |
| 191 | KKR | CSK | 2012 |
| 189 | GT | RR | 2022 |
| 179 | CSK | SRH | 2018 |



### कब-कब आईपीएल में क्वालिफायर-1 और फाइनल में एक सी टीमें टकराईं

| साल | टीमें (क्वालीफायर-1 और फ़ाइनल) | खिताब विजेता |
|---|---|---|
| 2011 | सीएसके बनाम आरसीबी- | सीएसके |
| 2013 | सीएसके बनाम मुंबई- | मुंबई |
| 2014 | केकेआर बनाम पीबीकेएस- | केकेआर |
| 2015 | मुंबई बनाम सीएसके- | मुंबई |
| 2017 | आरपीएस बनाम मुंबई- | मुंबई |
| 2018 | सीएसके बनाम एसआरएच- | सीएसके |
| 2019 | मुंबई बनाम सीएसके- | मुंबई |
| 2020 | मुंबई बनाम डीसी- | मुंबई |
| 2022 | जीटी बनाम आरआर- | जीटी |
| 2023 | सीएसके बनाम जीटी | सीएसके |
| 2024 | केकेआर बनाम एसआरएच- | केकेआर |
| 2025 | आरसीबी बनाम पीबीकेएस | |

**श्रेयस का आईपीएल में जलवा-** पिछले छह साल में श्रेयस तीन अलग-अलग टीमों के साथ तीन अलग फाइनल में पहुंचे हैं। वह तीन अलग-अलग टीमों के साथ आईपीएल फाइनल में पहुंचने वाले पहले कप्तान हैं। श्रेयस इससे पहले दिल्ली कैपिटल्स के साथ साल 2020 में और कोलकाता नाइट राइडर्स के साथ 2024 में आईपीएल फाइनल में पहुंच चुके हैं। उनकी कप्तानी में केकेआर ने पिछले साल खिताब भी जीता था। अब वह इस साल पंजाब की टीम के साथ चैंपियन बनना चाहेंगे। श्रेयस को पंजाब ने मेगा ऑक्शन में 26.75 करोड़ रुपये में खरीदा था।

क्वालिफायर-1 में भी श्रेयस की पंजाब टीम और आरसीबी के बीच मुकाबला हुआ था। तब आरसीबी ने आसान जीत दर्ज की थी। पंजाब को आरसीबी ने 101 रन पर समेट दिया था। अब फिर से फाइनल में दोनों टीमें टकराएंगी। यह लीग के इतिहास में 12वीं बार है जब क्वालिफायर-एक और फाइनल में एक सी टीमें टकराएंगी।

**क्वालिफायर-दो में मुंबई हारी-** श्रेयस अय्यर की तूफानी पारी की मदद से पंजाब किंग्स ने दूसरे क्वालिफायर में रविवार को मुंबई इंडियंस को पांच विकेट से हराया। अब तीन जून को फाइनल में पंजाब का सामना रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से होगा और दोनों टीमों ने 18 साल में एक बार भी खिताब नहीं जीता है। पिछले साल अपनी कप्तानी में कोलकाता नाइट राइडर्स को खिताब दिलाने वाले श्रेयस ने दबाव के क्षणों में परिपक्व पारी खेलते हुए 11 साल में पहली बार पंजाब को फाइनल में पहुंचाया। मुंबई के खतरनाक गेंदबाजी आक्रमण के सामने जीत के लिये 204 रन का लक्ष्य आसान नहीं था, लेकिन श्रेयस ने आक्रामक बल्लेबाजी की नई परिभाषा गढ़ी। पंजाब किंग्स ने पांच विकेट पर 207 रन बनाए और मैच जीत लिया। श्रेयस ने 19वें ओवर की आखिरी गेंद पर छक्का जड़कर टीम को जीत तक पहुंचाया। इससे पहले बारिश के कारण मैच सवा दो घंटे विलंब से शुरू हुआ था।

# बीसीसीआई की नकल कर रहा पीसीबी!

## क्रिकेट में अपनी छवि सुधारने के लिए पाकिस्तान ने घरेलू टूर्नामेंट खेलना अनिवार्य किया





**लाहौर (एजेंसी)।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने सोमवार को सभी केंद्रीय अनुबंधित और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों के लिए राष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं से मुक्त होने पर सत्र के दौरान कम से कम एक घरेलू टूर्नामेंट खेलना अनिवार्य कर दिया है। पीसीबी बीसीसीआई के नक्शेकदम पर चल रहा है। ऐसा इसलिए क्योंकि बीसीसीआई सचिव रहते हुए जय शाह ने पिछले साल भारत के सीनियर क्रिकेटरों के लिए घरेलू टूर्नामेंट खेलना अनिवार्य कर दिया था। तब बीसीसीआई ने कहा था कि यही राष्ट्रीय टीम में चयन का आधार होगा। अब पीसीबी ने भी बीसीसीआई की नकल करते हुए उसी नक्शेकदम पर चलना शुरू कर दिया है। अब जय शाह आईसीसी अध्यक्ष हैं।

पीसीबी का मानना है कि खिलाड़ियों की गुणवत्ता में सुधार का एकमात्र तरीका घरेलू ढांचे को और अधिक प्रतिस्पर्धी बनाना है। बैठक की अध्यक्षता करने वाले पीसीबी के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने कहा कि इससे घरेलू खिलाड़ियों और युवाओं को अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों के साथ खेलने और उनके साथ ड्रेसिंग रूम साझा करने का मौका मिलेगा। उन्होंने कहा, इससे घरेलू खिलाड़ियों को लंबे समय में फायदा होगा और वे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर किसी भी तरह के मौके के लिए तैयार रहेंगे।

### माइक हेसन भी बैठक में शामिल हुए

बैठक में पाकिस्तान के नए सीमित ओवर के कोच माइक हेसन, टी20 टीम के कप्तान सलमान अली आगा, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मामलों के प्रमुख उस्मान वाहला और राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के निदेशक आकिब जावेद शामिल हुए। पीसीबी ने 2025-26 के लिए नए केंद्रीय अनुबंध जारी करने और 30 जुलाई की समय सीमा को पूरा करने का भी फैसला किया। पीसीबी इसमें पिछले दो वर्षों में चूक गया था।

### चैंपियंस कप को रद्द किया गया

पीसीबी ने पिछले साल चैंपियंस कप के नाम से नई प्रथम श्रेणी, वनडे और टी20 प्रतियोगिताएं शुरू कीं और यहां तक कि सभी पांच टीमों के लिए भारी वेतन पर पांच मेंटर भी नियुक्त किए, लेकिन आने वाले घरेलू सत्र के लिए चैंपियंस कप को रद्द करने का फैसला किया। उस्मान वाहला ने अगले छह महीनों के लिए दक्षिण अफ्रीका और श्रीलंका के खिलाफ घरेलू सीरीज और वेस्टइंडीज और बांग्लादेश के दौरे सहित अंतरराष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं की भी पुष्टि की।

### मेजबान श्रीलंका के अनुरोध के बाद

# एसीसी ने महिला एमर्जिंग एशिया कप स्थगित किया

**दुबई (एजेंसी)।** एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) ने मेजबान देश श्रीलंका में मौसम की प्रतिकूल परिस्थितियों और सार्वजनिक स्वास्थ्य चिंताओं के कारण छह जून से शुरू होने वाले महिला एमर्जिंग टीम एशिया कप टूर्नामेंट को सोमवार को स्थगित करने की घोषणा की। टूर्नामेंट को स्थगित करने का फैसला श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष शम्मी सिल्वा से प्राप्त पत्र पर विचार-विमर्श के बाद लिया गया जिन्होंने एसीसी प्रमुख मोहसिन रजा नकवी को इस टूर्नामेंट को स्थगित करने की मांग करते हुए पत्र लिखा था।



एसीसी ने एक बयान में कहा कि सिल्वा ने श्रीलंका में मौसम की प्रतिकूल परिस्थितियों और इस क्षेत्र में चिकनगुनिया फैलने के कारण स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं का हवाला दिया। नकवी पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष भी हैं। उन्होंने कहा कि महाद्वीपीय संस्था महिला क्रिकेट और क्षेत्र में उभरती प्रतिभाओं को बढ़ावा देने के महत्व को समझती है।

उन्होंने कहा, एसीसी युवा महिला क्रिकेटरों को कौशल को बढ़ाने और उच्चतम स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के मौके प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। हम एशिया में महिला क्रिकेट के भविष्य को आकार देने में इस टूर्नामेंट के रणनीतिक महत्व को समझते हैं और जल्द से जल्द इस टूर्नामेंट को फिर से आयोजित करने के लिए लगन से काम करेंगे।

नकवी ने कहा कि एसीसी समय आने पर टूर्नामेंट की नयी तारीखों की घोषणा करेगा। एसीसी के करीबी एक विश्वसनीय सूत्र ने यह भी कहा कि पाकिस्तान और भारत के बीच हाल में सीमा पर तनाव के कारण सितंबर में पुरुषों के एशिया कप टी20 टूर्नामेंट के आयोजन को लेकर गंभीर संदेह है। सूत्र ने कहा, मुझे नहीं लगता कि एशिया कप होगा क्योंकि मौजूदा स्थिति को देखते हुए भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के लिए इस टूर्नामेंट की मेजबानी करने के साथ पाकिस्तान टीम को आमंत्रित करने के लिए अपनी सरकार से मंजूरी लेना मुश्किल होगा।

# ग्लेन मैक्सवेल ने वनडे क्रिकेट से लिया संन्यास अब पूरा ध्यान टी20 विश्व कप पर

**मेलबर्न (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल ने अगले साल भारत और श्रीलंका में होने वाले टी20 विश्व कप पर ध्यान केंद्रित करने के लिए सोमवार को वनडे से संन्यास ले लिया। उन्होंने कहा कि वह 'स्वार्थी कारणों से नहीं खेलना चाहते' क्योंकि उनका शरीर संघर्ष कर रहा है।

36 वर्षीय विस्फोटक बल्लेबाज और अक्सर कमतर आंके जाने वाले ऑफ स्पिन गेंदबाज ने ऑस्ट्रेलिया के लिए 149 वनडे मैच खेले हैं जिसमें कई लोगों द्वारा सर्वकालिक सर्वश्रेष्ठ वनडे पारी मानी जाती है। मैक्सवेल 2023 विश्व कप में अफगानिस्तान के खिलाफ खेले थे, जब उनकी टीम 7-91 के स्कोर पर लड़खड़ा रही थी। उच्च दबाव की स्थिति में और भीषण गर्मी में गंभीर ऐंठन से जूझते हुए उन्होंने हार के मुंह से जीत छीनने के लिए सिर्फ 128 गेंदों पर 201 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया ने अहमदाबाद में पसंदीदा भारत को हराकर विश्व कप जीता।



उन्होंने फाइनल वर्ड पॉडकास्ट से कहा, मुझे लगा कि मैं टीम को थोड़ा निराश कर रहा हूं क्योंकि शरीर परिस्थितियों पर प्रतिक्रिया कर रहा है। मैंने (चयनकर्ताओं के अध्यक्ष) जॉर्ज बेली के साथ अच्छी बातचीत की और उनसे पूछा कि आगे के बारे में उनके क्या विचार हैं। हमने 2027 विश्व कप के बारे में बात की और मैंने उनसे कहा मुझे नहीं लगता कि मैं ऐसा कर पाऊंगा, अब समय आ गया है कि मेरी स्थिति में लोगों के लिए योजना बनाई जाए ताकि वे इस स्थिति को अपना बना सकें।

मैक्सवेल हाल ही में पंजाब किंग्स के साथ आईपीएल में खेले थे, जो उंगली में चोट के कारण बीच में ही वापस लौट गए थे। विस्फोटक बल्लेबाज ने कहा, मैंने हमेशा कहा है कि अगर मुझे लगता है कि मैं अभी भी खेलने के लिए पर्याप्त अच्छा हूं तो मैं अपनी स्थिति नहीं छोड़ूंगा। मैं सिर्फ कुछ सीरीज तक ही टिके रहना नहीं चाहता था और स्वार्थी कारणों से खेलना नहीं चाहता था।

मैक्सवेल का 126 का स्ट्राइक रेट वनडे क्रिकेट में दूसरा सबसे अधिक है, जो वेस्टइंडीज के दिग्गज बल्लेबाज आंद्रे रसेल से पीछे है। उन्होंने 77 विकेट के साथ चार शतक और 23 अर्धशतक लगाए हैं। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने एक बयान में कहा, मैक्सवेल ने भारत और श्रीलंका में 2026 आईसीसी पुरुष ञ्20 विश्व कप, बिग बैश लीग और अपनी अन्य वैश्विक प्रतिबद्धताओं के लिए अपनी तैयारी को प्राथमिकता देने का फैसला किया है।

मैक्सवेल ने अपने शानदार एकदिवसीय करियर में कई बेहतरीन मैच खेले हैं, जिसमें दो एकदिवसीय विश्व कप जीत भी शामिल हैं।

# आईपीएल-श्रेयस-रजत से जुड़ा अजब संयोग

## सात महीने में दूसरी बार खिताबी मुकाबले में आमने-सामने होंगे दोनों कप्तान

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** पंजाब किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु आईपीएल की दो ऐसी टीमें हैं जिन्होंने अब तक एक भी आईपीएल खिताब नहीं जीता है। दोनों टीमों को अपने पहले खिताब का इंतजार है। पंजाब की कमान श्रेयस अय्यर संभाल रहे हैं जबकि आरसीबी का नेतृत्व रजत पाटीदार कर रहे हैं। दिलचस्प बात यह है कि दोनों कप्तानों का आमना-सामना सात महीने के भीतर एक बार फिर किसी टूर्नामेंट के फाइनल में हो रहा है।

आईपीएल 2025 का रोमांच चरम पर पहुंच गया है। पंजाब किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के बीच मंगलवार को इस सत्र का खिताबी मुकाबला खेला जाएगा। इस मैच में भले ही कोई भी टीम जीते लेकिन आईपीएल प्रशंसकों को नई विजेता टीम मिलना तय है। खिताबी मैच से पहले हम आपको एक अजब संयोग के विषय में बताएंगे जिसके विषय में जानकर आप भी हैरान रह जाएंगे।

**सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के फाइनल में हुई थी श्रेयस-**



**पाटीदार की टक्कर-** पंजाब किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु आईपीएल की दो ऐसी टीमें हैं जिन्होंने अब तक एक भी आईपीएल खिताब नहीं जीता है। दोनों टीमों को अपने पहले खिताब का इंतजार है। पंजाब की कमान श्रेयस अय्यर संभाल रहे हैं जबकि आरसीबी का नेतृत्व रजत पाटीदार कर रहे हैं। दिलचस्प बात यह है कि दोनों कप्तानों का आमना-सामना सात महीने के भीतर एक बार फिर किसी टूर्नामेंट के फाइनल में हो रहा है। इससे पहले दोनों कप्तानों की सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2024 के फाइनल में भिड़ंत हुई थी।

**तीन जून को मिलेगा नया चैंपियन-** अब दोनों कप्तानों का आईपीएल 2025 के फाइनल में आमना-सामना होगा। आरसीबी ने क्वालिफायर-1 मुकाबले में पंजाब को हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। वहीं, पंजाब किंग्स ने एलिमिनेटर की विजेता मुंबई इंडियंस को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। पंजाब और आरसीबी ने अब तक कभी आईपीएल की ट्रॉफी नहीं जीती है, ऐसे में यह तय है कि अब टूर्नामेंट को एक नया चैंपियन मिलेगा। 18वें सत्र का खिताबी मुकाबला तीन जून को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम पर खेला जाएगा।

### श्रेयस ने मुंबई को दिलाई थी जीत

सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2024 का खिताबी मुकाबला पिछले साल दिसंबर में खेला गया था। 15 दिसंबर को खेले गए मैच में श्रेयस अय्यर की अगुआई में मुंबई ने रजत पाटीदार के नेतृत्व वाली मध्य प्रदेश को पांच विकेट से मात देकर खिताब अपने नाम किया था। दाएं हाथ के बल्लेबाज ने मुंबई को दूसरी बार यह खिताब जिताया था। इससे पहले टीम ने अजिंक्य रहाणे के नेतृत्व में 2022/23 में खिताब अपने नाम किया था।

बंगलूरू के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में मुंबई ने टॉस जीतकर मध्य प्रदेश को बल्लेबाजी का न्योता दिया था। रजत पाटीदार की अर्धशतकीय पारी की बदौलत टीम ने 20 ओवर में आठ विकेट पर 174 रन बनाए। जवाब में मुंबई ने सूर्यकुमार यादव की 48 रनों की जबरदस्त पारी की बदौलत 17.5 ओवर में पांच विकेट पर 180 रन बनाए और मैच अपने नाम किया था। एमपी के लिए त्रिपुरेश सिंह ने दो विकेट लिए जबकि शिवम शुक्ला, वेंकटेश अय्यर और कुमार कार्तिकेय ने एक-एक विकेट हासिल किए थे।

## संक्षिप्त समाचार

### फ्लैट में चल रहा था देह व्यापार का गंदा खेल, रेड मारकर पुलिस ने महिला समेत 4 को पकड़ा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** शालीमार गार्डन थानाक्षेत्र में शनिवार रात पुलिस ने दबिश देकर फ्लैट में चल रहे देह व्यापार का भंडाफोड़ किया। पुलिस ने महिला संचालिका और तीन पुरुषों को गिरफ्तार कर तीन युवती मुक्त कराईं। पुलिस को मौके से मोबाइल और आपत्तिजनक सामग्री मिली है। विक्रम एंक्लेव में भूतल स्थित एक फ्लैट में देह व्यापार की सूचना पुलिस को मिली थी। एसीपी शालीमार गार्डन अतुल कुमार सिंह टीम के साथ शनिवार रात मौके पर पहुंचे तो फ्लैट में एक महिला मिली। अंदर कमरों में तीन युवक और युवती आपत्तिजनक हालत में थे। इन्हें बाहर निकालकर तलाशी ली तो मोबाइल और अन्य सामग्री मिली। सूचना की पुष्टि होने पर पुलिस ने महिला संचालिका श्रृष्टिऔर ग्राहकों को गिरफ्तार कर लिया। तीनों युवतियों को मुक्त कराकर इनसे पूछताछ की। वहीं महिला संचालिका ने बताया कि पांच माह पहले उसने यह फ्लैट खरीदा था। तभी से देह व्यापार करा रही थी। युवतियों ने बताया कि सृष्टि ने उन्हें काम के लिए बुलाया था। इसी दौरान उनके वीडियो बना लिए। इन्हें वायरल करने की धमकी दे वह उनसे गलत काम करा रही थी। सृष्टि के मोबाइल से कई महिला व युवतियों के फोटो मिले हैं,जिन्हें वाट्सएप के जरिये लोगों को भेजकर ग्राहक बुलाए जाते थे।

### एमसीडी वार्ड कमेटी चुनाव - 12 जोन के लिए आज होगी वोटिंग, 3 जगह भाजपा-आप ने नहीं उतारे उम्मीदवार

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली नगर निगम के सभी 12 जोन में वार्ड समिति के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद के साथ स्थायी समिति के दो रिक्त पदों के चुनाव आज सोमवार को होंगे। निगम मुख्यालय में स्थित ए ब्लॉक में सुबह 10 से शाम 4 बजे के दौरान चुनाव होंगे। इससे पहले सभी उम्मीदवारों ने 27 मई को निगम सचिव कार्यालय में जाकर नामांकन दाकिल किया था। तीन जोन की वार्ड समिति में उम्मीदवारों की निर्विरोध जीत तय है। इसमें सिटी सदर पहाड़गंज जोन, करोल बाग जोन और केशवपुरम जोन शामिल हैं। सिटी सदर पहाड़गंज जोन और करोल बाग जोन की वार्ड समिति में आम आदमी पार्टी के उम्मीदवारों की और केशवपुरम जोन की वार्ड समिति में भाजपा के उम्मीदवारों निर्विरोध जीत तय है। इसका कारण है कि इन तीनों जोन में भाजपा और 'आप' ने अपने उम्मीदवारों को नहीं उतारा है। भाजपा और इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी में गठबंधन - साथ ही, रोहिणी और पश्चिम जोन में भाजपा और इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी (आईवीपी) का गठबंधन हुआ है। रोहिणी और पश्चिमी जोन की वार्ड समिति में आईवीपी ने अध्यक्ष पद पर और भाजपा ने उपाध्यक्ष पद पर अपने उम्मीदवार उतारे हैं। दोनों ही दलों का सीधा मुकाबला आम आदमी पार्टी के उम्मीदवारों से होगा। इसके अलावा सिटी सदर पहाड़गंज जोन और दक्षिण जोन की वार्ड समिति से स्थायी समिति के दो सदस्य पद खाली हो गए थे। इन दोनों वार्ड समिति से स्थायी समिति के दो रिक्त सदस्यों पदों पर भी आज चुनाव होंगे।

### 40 से 50 की स्पीड में चलेंगी तेज हवाएं, दिल्ली में फिर 2 दिन आंधी-बारिश का येलो अलर्ट

**नईदिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली में आज और कल भी तेज हवा के साथ हल्की बारिश हो सकती है। मौसम विभाग की ओर से इसके लिए दो दिन का येलो अलर्ट भी जारी किया गया है।दिल्ली में इस बार जनवरी से अप्रैल तक का महीना सामान्य से ज्यादा गर्म रहा था, लेकिन मई की शुरुआत से देश के अलग-अलग हिस्सों में मौसम की भिन्न-भिन्न परिघटनाएं सक्रिय हो गई हैं। हर कुछ दिन बाद आंधी औ तेज हवाओं के साथ बारिश, गरज चमक आदि हो रहे हैं। इसके चलते मई महीने का औसत अधिकतम तापमान सामान्य से लगभग ढाई डिग्री तक कम रहा है। मई के बाद अब जून में भी मौसम का यही रुख बना हुआ है। मौसम विभाग का अनुमान है कि सोमवार और मंगलवार को भी 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार वाली हवाओं के साथ हल्की बारिश हो सकती है। बीच-बीच में हवा की गति 60 किलोमीटर प्रति घंटे तक होने के आसार हैं। इसके चलते अधिकतम तापमान 36 से 38 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है। बता दें कि येलो अलर्ट का मतलब होता है कि मौजूदा स्थिति में बेशक खतरा नहीं है, लेकिन कभी भी खराब मौसम का सामना करना पड़ सकता है। पालम में सबसे तेज रहा आंधी का जोर- पालम इलाके में रविवार को आई आंधी का जोर सबसे ज्यादा तेज रहा।

# दिल्ली चिड़ियाघर निजी हाथों में सौंपने की तैयारी

### वनतारा की तरह होगा विकसित

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली चिड़ियाघर को जल्द निजी हाथों या सोसाइटी के जिम्मे सौंपा जा सकता है। गुजरात के जामनगर स्थित वनतारा की तर्ज पर इसको नए रूप में विकसित करने की योजना पर काम चल रहा है। पर्यावरण एवं वन मंत्रालय और प्रधानमंत्री कार्यालय के अधिकारियों के बीच इसको लेकर बैठकें चल रही हैं। सूत्रों के मुताबिक, देश की एक नामचीन कंपनी इसे अपने हाथों में ले सकती है। इसके लिए तैयारियां तेज हो गई हैं। यहां वन्यजीवों को आधुनिक तरीके से रखा जाएगा। साथ ही, विश्व स्तरीय सुविधाएं मिलेंगी। इसमें एयर-कंडीशन्ड मेडिकल यूनिट्स और मॉडर्न रिहैब केंद्र, जानवरों को जंगल जैसी आजादी दी जाएगी। खास बात है कि लुप्त होने के कगार पर पहुंच चुके बेजुबानों का रेस्क्यू कर इलाज भी दिया जाएगा। प्रबंधन से जुड़े एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि विशेषज्ञों से चिड़ियाघर का डिजाइन तैयार करवाया जा रहा है। सबसे पहले वन्यजीवों को जंगल के समान ही वातावरण देना, उनकी देखभाल करना, पर्यटकों को आकर्षित करना जैसी अनेक चीजों को ध्यान में रखकर कार्य योजना तैयार की जा रही है।

लगभग लुप्त हो चुके वन्यजीवों को लाया जाएगा - समय के साथ कुछ प्रजाति के वन्यजीव यहां से लगभग लुप्त हो चुके हैं। कुछ को जलवायु के अनुसार यहां रखा जाना संभव नहीं है। ऐसे में पानी के नीचे एक बाड़ा विकसित किया जाएगा, जिससे विजिटर्स लुप्त प्राय मगरमच्छ और




घड़ियाल प्रजातियों को उनके प्राकृतिक जलीय आवास में देख सकेंगे। इसी तरह वॉक-थ्रू एवियरी का भी निर्माण किया जाएगा। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि पक्षियों के बाड़े में प्राकृतिक हरी-भरी वनस्पतियां होंगी। वहीं, बंदर की विदेशी प्रजातियों को भी यहां लाया जाएगा। ऐसे अनेक वन्यजीव हैं, जो अब चिड़ियाघर में नहीं हैं और उन्हें यहां लाया जाएगा।

वनतारा एक वन्यजीव संरक्षण परियोजना है, जिसकी स्थापना अनंत अंबानी ने की है। यह रिलायंस इंडस्ट्रीज और रिलायंस फाउंडेशन द्वारा समर्थित है। गुजरात में जामनगर रिफाइनरी कॉम्प्लेक्स के भीतर स्थित वनतारा 3000 एकड़ में फैला है। यह घायल, संकटग्रस्त और लुप्तप्राय जीवों का आश्रयस्थल है।

## दिल्ली में कोरोना से 1 और मौत, 24 घंटे में 47 नए बीमार; एक्टिव केस 480 के पार

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली में कोरोना वायरस के मामले दोबारा तेजी से बढ़ते जा रहे हैं। सोमवार सुबह तक पिछले 24 घंटे में दिल्ली में कोविड-19 के 47 और नए मामले सामने आए, जिससे राजधानी में कुल एक्टिव मामले बढ़कर 483 हो गए। इसके साथ ही एक व्यक्ति की मौत के साथ यह आंकड़ा भी बढ़कर 3 पर पहुंच गया है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि कोविड संक्रमण की स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। मंत्रालय ने लोगों से अपील की है कि घबराने की जरूरत नहीं है और लोगों को भीड़भाड़ वाले इलाकों में मास्क का इस्तेमाल करने और कोरोना से सावधानी बरतने की जरूरत है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अनुसार, सोमवार 2 जून को सुबह 8 बजे तक देशभर में कोविड-19 के एक्टिव केस 3,961 हो गए हैं। इस साल जनवरी से अब तक देश में कोविड-19 से कुल मौतों की संख्या बढ़कर 32 हो गई है, जिसमें रविवार को हुई 4 मौतें भी शामिल हैं। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, रविवार से कोरोना एक्टिव मामलों की संख्या में 203 नए मामले जुड़े हैं। वहीं,



चार और लोगों की जान चली गई। राजधानी दिल्ली के अलावा महाराष्ट्र, तमिलनाडु और केरल में एक-एक मरीज की कोरोना से मौत हुई है। दिल्ली में जहां कोरोना के 47 नए मामले सामने आए। वहीं, केरल में रविवार से 35 नए मामले सामने आने के साथ कोविड-19 के एक्टिव मामले बढ़कर 1,435 हो गए। महाराष्ट्र में कोविड-19 के 21 नए मामले सामने आए, जिससे एक्टिव मामलों की संख्या 506 हो गई। पश्चिम बंगाल में कोविड-19 के 44 नए मामले सामने आए, जिससे राज्य में एक्टिव मामलों की संख्या बढ़कर 331 हो गई। केंद्रीय स्वास्थ्य और आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) प्रतापराव जाधव ने शुक्रवार को आश्वासन दिया था कि केंद्र किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। जाधव ने कहा, ÷केंद्रीय स्वास्थ्य विभाग और आयुष मंत्रालय पूरी तरह अलर्ट हैं और सभी राज्यों में स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहे हैं। हमने संबंधित स्वास्थ्य और आयुष सचिवों के साथ-साथ अन्य संबंधित मंत्रियों से भी बात की है।÷ उन्होंने बताया कि कोविड-19 की पिछली लहरों के दौरान विकसित किए गए बुनियादी ढांचे की समीक्षा की गई है और किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयारियां चल रही हैं।

## तमिलनाडु सरकार ने दिल्ली के मद्रासी कैंप के लोगों की तरफ बढ़ाया मदद का हाथ, घर वापसी में करेगी हेल्प

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
राजधानी दिल्ली के जंगपुरा मद्रासी कैंप में रविवार को अवैध निर्माण और अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई में 300 से अधिक झुग्गियों को ध्वस्त कर दिया गया। इसके चलते सैकड़ों लोग बेघर हो गए। अब तमिलनाडु सरकार ने मद्रासी कैंप के उन निवासियों की मदद करने का ऐलान किया है जो तमिलनाडु में अपने मूल जिलों में वापस जाना चाहते हैं। तमिलनाडु सरकार ने कहा है कि आजीविका और अन्य आवश्यक आवश्यकताओं के लिए उन्हें सहायता प्रदान की जाएगी।

दिल्ली में मद्रासी कैंप में हुई तोड़फोड़ में अपने घर गंवाने वाले एक तमिल व्यक्ति मणि ने तमिलनाडु सरकार द्वारा सहायता की पेशकश पर कहा, ÷... उन्हें पहले मद्रास में मौजूद वाले लोगों को नौकरी देनी चाहिए, और फिर उन्हें हमें बुलाना चाहिए। लोग वहां क्यों खाली घूम रहे हैं? पहले उन्हें तमिलनाडु को संभालना चाहिए, फिर उन्हें दिल्ली को देखना चाहिए। दिल्ली में तो हम कहीं भी रहकर



कमा लेंगे। अगर उन्होंने हमें नौकरी दी होती, तो हम तमिलनाडु से दिल्ली क्यों आते?...÷

बता दें कि, निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन के पास बारापुला नाले के किनारे करीब 60 साल से मौजूद मद्रासी कैंप की झुग्गियों में करीब 370 परिवार रहते थे। मद्रासी कैंप को ध्वस्त करने के दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश के बाद पिछले महीने यहां रहने वाले लोगों को घर छोड़ने के नोटिस दिए गए थे। अधिकारियों ने नरेला में सरकारी फ्लैटों में पुनर्वास के लिए केवल 189 परिवारों की पहचान की थी।

30 मई को जारी एक सरकारी नोटिस में यहां के निवासियों को सूचित किया गया था कि उनके सामान को शिफ्ट करने में मदद के लिए 31 मई से 1 जून तक बारापुला पुल पर ट्रक उपलब्ध रहेंगे। तमिलनाडु सरकार ने स्थिति पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि अदालत के निर्देश के अनुसार तोड़फोड़ की जा रही है और सभी कानूनी विकल्प समाप्त हो चुके हैं। सरकार ने कहा कि तमिलनाडु के उन निवासियों को सहायता प्रदान की जाएगी जो अपने मूल जिलों में वापस जाना चाहते हैं।

## अब नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर चलेगा बुलडोजर ! कब से टूटेगा एनडीएलएस, कहां से चलेंगी ट्रेनें

**नईदिल्ली, एजेंसी।** नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर जल्द ही आपको बुलडोजर और हथौड़े चलते हुए दिखेंगे। जी हां, राजधानी के इस सबसे बड़े और व्यस्त रेलवे स्टेशन को तोड़ा जाएगा। इस स्टेशन को क्यों तोड़ा जा रहा है, कब से टूटेगा और यहां से चलने वाली रेलगाड़ियों का क्या होगा, इस पूरे प्लान को समझ लीजिए। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास के लिए अगले साल मार्च में इसके एक हिस्से को तोड़ा जाएगा। इस काम का टेंडर लेने वाली कंपनी ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। वर्ष 2023 के बजट में रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास की घोषणा की थी। इस वर्ष पुनर्विकास के लिए टेंडर जारी हो गया है। जल्द ही स्टेशन का एक हिस्सा कंपनी को सौंपा जाएगा और वह मार्च से इस पर पुनर्विकास कार्य शुरू करेगी। पहाड़गंज की तरफ से यह पुनर्विकास कार्य शुरू होगा और इसे कुल 45 महीने में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। कंपनी द्वारा पहले प्लेटफॉर्म संख्या 1 से 5 और फिर 6 से 9 को विकसित किया जाएगा। पुनर्विकास में स्टेशन के दोनों तरफ नई इमारतों के साथ सभी 16 प्लेटफॉर्म एवं ट्रैक को नए सिरे से बनाया जाएगा।

## मशहूर टीवी स्टार की कार एक्सीडेंट में दर्दनाक मौत, फेमस शो में आए थे नज़र

**लास एंजिल्स, एजेंसी।**
टीवी के मशहूर शो रेस अक्रॉस द वर्ल्ड के पूर्व कंटेस्टेंट सैम गार्डिनर ने महज 24 साल की उम्र में दुनिया को अलविदा कह दिया है। उनकी मौत सामान्य नहीं बल्कि एक चौंकाने वाले कार क्रैश के कारण हुई है। सैम की गाड़ी का भयानक एक्सीडेंट हुआ जिसमें उनकी जान चली गई। इतनी कम उम्र में एक्टर के निधन से हॉलीवुड इंडस्ट्री में शोक की लहर दौड़ गई है।

पुलिस ने इस मामले पर अहम जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि यह दर्दनाक हादसा ग्रेटर मैनचेस्टर के चीडल के पास गैटली में,34 पर हुआ है। रिपोर्ट के मुताबिक सैम का एक्सीडेंट एक हफ्ते पहले यानी 26 मई को हुआ था। उस समय सैम गार्डिनर अपनी सफेद वोक्सवैगन गोल्फ कार चला रहे थे जब उनकी गाड़ी अचानक सड़क से फिसल गई और पलटते हुए



एक साइड में जाकर रुक गई। उन्हें आनन-फानन में हॉस्पिटल ले जाया गया जहाँ उनकी मौत हो गई।

रिपोर्ट के अनुसार सैम के परिवार का कहना है कि जिस समय यह एक्सीडेंट हुआ उस समय गाड़ी में सैम के अलावा कोई और नहीं था। सैम के परिवार ने इस दुखद घटना पर बयान जारी करते हुए कहा, एक भयानक हादसे में हमारे प्यारे बेटे को खो देने से हम सदमे में हैं।

परिवार ने आगे कहा, सैम हमें बहुत जल्दी छोड़कर चले गए और हालाँकि शब्द कभी भी उस रोशनी, खुशी और एनर्जी को पूरी तरह से व्यक्त नहीं कर पाएंगे जो वह हमारी जिंदगी में लेकर आए थे। हालाँकि हम उनकी यादों को संजोए हुए हैं जिन्होंने उसे इतना खास बनाया। बता दें साल 2019 में सैम ने ब्रिटिश टीवी शो रेस अक्रॉस द वर्ल्ड में हिस्सा लिया था। इस शो में दो लोगों की टीमें हवाई यात्रा के बिना और एक निश्चित बजट के साथ दुनिया भर के अलग-अलग स्थानों पर यात्रा करती हैं। इस शो से सैम को काफी लोकप्रियता मिली थी। अब उनके अचानक चले जाने से हर कोई हैरान है और उन्हें श्रद्धांजलि दे रहा है। सैम गार्डिनर का असमय निधन निश्चित रूप से उनके प्रशंसकों और हॉलीवुड इंडस्ट्री के लिए एक बड़ी क्षति है।

## दक्षिण कोरिया में तेज हुई चुनावी जंग, राष्ट्रपति पद की रेस में दो नेताओं में टक्कर

**सियोल, एजेंसी।** पूर्व राष्ट्रपति यून सुक योल द्वारा देश में मार्शल लॉ लगाने के फैसले के बाद से दक्षिण कोरिया में बीते कई महीनों से राजनीतिक उठा-पटक का दौर जारी है। अब सभी की निगाहें इस सप्ताह होने वाले राष्ट्रपति चुनाव पर है। इस चुनाव में लिबरल पार्टी के उम्मीदवार ली जे म्युंग और कंजर्वेटिव पार्टी उम्मीदवार किम मून सो के बीच कड़ी टक्कर है। नए राष्ट्रपति के सामने कई चुनौतियां हैं, जिनमें वामपंथी और दक्षिणपंथी राजनीति के गहराते मतभेद, ट्रंप प्रशासन द्वारा टैरिफ लगाने का फैसला और उत्तर कोरिया की बढ़ती सैन्य ताकत से निपटना आदि प्रमुख हैं। तो आइए जानते हैं दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवारों के बारे में- 60 वर्षीय ली डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार हैं और विभिन्न सर्वे में ली को राष्ट्रपति पद का सबसे लोकप्रिय उम्मीदवार बताया जा रहा है। पूर्व राष्ट्रपति यून ने जब बीते साल दिसंबर में देश में मार्शल लॉ लगाया तो उनका विरोध करने वालों में ली जे म्युंग सबसे अहम व्यक्ति थे। ली ने बताया कि जब उनकी पत्नी ने उन्हें मार्शल लॉ लगने की खबरों के बारे में बताया तो पहले उन्हें लगा कि ये डीपफेक वीडियो है, लेकिन जैसे ही उन्हें अहसास हुआ कि सच में देश में मार्शल लॉ लगाया जा रहा है तो उन्होंने तुरंत अपनी पार्टी के नेताओं को संसद भवन पहुंचने का निर्देश दिया ताकि यून को रोका जा सके। यून को महाभियोग के जरिए राष्ट्रपति पद से हटाने में भी ली जे म्युंग की भूमिका रही। ली तीसरी बार राष्ट्रपति पद की रेस में हैं। इससे पहले साल 2022 में भी वे राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार थे।

## बांग्लादेश में नोटो से हटे शेख मुजीबर रहमान, नई करेंसी से हिंदुओं को खुश करने का प्लान

**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश के करेंसी नोटों पर अब बंग बंधु मुजीबुर रहमान की तस्वीरें इतिहास हो गई हैं। रविवार को बांग्लादेश बैंक की ओर से नई नोटें जारी की गई हैं। इन नोटों में मुजीबुर रहमान नहीं हैं, जो 1971 में देश बनने के बाद से करेंसी में छपते चले आ रहे थे। वह पूर्व पीएम शेख हसीना के पिता भी थे। शेख हसीना को बीते साल ही बांग्लादेश में हुए तख्तापलट के बाद सत्ता से हटना पड़ा था और फिर वह देश ही छोड़कर निकल गईं। शेख हसीना के पद से हटने के बाद अंतरिम सरकार के मुखिया के तौर पर मोहम्मद यूनुस नेतृत्व संभाल रहे हैं। उनके नेतृत्व वाली सरकार के दौरान भी बांग्लादेश में जमकर हिंसा हुई है।

धानमंडी स्थित शेख मुजीबर रहमान से जुड़े स्मारक तक को आग के हवाले कर दिया गया था। इसके अलावा शेख हसीना के घर को भी फूंक दिया गया। अब नए करेंसी नोट जो जारी किए गए हैं, उनमें किसी नेता की तस्वीर नहीं होगी। इसकी बजाय राष्ट्रीय शहीद स्मारक को जगह दी जाएगी। यही नहीं बांग्लादेश के कुछ ऐतिहासिक स्थानों को भी इन नोटों में दर्शाया जाएगा।

## जिस एस-400 से भारत ने पाक को रोका, वही रूस में हुआ फेल, पुतिन को पड़ी इंडिया के आश की ताकत की जरूरत

**मास्को एजेंसी।**
रूस-यूक्रेन युद्ध एक बार फिर दुनिया की सुर्खियों में है, लेकिन इस बार वजह यूक्रेन का कोई शांति प्रस्ताव नहीं, बल्कि उसका एक ऐसा जबरदस्त हमला है जिसने पूरी रूसी वायु सुरक्षा को हिलाकर रख दिया। रूस को भनक भी नहीं लगी और यूक्रेन ने मिसाइलों और ड्रोन की झड़ी लगाकर रूस की सीमा में घुसकर 40 से ज्यादा सैन्य विमान तबाह कर दिए।

यूक्रेन के इस हमले को ऑपरेशन स्पाइडर का नाम दिया गया है, जो रूस की वायु रक्षा व्यवस्था के लिए अब तक का सबसे बड़ा झटका साबित हो रहा है। इस हमले में रूस का बहुप्रशंसित स-400 एयर डिफेंस सिस्टम भी बेबस नजर आया।



विशेषज्ञों का मानना है कि रूस को अब उस हथियार की कमी खल रही है, जिसकी ताकत का ट्रेलर पाकिस्तान और चीन पहले ही देख चुके हैं - भारत का स्वदेशी 'आकाशतीर' एयर डिफेंस सिस्टम।

अगर रूस के पास भी स-400 के साथ-साथ आकाशतीर जैसा लो-एल्टीट्यूड टारगेट को इंटरसेप्ट करने वाला सिस्टम होता, तो तस्वीर शायद कुछ और होती। 'आकाशतीर' भारत का पूरी तरह स्वदेशी और एआई-आधारित एयर डिफेंस सिस्टम है। इसे डीआरडीओ, बाअएसआरओ और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड ने मिलकर विकसित किया है। यह सिस्टम रियल-टाइम में ड्रोन, मिसाइल, और अन्य हवाई खतरों को ट्रैक कर तुरंत जवाब देने में सक्षम है। हाल ही में हुए 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान इसने पाकिस्तान की ओर से आए सैकड़ों ड्रोन और मिसाइलों को हवा में ही ध्वस्त कर दिया। बता दें कि मई 2025 में पाकिस्तान ने जब जम्मू, पठानकोट, अमृतसर, लुधियाना और भुज जैसे प्रमुख शहरों को ड्रोन और मिसाइल हमलों से निशाना बनाया, तो भारत ने तुरंत मोर्चा संभालते हुए अपना अत्याधुनिक वायु सुरक्षा तंत्र सक्रिय कर दिया। भारतीय वायुसेना ने बिना वक्त गंवाए स-400 एयर डिफेंस सिस्टम को तैनात किया और जवाबी कार्रवाई में 50 से अधिक पाकिस्तानी ड्रोनों और मिसाइलों को लक्ष्य पर पहुंचने से पहले ही हवा में मार गिराया। इस कार्रवाई की खास बात यह रही कि किसी भी बड़े नागरिक या सैन्य नुकसान की सूचना नहीं मिली, जिससे भारत की रक्षा तैयारियों की मजबूती एक बार फिर साबित हुई। देश की सीमाओं पर पहले से तैनात स-400 सिस्टम को रणनीतिक रूप से संवेदनशील इलाकों में तैनात किया गया

# बीएसएल के एसएमएस-न्यू विभाग ने 252 हीट्स की निर्बाध कास्टिंग कर रचा नया कीर्तिमान





**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बीएसएल के स्टील मेल्टिंग शॉप - न्यू (एसएमएस-न्यू) विभाग ने एक और उल्लेखनीय उपलब्धि दर्ज करते हुए लगातार 252 हीट्स की निर्बाध कास्टिंग सीक्वेंस का सफल संचालन कर नया रिकॉर्ड स्थापित किया है। यह उपलब्धि पूर्व में बनाए गए 211 हीट्स के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ते हुए बीएसएल की तकनीकी दक्षता, परिचालन उत्कृष्टता और टीम वर्क का प्रमाण है। इस सीक्वेंस की शुरूआत 26 मई 2025 को हुई थी और इसका समापन 2 जून 2025 को हुआ। इस दौरान फ्लाइंग टंडिश का नौ बार उपयोग करते हुए लगातार आठ दिनों तक कास्टर का निर्बाध संचालन सुनिश्चित किया गया। कुल 1321 स्लैब्स की कास्टिंग की गई । इस प्रक्रिया में लगभग 30,000 टन स्टील का उत्पादन हुआ। इस उल्लेखनीय उपलब्धि को बीएसएल के निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी एवं अधिशासी निदेशक (संकार्य) सी.आर. महापात्रा के मार्गदर्शन में साकार किया गया। इस निर्बाध कास्टिंग सीक्वेंस का नेतृत्व मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी (स्टील) अरविंद कुमार एवं मुख्य महाप्रबंधक (एसएमएस-न्यू) पी.वी. राव द्वारा किया गया। उल्लेखनीय है कि हाल ही में एसएमएस-न्यू विभाग ने सिंगल टंडिश से रिकॉर्ड 34 हीट्स की कास्टिंग कर एक और कीर्तिमान स्थापित किया था। ऐसी उपलब्धियाँ बीएसएल की निरंतर प्रगति, तकनीकी नवाचार और कर्मठ टीम भावना को प्रतिबिंबित करती हैं।इस अवसर पर बीएसएल प्रबंधन ने एसएमएस-न्यू विभाग की समर्पित टीम एवं सहयोगी विभागों की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी। यह नया कीर्तिमान न केवल बीएसएल की उत्पादन क्षमता को नई ऊंचाइयों तक ले जाने वाला कदम है, बल्कि सेल के 'विकसित भारत' के निर्माण हेतु सतत योगदान का भी सशक्त उदाहरण है।

**विश्व पर्यावरण दिवस सप्ताह के अंतर्गत बीएसएल द्वारा ड्राइंग एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन**

बीएसएल के पर्यावरण संरक्षण एवं सस्टेनेबिलिटी विभाग द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस-2025 की थीम ह्लप्लास्टिक प्रदूषण को हराएं के अंतर्गत बोकारो क्लब परिसर में स्कूली बच्चों के लिए 'सिट एंड ड्रॉ' और पर्यावरण क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री डी.के. सक्सेना, मुख्य महाप्रबंधक (पर्यावरण) ने उपस्थित बच्चों को वर्षा ऋतु में अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने तथा प्लास्टिक के विकल्प के रूप में जूट जैसे पर्यावरण-अनुकूल उत्पादों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने प्रतिभागियों की रचनात्मकता की सराहना करते हुए विजेताओं को प्रमाण-पत्र और उपहार प्रदान कर सम्मानित किया। श्री सक्सेना ने सभी प्रतिभागियों को 'लाइफ' मंत्र 'लाइफस्टाइल फोर इनभारमेंट' को अपनी जीवनशैली में आत्मसात करने और प्रकृति के साथ संतुलन बनाए रखते हुए सतत एवं समावेशी विकास की दिशा में योगदान देने की अपील की। गौरतलब है कि बोकारो एवं इसके आसपास के विद्यालयों से 150 से अधिक विद्यार्थियों ने इन प्रतियोगिताओं में भाग लिया। बच्चों ने अपनी कल्पनाशीलता एवं रंगों की अभिव्यक्ति के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का सशक्त संदेश कागज पर उकेरा। वहीं, पर्यावरण क्विज में भी बच्चों एवं उनके अभिभावकों की सक्रिय सहभागिता देखने को मिली। कार्यक्रम में निर्णायक की भूमिका श्री मोहन आजाद, श्रीमती विद्यांति कुमारी एवं श्रीमती अंजू अग्रवाल ने निभाई। क्विज का संचालन नितेश रंजन, सहायक महाप्रबंधक (पर्यावरण) तथा समन्वय मनीष कुमार, कनीय प्रबंधक (पर्यावरण) के द्वारा किया गया। इस अवसर पर पर्यावरण विभाग के उप महाप्रबंधक उमेश सिंह सहित विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित थे। कार्यक्रम की सफलता में उपेंद्र, मुनिश, नरेन्द्र, मनोज, रूपेश, अनीता सहित कई स्वयंसेवकों का विशेष योगदान रहा। धन्यवाद ज्ञापन मोहन आजाद द्वारा किया गया।

# बोकारो एयरपोर्ट के परिचालन को लेकर राज्यपाल से मिले कुमार अमित

**नल जल, सिंचाई, कब्रिस्तानों की घेराबंदी, नगर निकाय चुनाव, नए प्रखंड की भी पहल की माँग**



**रांची/बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो में नव निर्मित एयरपोर्ट का परिचालन प्रारम्भ करने सहित जनहित के अन्य माँग को लेकर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कुमार अमित राज्यपाल संतोष गंगवार से राँची राजभवन में मुलाकात की। इसे कुमार अमित ने राज्यपाल को ग्यारह सूत्री एक ज्ञापन भी दिया। एयरपोर्ट परिचालन प्रारम्भ करने को लेकर अमित ने राज्यपाल को राज्य सरकार की उदासीनता के कारण उत्पन्न हो रही कठिनाइयों से विस्तार पूर्वक अवगत कराया। इसके अलावे वित्तीय अभाव में बोकारो सहित राज्य के ज़िलों के ग्रामीण क्षेत्रों में ठप पड़े नल जल योजना को समय से पुरा करने, कब्रिस्तानों की समुचित घेराबंदी कर इसके आड़ में हो रहे भूमि अतिक्रमण के कारण सम्प्रदायिक हिंसा और तनाव से बचने, होमगार्ड में महिला जवानों को बहाली के अनुरूप ड्यूटी में भी पच्चास प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान करते हुए होमगार्ड जवानों को ट्रैफि क ड्यूटी में भी लगाने और सरकारी, अर्ध सरकारी एवं निजी संस्थानों में भी सुरक्षा हेतु होमगार्ड को तैनात करने का सरकार स्तर पर प्रावधान करने, अंतरधार्मिक विवाहों में ज़िलाधिकारी की अनुमति का प्रावधान करने, नगर निकाय चुनाव शीघ्र कराने, बोकारो में सेल से विस्थापित हुए बीस गाँवों को पंचायत का दर्जा देने, राज्य में पिण्ड्रजोड़ा सहित अन्य नए प्रखंड बनाने, चास प्रखंड के पंचायतों में इजरी नदी से नहर निकाल कर घटियाली, सोनाबाद, चाकुलिया, सुनता आदि पंचायतों मे कृषि हेतु सिंचाई की समुचित व्यवस्था करने, बोकारो में ठेका मजदूरों के लिए इएसआई हॉस्पिटल बनवाने आदि के लिए भी कुमार अमित ने राज्यपाल से विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए सरकार स्तर पर पहल करने की भी माँग की। राज्यपाल ने इन विषयों पर रूची लेते हुए सकारात्मक कदम उठाने का आश्वासन भाजपा नेता को दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### भारतीय रेड क्रास द्वारा रक्तदान शिविर का किया जा रहा आयोजन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपायुक्त अजय नाथ झा के निर्देशानुसार आगामी 06 जून को तेनुघाट (बेरमो) के सिंचाई विभाग के अतिथि भवन में भारतीय रेड क्रास बोकारो इकाई द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। उपायुक्त ने आमजनों से आगे बढ़ कर रक्त दान करने का अपील किया है। उन्होंने कहा कि रक्तदान को लेकर आज भी लोगों के मन में कई सारी गलत धारणाएं मौजूद हैं। ज्यादातर लोग ऐसा सोचते हैं कि रक्तदान करने से कमजोरी आ जाती है, जों कि पूरी तरह से गलत धारणा है। उन्होंने कहा कि विज्ञान यह प्रमाणित कर चुका है कि रक्त दान करने से शरीर और भी ऊजार्वान होता है। रक्तदान कई मायने में शरीर को स्वस्थ बनाएं रखने का बेहतर उपाय है। रक्तदान हम सभी की सामुदायिक जिम्मेदारी है। रक्तदान सही मायने में जीवनदान देने जैसा है। जिंदगी में हम कई बार समय पर खून नहीं मिलने की समस्या से प्रभावित होते हैं, ऐसे में हम सभी स्वस्थ लोगों का दायित्व बनता है कि समय-समय पर रक्तदान करते रहें ताकि जरूरतमंदों की मदद हो सके। जानकारी हो कि, रेडक्रास द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर आगामी 21 जुलाई तक जारी रहेगा। कैलेंडर के अनुरूप जिले के सभी प्रखंडों में शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

### वृद्ध को प्रशासन ने कराया सदर अस्पताल में भर्ती

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सोमवार को चास प्रखंड के पचौरा पथ पर वृद्ध को स्थानीय प्रशासन द्वार रेस्क्यू कर सदर अस्पताल बोकारो में भर्ती करवाया गया। बताया जाता है कि उपायुक्त श्री अजय नाथ झा को मामले की सूचना किसी मीडिया प्रतिनिधि द्वारा दी गई। जिस पर संज्ञान लेते हुए उपायुक्त ने मामले में त्वरित कार्रवाई के लिए डीसीएलआर चास श्री प्रभाष दत्ता को निर्देशित किया।



डीसीएलआर चास ने चास अंचलाधिकारी दीवाकर दूबे एवं हरला थाना प्रभारी को जरूरी दिशा झ्र निर्देश देते हुए उचित कार्रवाई का निर्देश दिया। जिसके बाद सीओ चास एवं थाना प्रभारी ने मौके पर पहुंच वृद्ध को रेस्क्यू किया। उन्हें उपचार के लिए एंबुलेंस बुलाकर सदर अस्पताल बोकारो में भर्ती करवाया गया। जहां मेडिकल टीम द्वारा उनका उचपार किया जा रहा है। चास अंचलाधिकारी ने बताया कि वृद्ध अपना नाम झ्र पता बताने में असमर्थ हैं। पुलिस - प्रशासन ग्रामीणों से जानकारी एकत्र कर रही है। वहीं, उपायुक्त के निर्देशानुसार डीसीएलआर चास ने सदर अस्पताल में वृद्ध से मुलाकात की, उनका कुशल क्षेम जाना। उपचार कर रहे मेडिकल टीम से वृद्ध के स्वास्थ्य की जानकारी ली।

### बंद घर को चोरों ने बनाया निशाना, जेवरात ले उड़े

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बंद घर को चोरों ने निशाना बनाया। घर में रखे जेवरात सहित अन्य सामानों पर चोरों ने हाथ फेरा। घटना चास थाना क्षेत्र के कैलाश नगर वार्ड नंबर 11 के सुभाष कोऑपरेटिव की है। जानकारी के मुताबिक घर के मालिक उमेश नारायण सिंह अपनी पत्नी के साथ दिल्ली इलाज करने के लिए गए हुए थे। बीती रात चोरों ने घर का ताला तोड़कर घर में चोरी की घटना को अंजाम दिया ।घर में लगे सीसीटीवी में चोरों की हरकत जब कैद हो गई ,तो चोरों ने अपनी पहचान छुपाने के लिए घर में रखे द्वार को भी उठकर साथ ले गए। जानकारी के मुताबिक घर पिछले एक हफ्ते से बंद था। घर मालिक के रिश्तेदार भगवान सिंह ने बताया कि उमेश नारायण सिंह और उनकी पत्नी दिल्ली इलाज करने गए हैं ।जबकि बेटा और बहू अपने बेटे के पास बेंगलुरु गए हुए है।बंद घर को चोरों ने निशाना बनाया है। घर के सभी अलमीरा सहित जगह में रखे सामानों की चोरी कर ली। उन्होंने बताया कि घर वालों के आने के बाद ही चोरी का आकलन किया जा सकता है।

## ग्रीष्मकालीन हॉकी कोचिंग कैंप का समापन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** चास स्थित रामरुद्र सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस के परिसर में हॉकी बोकारो और रामरुद्र मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय, के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित ग्रीष्मकालीन हॉकी कोचिंग कैंप का आज समापन हो गया। यह कैंप 23 मई से प्रारंभ होकर 2 जून 2 तक चला, जिसमें 50 से अधिक छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कैंप समापन समारोह से पूर्व, भारत पूर्व अंतरराष्ट्रीय हॉकी प्रशिक्षक प्रतिमा बारवा के हाल ही में हुए निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया गया। उनकी स्मृति में 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर सभी उपस्थित अतिथि, शिक्षक, खिलाड़ी ने भावभीनी श्रद्धांजलि में सहभागी बने। समापन समारोह में प्रतिभागी छात्रों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ. हरे कृष्ण ने, हॉकी बोकारो के सचिव श्री संतोष कुमार, कैंप समन्वयक डॉ. रवि भूषण, और कैंप कोच श्री मनोज कुमार महतो, सहित कई गणमान्य अतिथि, शिक्षक एवं अभिभावक उपस्थित रहे। प्राचार्य डॉ. हरे कृष्ण ने अपने संबोधन में कहा, ऐसे कैंप छात्रों को न केवल खेल में दक्षता प्रदान करते हैं, बल्कि उनमें अनुशासन, समर्पण और टीम भावना भी विकसित करते हैं। हॉकी बोकारो के सचिव संतोष कुमार ने कहा, हमारा उद्देश्य है कि जिला स्तर पर अधिक से अधिक बच्चों को हॉकी जैसे राष्ट्रीय खेल से जोड़ें और उनमें छिपी प्रतिभा को तराशें। बोकारो में हॉकी की समृद्ध परंपरा रही है और इस तरह के शिविर उस परंपरा को और मजबूत करते हैं। कैंप समन्वयक डॉ. रवि भूषण ने बताया कि, कैंप के दौरान बच्चों को हॉकी की बुनियादी तकनीकों, फिटनेस, टीम वर्क और खेल भावना पर विशेष प्रशिक्षण दिया गया। बच्चों में




गजब का उत्साह देखने को मिला, जो भविष्य के लिए आशाजनक है। मुख्य कोच मनोज कुमार महतो, जो स्वयं झारखंड के एक अनुभवी राष्ट्रीय स्तर के हॉकी खिलाड़ी रहे हैं, ने बच्चों को प्रशिक्षण प्रदान किया। उन्होंने कहा, बच्चों में सीखने की ललक देखकर बहुत खुशी हुई। यदि इसी तरह उनका मार्गदर्शन होता रहा, तो आने वाले वर्षों में बोकारो से राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी निकलेंगे। कक्षा 8 के छात्र आदित्य राज ने कहा, कोच सर ने हमें बहुत अच्छे से सिखाया। अब मुझे हॉकी और भी पसंद आने लगी है। मैं आगे भी इस खेल को जारी रखूँगा। कक्षा 10 वीं छात्रा ने कहा, यह कैंप हमारे लिए बहुत उपयोगी रहा। फिटनेस, अनुशासन और टीम वर्क झ्र सब कुछ हमने सीखा। हम चाहेंगे कि ऐसे कैंप हर साल हों। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए और उन्हें आगे भी खेल गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

# बंजर जमीन पर फूटे बदलाव के अंकुर, महिला समूह ने बदली गांव की तस्वीर



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** क्या बंजर जमीन पर हरियाली लहलहा सकती है ? जिले के कसमार प्रखंड के एक सुदूर आदिवासी बहुल गांव हीसिम अंतर्गत कटहल टोला की महिलाओं ने यह असंभव सा सपना सच कर दिखाया है। अपनी मेहनत, हिम्मत, और लगन से उन्होंने न सिर्फ बंजर जमीन को उपजाऊ बनाया, बल्कि अन्य महिलाओं के लिए भी किसानी का नया रास्ता दिखाया। जिससे इलाके की तस्वीर बदल गई है। यह कहानी है नारी शक्ति की, जिसने निराशा को उम्मीद में बदला और आर्थिक समृद्धि के सफर को तय किया। कसमार प्रखंड के सुदूर आदिवासी बहुल गांव हीसिम के कटहल टोला की महिलाएं आज आम बागवानी के माध्यम से आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढ़ा चुकी हैं। यह संभव हुआ है सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गरांटी योजना (मनरेगा), झारखंड राज्य आजीविका प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस), प्रदान संस्था एवं सागेन बिरसा हरित ग्राम आम बागवानी लाभुक समिति के सामूहिक प्रयासों के तहत मिली बागवानी सहायता से। इस समिति में कुल 15 महिला किसान दीदियां प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से जुड़ी हैं, जिन्होंने पांच एकड़ भूमि पर आम का बागवानी किया है।

**शुरूआत की चुनौतियां**

हिसिम वैसे पहाड़ी क्षेत्र में बसा हुआ है, जहां पर टांड जमीन (बंजर) क्षेत्र अधिक होने एवं सिंचाई की सुविधा नहीं होने के कारण खेती - किसानी लगभग नहीं के बराबर होता है। कटहल टोला की भी भूमि बंजर है, जिससे यहां किसी तरह की फसल उपज नहीं होती थी। इसी क्रम में पंचायत स्तर पर मनरेगा के माध्यम से बिरसा हरित ग्राम योजना के बारे में जानकारी मिली। जिसमें महिलाओं के फसल उत्पादन का सरल तरीके से बाजार तक पहुँच और उचित मूल्य का भरोसा मिला। इससे पूर्व, सही बाजार नहीं मिलने के कारण किसानों को उनके मेहनत का लाभ नहीं मिल पा रहा था।

**बदलाव की हुई शुरूआत**

इस स्थिति को बदलने झ्र महिलाओं के उम्मीद को पंख लगाने के लिए प्रदान संस्था, जेएसएलपीएस, नाबार्ड एवं संस्थानों द्वारा प्रशिक्षण, तकनीकी सहयोग और बाजार से जोड़ने की पहल की। महिला किसानों द्वारा निर्मित ग्रामीण हरित क्रांति महिला फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड, (नाबार्ड, भारत सरकार के सीएसएस स्कीम 10के एफपीओ के अंतर्गत निर्मित) ने इस दिशा में एक नई राह दिखाई। वर्ष 2025 में, पहली बार इस समिति की महिलाओं ने 15 क्विंटल से अधिक आम को उचित मूल्य पर कंपनी के माध्यम से सीधे बाजार में बेचा। यह उनके लिए सिर्फ आर्थिक नहीं, बल्कि सामाजिक रूप से भी एक बड़ी उपलब्धि रही।

**बागवानी में महिलाओं ने की मिश्रित खेती**

महिलाओं ने आम बागवानी में बड़े क्षेत्रो में सलाना फसल प्लानिंग के अनुसार अच्छे बड़े एवं मिश्रित फसल (शकरकंद, सब्जी,कुरथी) उत्पादन का चुनाव किया। जिससे महिलाओं के जीवन में आर्थिक बदलाव आया है, आज वह अपने घर - गृहस्थी में पुरूषों के साथ कदम ताल कर रही है, परिवार के सभी निर्णयों में अपनी भूमिका अदा कर रही है। नई तकनीक का इस्तेमाल कर संतोषी महिला मंडल से जुड़ी महिलाएं सलाना 45 से 55 हजार रुपए तक कमा रही है।

**हमारा आम अब आम नहीं, खास बन गया है**

समिति की सदस्य श्रावणी देवी, सुनिया देवी, फूलमणि देवी, सूरजमणि देवी, रजनी देवी, दुखनी देवी, बसंती देवी, पियो देवी एवं अन्य महिलाओं ने कहा कि पहले हमारे आमों को बाजार में सही दाम नहीं मिलते थे, लेकिन इस बार हमारे अपने ही एफपीसी के माध्यम से जो बिक्री हुई, वह किसी सपने के साकार होने जैसा लगा। हमारा आम अब आम नहीं, खास बन गया है। उपायुक्त अजय नाथ झा ने कहा, हमारे गांव की महिलाएं जिस प्रकार आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रही हैं, वह अत्यंत प्रेरणा दायक है। यह बदलाव सरकार, निजी संस्थाओं और ग्रामीण हरित क्रांति महिला एफपीसी के सहयोग से ही संभव हो सका है। दूसरी महिला समूह को भी इनसे प्रेरणा लेनी चाहिए।

## जमीन विवाद में भाजपा नेता के साथ धक्का मुक्की

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** चास मुफस्सिल थाना क्षेत्र के कालापत्थर में भाजपा नेता लक्ष्मण नायक के साथ धक्का मुक्की और मारपीट की घटना सामने आई है। दोनों पक्ष की तरफ से थाने में आवेदन दिया गया है। पुलिस मामले की जांच करने की बात कह रही है। जिस जगह पर विवाद हुआ वह जमीन थाने के बगल में ही स्थित है। जानकारी के मुताबिक विवादित जमीन में भाजपा नेता लक्ष्मण नायक के मामा और हीरालाल के परिवार के बीच विवाद चल रहा है।

मामला एसडीएम कोर्ट से लेकर न्यायालय में भी चल रहा है भाजपा नेता लक्ष्मण नायक अपने मामा के घर पहुंचे थे जब वह वहां से निकल रहे थे इसी दौरान दूसरे पक्ष के द्वारा इसका विरोध किया गया और भाजपा नेता लक्षण नायक के साथ धक्का मुक्की की गई ।लक्ष्मण नायक को घेर लिया गया और धक्का मुक्की की गई साथ ही गाड़ी में बैठने से भी रोका गया । जिसमें दोनों के बीच बहस भी हुई, जिसका वीडियो सोशल मीडिया में भी वायरल हो रहा है। इस मामले को लेकर भाजपा नेता लक्ष्मण नायक ने कहा कि वह मां के घर गए थे इसी दौरान उनके साथ कुछ लोगों ने आकर मारपीट धक्का मुक्की की है। इसकी लिखित शिकायत थाने में दी गई है। उन्होंने आरोपियों का कांग्रेस पार्टी से संबंध होने का आरोप लगाया। सरकार के कानून व्यवस्था पर सवाल उठाया। साथ ही कहा कि जमीन विवाद का मामला एस डी एम कोर्ट मेरे मामा के साथ चल रहा है और मेरे साथ इस तरह से करना कहीं से उचित नहीं है । वहीं थाना प्रभारी प्रकाश मंडल ने बताया कि जमीन विवाद को लेकर घटना का आवेदन दोनों पक्ष की तरफ से आया है। मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।



# मोथा घास से अगर किसान हों परेशान तो हेलोसयूज नामक दवा करेगी स्थाई निदान : वेद प्रकाश

**मैनकाइंड कंपनी ने होटल शिवाय ब्लू होटल में किया सेमिनार ●पलामू -गढ़वा जिले के खाद, बीज- दवा विक्रेता हुए सेमिनार में शामिल**



**मेदिनीनगर (पलामू)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पलामू गढ़वा के किसान मोथा घास से परेशान हो गए हों। कितने प्रयास के बाद भी अगर नष्ट नहीं हो रहा हो तो मैनकाइंड कंपनी का हेलोसयूज नामक दवा का छिड़काव करें। हेलोसयूज नामक दवा मोथा घास को जड़ से सदा के लिए खत्म कर देगा। उक्त बातें मैनकाइंड कंपनी के सीनियर जीएम वेद प्रकाश ने कही। वे स्थानीय होटल शिवाय ब्लू में डिस्ट्रीब्यूटर पुरुषोत्तम अग्रवाल के नेतृत्व में गढ़वा व पलामू के खाद- बीज व दवा विक्रेताओं को संबोधित कर रहे थे। आयोजित सेमिनार में उन्होंने कहा कि मैनकाइंड किसानों के हित में एक से बढ़कर एक दवा लेकर बाजार में उतरी है। कहा कि मोथा घास मक्के व गन्ने सहित टमाटर, मिर्च व अन्य लत्तेदार फसलों को आगे बढ़ने नहीं देती। फलत: किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ता है। मोथा घास के निवारण के लिए कोई भी फसल लगाने के बाद तीन चार पत्ती का मोथा घास दिखने लगे तो हेलोसयूज दवा को 3.6 ग्राम 15 लीटर पानी के साथ मिलाकर छिड़काव करेंगे तो सदा के लिए निजात मिलेगी। मौके पर रीजनल मैनेजर मोहित राज ने कहा कि नेचर काइंड केयर नामक भूमि सुधारक दवा 5 किलोग्राम प्रति एकड़ की दर से छिड़काव करने पर फसल के उत्पादन में अप्रत्याशित वृद्धि होगी। नेचर काईड केयर दवा मिट्टी में लाभदायक जीवाणुओं को बढ़ाता है। इससे मिट्टी नरम हो जाती है। साथ ही मिट्टी की पीएच में अप्रत्याशित सुधार होता है। नेचर काईड केयर के उपयोग से मिट्टी का पीएच 6.5 से 7.5 के बीच हो जाएगा। इससे बेहतर फसल का उत्पादन होगा। मौके पर कंपनी के मार्केटिंग मैनेजर प्रदीप कुमार राम ने कहा कि मैनकाइंड के ब्लू क्योर नामक दवा 500 ग्राम प्रति एकड़ की दर से प्रयोग करने पर उकठा नामक रोग से निजात मिलती है। उकठा रोग में पौधे जड़ से सूख जाते हैं। मिट्टी के नीचे पौधे गल जाते हैं। इसका अब तक कोई निदान नहीं था। लेकिन मैनकाइंड कंपनी ने ब्लू क्योर नामक दवा बनाकर किसानों को बहुत बड़ा आधार स्तंभ दे दिया है। धान, अरहर, गन्ने सहित सब्जी की फसल में ब्लू क्योर अत्यंत लाभदायक है। मौके पर पीके राय ने कहा कि नेचर काइंड का माइको नामक दवा 100 ग्राम प्रति एकड़ प्रयोग करने से पौधे के जड़ क्षेत्र का अत्यधिक विस्तार होता है। जड़ पौधे को खुराक पहुंचाता है। इससे पौधा में गुणात्मक विकास देखने को मिलता है। मौके पर कंपनी के प्रतिनिधि ऋषिकेश ओझा ने कहा कि एट्राह्यूज नामक दवा को एक एकड़ खेत के लिए 1400 मिली लीटर प्रयोग किया जाए तो मक्के के फसल में उगने वाले खरपतवार का नाश हो जाता है। बीज बुवाई के 20 दिन बाद छिड़काव किया जाएगा तो हरेक फसल के लिए लाभदायक होता है। इसके पूर्व कंपनी के पलामू व गढ़वा जिले के डिस्ट्रीब्यूटर सह खाद बीज व दवा क्षेत्र के प्रतिष्ठित व्यवसायी पुरुषोत्तम अग्रवाल ने कहा कि किसानों का हित सर्वोपरि है। कहा कि किसानों के खेत में डेमोंसट्रेशन में बेहतर रिजल्ट आने पर ही वे किसानों को दवा खाद व बीज दुकानदारों को उपलब्ध कराते हैं। कहा कि मैनकाइंड की दवा किसानों के खेतों में बेहतर रिजल्ट दिया है। यही कारण है कि पलामू व गढ़वा जिले के किसान मैनकाइंड कंपनी के दवा का प्रयोग कर बेहतर फसल प्राप्त कर रहे हैं।उन्होंने कहा कि उन्होंने मैनकाइंड कंपनी के हर एक दवा के उत्पाद को पलामू- गढ़वा जिले के खाद, बीज व दवा के व्यवसायियों के बीच उपलब्ध करा दिया है। मौके पर बड़ी संख्या में पलामू व गढ़वा जिले के खाद, बीज व दवा दुकानदार मौजूद थे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर- 31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145665 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com